रांची एक्सप्रेस
62
साल से लगातार...
। जनपथ पत्रकारिता।
देसी अंदाज
नया मिजाज

1963 से लगातार आपकी सेवा में

# रांची एक्सप्रेस

epaper.ranchiexpress.com | वर्ष-62 | अंक-57 रांची | सोमवार 14 अक्टूबर 2024, संवत् 2081 | पृष्ठ -12 | मूल्य 4 रु.



श्री दुर्गा पूजा एवं रावण दहन समिति की ओर से अरगोड़ा मैदान, रांची में विजयदशमी पर आयोजित रावण दहन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन

## झारखंड कैबिनेट की बैठक 14 अक्टूबर को

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव की घोषणा से पहले हेमंत सरकार ने 14 अक्टूबर को कैबिनेट की बैठक बुलायी है। यह बैठक दिन के 12 बजे से शुरू होगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इसकी अध्यक्षता करेंगे। ऐसा माना जा रहा है कि यह मौजूदा सरकार के कार्यकाल का अंतिम बैठक होने वाला है। बैठक में कई अहम प्रस्तावों पर मुहर लग सकती है।

झारखंड विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान चुनाव आयोग जल्द कर सकता है। इसलिए ऐसी संभावना जतायी जा रही है कि सोमवार को हेमंत सोरेन सरकार की इस कैबिनेट में कई लोकलुभावन फैसले लिये जा सकते हैं। यह छह दिनों के अंदर में सरकार की दूसरी कैबिनेट बैठक है। इससे पहले 8 अक्टूबर को भी कैबिनेट की बैठक बुलायी गयी थी, जिसमें 81 प्रस्तावों पर मुहर लगी थी।

### मुख्यमंत्री 14 अक्टूबर को सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों को देंगे नियुक्ति पत्र

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोमवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड अनुबंध आधारित 498 सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र देंगे। यह कार्यक्रम धुर्वा स्थित प्रोजेक्ट भवन में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम प्रोजेक्ट भवन के सभागार में सुबह 11-30 बजे से शुरू किया जाएगा।

## लॉरेंस गैंग ने ली बाबा सिद्दीकी की हत्या की जिम्मेदारी

*सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा-जो सलमान खान की मदद करेगा वो मरेगा*







मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या की जिम्मेदारी लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने ली है। हत्याकांड के कुछ घंटे बाद कुख्यात बिश्नोई गिरोह की ओर से सोशल मीडिया एक पोस्ट किया गया। फिलहाल, केंद्रीय एजेंसियां इसकी सत्यता को लेकर जांच कर रही हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, यह पोस्ट शुबू लोंकर के फेसबुक अकाउंट से किया गया, जो बिश्नोई गिरोह का सहयोगी शुभम रामेश्वर लोंकर हो सकता है। शुभम लोंकर को इसी साल अवैध हथियार रखने के आरोप में महाराष्ट्र के अकोला से गिरफ्तार किया गया था। माना जाता है कि बिश्नोई गैंग से उसके मजबूत संबंध हैं। पुलिस ने जब शुभम से पूछताछ की तो उसने वीडियो कॉल पर लॉरेंस के भाई अनमोल बिश्नोई से बातचीत और उस कुख्यात गिरोह से जुड़ने की बात कबूल की थी। शुबू लोंकर के पोस्ट में लिखा गया,सलमान खान हम ये जंग चाहते नहीं थे पर तुमने हमारे भाई का नुकसान करवाया।

## इंटरनेशनल होगी मोदी सरकार की पीएम गति शक्ति योजना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अपनी परियोजनाओं की लागत और समय की बचत के लिए नेपाल और श्रीलंका भारत से पीएम गति शक्ति योजना को अपनाने पर चर्चा कर रहे हैं। भारत के उद्योग सचिव अमरदीप सिंह भाटिया ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन देशों के प्रस्तावों पर विचार किया जा रहा है। जहां नेपाल की जरूरतें खास परियोजनाओं को लेकर हैं, तो वहीं श्रीलंका अपने पूरे सिस्टम में पीएम गति शक्ति योजना को लागू करने का इच्छुक है। उन्होंने कहा कि इस प्रणाली ने तीन साल पहले इसके शुभारंभ के बाद से अब तक 15 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को मंजूरी दी है। प्रधानमंत्री गति शक्ति भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसका उद्देश्य देश में बुनियादी ढांचे के विकास को तेज गति देना है। इसे 13 अक्टूबर 2021 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गया था। इस योजना का



मुख्य उद्देश्य विभिन्न मंत्रालयों और सरकारी एजेंसियों के बीच समन्वय को बेहतर बनाना और परियोजनाओं के समयबद्ध तरीके से क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना है। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग के सचिव अमरदीप भाटिया के अनुसार, भारत अपने पड़ोसी देशों को उनकी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की बेहतर योजना बनाने में मदद करने के लिए तैयार है। पीएम गति शक्ति योजना का उद्देश्य देश में बेहतर सड़क, रेल, बंदरगाह, हवाई अड्डों और अन्य बुनियादी ढांचों का विकास कर आर्थिक सुधार को प्रोत्साहित करना है। इससे भारत को वैश्विक स्तर पर एक मजबूत लॉजिस्टिक्स हब के रूप में स्थापित करने की उम्मीद की जा रही है। केंद्र और राज्यों की बड़ी परियोजनाओं के बाद, भारत सरकार अब इस टूल का इस्तेमाल जिलास्तर पर भी परियोजनाओं की योजना बनाने के लिए कर रही है। भाटिया ने कहा,पिछले तीन वर्षों में हमने 15.39 लाख करोड़ रुपये की 208 परियोजनाओं की योजना बनाने के लिए पीएम गतिशक्ति का इस्तेमाल किया है। अब 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने इस सिस्टम का इस्तेमाल शुरू कर दिया है।

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

नियुक्ति के प्रति हम हैं संकल्पित
498 सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी (CHO) का
नियुक्ति पत्र वितरण समारोह



आवश्यक सूचना

एंबुलेंस द्वारा स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाने हेतु राज्य हेल्पलाईन नंबर 108 (टॉल फ्री) पर कॉल करें

स्वास्थ्य संबंधी किसी भी जानकारी हेतु 24x7 निःशुल्क राज्य हेल्पलाइन नंबर 104 (टॉल फ्री) पर कॉल करें


मुख्य अतिथि
श्री हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

गरिमामयी उपस्थिति
डॉ. रामेश्वर उरांव
माननीय मंत्री, वित्त विभाग, योजना एवं विकास विभाग, वाणिज्य कर विभाग, संसदीय कार्य विभाग, झारखण्ड सरकार

श्री सत्यानंद भोक्ता
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, उद्योग विभाग, झारखण्ड सरकार

श्री बन्ना गुप्ता
माननीय मंत्री, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखण्ड सरकार





दिनांक: 14 अक्टूबर 2024
समय : पूर्वाह्न 11:30 बजे
स्थान : प्रोजेक्ट भवन सभागार, रांची

PR-338752(Health Med Edu and Family Welfare)2024-25
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार

## जर्मनी में सेकंड वर्ल्ड वॉर का बम मिला, 5 हजार लोगों को सुरक्षित निकाला गया, डिफ्यूज करने में आधा घंटा लगा

हैम्बर्ग । जर्मनी के हैम्बर्ग प्रांत में सेकंड वर्ल्ड वॉर के टाइम का बम मिला है। शनिवार को स्टर्नशांजे जिले में बम की सूचना मिलने के बाद 300 मीटर के दायरे में रहने वाले करीब 5 हजार लोगों को सुरक्षित निकाला गया। इसके अलावा पुलिस ने इलाके के रेस्तरां और बार भी बंद करा दिए थे। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक एक प्राइमरी स्कूल के कंस्ट्रक्शन के दौरान ये मिला था। अधिकारियों ने बताया कि बम को सुरक्षित तरीके से डिफ्यूज कर दिया गया है। इसे डिफ्यूज करने में करीब आधे घंटे का वक्त लगा था। बम मिलने की वजह से जिले में रेल सर्विस को भी रोकना पड़ा। जर्मनी में सेकेंड वर्ल्ड वॉर के बमों का मिलना आम बात है, जिन्हें बाद में डिफ्यूज कर दिया जाता है।

**पिछले हफ्ते जापान में फटा था बम-**

जापान के दक्षिणी हिस्से में मियाजाकी एयरपोर्ट पर 3 अक्टूबर को एक बम विस्फोट हुआ था। इस बम को अमेरिका ने सेकंड वर्ल्ड वॉर के दौरान जापान पर गिराया था। हालांकि जब इसे गिराया गया, तब इसमें विस्फोट नहीं हो पाया था। इसकी वजह से ये दबा रहा। ये बम विस्फोट एयरपोर्ट के टेक्सी-वे की साइड में हुआ था। बम विस्फोट के बाद एयरपोर्ट पर उड़ानों को रद्द कर दिया गया था।

## यमन के अल-हुतैब गांव में आज तक नहीं हुई बारिश

सना । यमन की राजधानी सना के पश्चिम में स्थित अल-हुतैब गांव में आज तक बारिश नहीं हुई है। यह खबर सुनकर आप को यकीन नहीं होगा लेकिन यह सच्चाई है। दरअसल यह गांव समुद्र तल से लगभग 3,200 मीटर की ऊंचाई पर बसा हुआ है और यह एक ऐसा स्थान है जहां आज तक कभी बारिश नहीं हुई। अल-हुतैब का मौसम बेहद अनोखा है। रात और सुबह के समय यहां कड़ाके की ठंड होती है, जबकि दिन में तापमान बेहद गर्म रहता है। सुबह-सुबह यहां के लोग भारी रजाई में लिपटे रहते हैं, लेकिन जैसे ही सूरज निकलता है, गर्मी से हाल बेहाल हो जाता है। दिनभर पानी की तलब बनी रहती है। हालांकि, इस गांव के अनोखे मौसम के बावजूद, यह एक पॉपुलर टूरिस्ट डेस्टिनेशन बन चुका है। दुनिया भर के लोग यहां घूमने के लिए आते हैं, खासकर इसलिए क्योंकि यह पहाड़ी पर बसा है। यहां से नीचे के दृश्यों को देखना अद्भुत लगता है, जिससे लोग स्वर्गीय अनुभव महसूस करते हैं। परंतु, क्या आपने सोचा है कि यहां बारिश क्यों नहीं होती? दरअसल, यह गांव एक ऊंची पहाड़ी की चोटी पर स्थित है, जहां बादल कभी नहीं आते। पहाड़ी के नीचे बनने वाले बादल निचले इलाकों में बरसात करते हैं, जबकि अल-हुतैब पर बादल बनने का कोई मौका नहीं मिलता। यही कारण है कि यहां पर अब तक कोई वर्षा नहीं हुई है। इस गांव में अधिकांश लोग 'अल-बोहरा या अल-मुकरमा' समुदाय से जुड़े हैं, जो मुस्लिम धर्म को मानते हैं। यह समुदाय यमन या यमनी के रूप में भी जाना जाता है। इन लोगों के घर भी आकर्षक हैं और ग्रामीण एवं शहरी वास्तुकला का सुंदर मिश्रण प्रस्तुत करते हैं। युवाओं के लिए यह गांव एक अनोखा अनुभव है। अल-हुतैब गांव की इस अनोखी विशेषता ने इसे एक विशेष पर्यटन स्थल बना दिया है, जहां लोग अपने जीवन में एक बार जरूर जाना चाहेंगे। दुनियाभर में कई अजीबोगरीब जगहें हैं, जो अपनी अनोखी विशेषताओं के लिए चर्चा में रहती हैं। इनमें से एक है यमन का यह गांव भी है।

## 57 साल बाद फेसबुक पर मिला शादी का खोया वीडियो

ब्रिस्बेन । जरा सोचिए, यदि किसी का शादी का वीडियो खो जाए, तो उसे दोबारा प्राप्त करना कितना कठिन हो सकता है। ऑस्ट्रेलिया के एक कपल का खोया हुआ शादी का वीडियो 57 साल बाद पुनः प्राप्त हुआ। ऑस्ट्रेलिया के ब्रिस्बेन में रहने वाले एलीन टर्नबुल और उनके पति बिल की शादी 1967 में स्कॉटलैंड में हुई थी। शादी के तुरंत बाद उन्होंने एक प्रोजेक्टर उधार लिया था ताकि वे अपनी शादी का वीडियो देख सकें। दुर्भाग्यवश, नवविवाहित जोड़े ने प्रोजेक्टर में फिल्म को डालकर निकालना भूल गए और इसके बाद से उन्हें शादी का वीडियो दोबारा देखने को नहीं मिला। फिल्म रील का कोई पता नहीं चला, और उनका वीडियो गुम हो गया। किस्मत ने फिर से अपना खेल दिखाया। हाल ही में, 77 वर्षीय एलीन फेसबुक स्क्रॉल कर रही थीं, जब उनकी नजर एक ग्रुप पर पोस्ट की गई एक फोटो पर पड़ी। यह फोटो उनके ही शादी के वीडियो से ली गई थी। इसे देखकर वह हैरान रह गईं और तुरंत अपने पति को दिखाया, जो इसे देखकर चकित रह गए। यह फोटो स्कॉटलैंड के टेरी चैनी द्वारा पोस्ट की गई थी। दरअसल, टेरी उस व्यक्ति के भतीजे थे, जिन्होंने शादी के बाद कपल को प्रोजेक्टर उधार दिया था। टेरी ने अपने अंकल के घर से कई फिल्में पाई थीं, जिन्हें उन्होंने डीवीडी में ट्रांसफर किया और फेसबुक पर साझा करना शुरू किया। उनकी इस कोशिश का नतीजा यह निकला कि उन्होंने वीडियो का लिंक बनाकर कपल को भेजा, जिससे उनके जीवन का एक सपना सच हो गया। इस अद्भुत कहानी ने साबित कर दिया कि कभी-कभी किस्मत और तकनीक मिलकर अतीत के कुछ अनमोल पल फिर से जीने का मौका दे सकते हैं। मालूम हो कि आजकल शादी की तस्वीरें और वीडियोज लेना सामान्य बात हो गई है, लेकिन एक समय ऐसा था जब शादियों का वीडियो बनवाना बेहद दुर्लभ था। उस दौर में, अगर किसी की शादी का वीडियो होता, तो उसे अमीर और प्रगतिशील परिवार की पहचान समझा जाता था।

## कनाडा में सरकार के 40 सांसद करेंगे खेला, गिर सकती है जस्टिन ट्रूडो की सरकार

मॉन्ट्रियल। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। कनाडा में सत्तारूढ़ लिबरल पार्टी के सांसदों का एक ग्रुप जस्टिन ट्रूडो पर पद छोड़ने का दबाव बना रहा है। स्थिति से जुड़े करीबी सूत्रों ने बताया कि टोरंटो और मॉन्ट्रियल में हाल के उपचुनावों में हार के बाद असंतोष चरम पर पहुंच गया है। इसके बाद असंतुष्ट सांसदों के बीच गुप्त बैठक शुरू हो गई, जिससे जस्टिन ट्रूडो की मुश्किलें बढ़ गई हैं। कम से कम 30 से 40 सांसद एक पत्र पर हस्ताक्षर करने के लिए तैयार हैं। हालांकि अगर इतने सांसद खिलाफ जाते हैं तो भी ट्रूडो सरकार नहीं गिरेगी। कनाडा के हाउस ऑफ कॉमन्स में लिबरल पार्टी के पास 153 सीटें हैं। टोरंटो सेंट में हार के बाद से कम से कम 20 नेताओं ने नेतृत्व में बदलाव के लिए दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए हैं। जून में उपचुनाव के बाद से लिबरल पार्टी के अंदर असंतोष पनप रहा है। यह अशांति मॉन्ट्रियल उपचुनाव में हार के बाद और बढ़ गई। एशिया में हाल के शिखर सम्मेलन में ट्रूडो और उनके चीफ ऑफ स्टाफ केटी टेलफोर्ड की अनुपस्थिति ने निराश सांसदों को एकजुट होने और आगे बढ़ने की रणनीति बनाने में मदद की।

## श्रीलंका सरकार फिर कराएगी हाई-प्रोफाइल मामलों की जांच, आदेश किए जारी

कोलंबो। श्रीलंका सरकार ने पुलिस को कुछ हाई-प्रोफाइल मामलों की फिर से जांच करने का आदेश दिया है, जिसमें 2019 के 'ईस्टर संडे' आतंकवादी हमले और 2005 में एक तमिल अल्पसंख्यक समुदाय के पत्रकार की हत्या का मामला भी शामिल है। पिछले महीने राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल करने वाली सत्तारूढ़ नेशनल पीपुल्स पावर (एनपीपी) ने इन मामलों की फिर से जांच करने का वादा किया था, जिनका समाधान नहीं हो सका था। सार्वजनिक सुरक्षा मंत्रालय ने यह फैसला इसलिए किया है, ताकि जांच में किसी भी तरह की चूक की पहचान की जा सके। श्रीलंका मंत्रालय के कार्यवाहक पुलिस प्रमुख से कहा है कि इन मामलों की फिर जांच की जानी चाहिए। उनमें 2015 में सेंट्रल बैंक बॉण्ड जारी करने में कथित घोटाला शामिल है, जिसके लिए पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे की तत्कालीन सरकार को दोषी ठहराया गया था। इसके अलावा 2019 के 'ईस्टर संडे' आतंकवादी हमले की भी जांच की जानी है, जिसमें 11 भारतीयों समेत 270 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई थी। आतंकवादी हमले का गवाह बना कैथोलिक चर्च इस मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग करता रहा है। उसका आरोप है कि पिछली सरकारों ने राजनीति से प्रेरित होकर इस हमले पर पर्दा डाल दिया था। जिन अन्य मामलों की जांच की जानी है उनमें तमिल अल्पसंख्यक समुदाय के पत्रकार डी. शिवराम की 2005 में हुई हत्या और उस समय पूर्वी विश्वविद्यालय के प्रमुख एक तमिल अल्पसंख्यक शिक्षाविद का 2006 में अपहरण किए जाने और लापता होने का मामला भी शामिल है।



जापान में लोग हिरोशिमा पीस मैमोरियल पार्क में एटम बम डोम को देखते हुए।

## नेतन्याहू ने रतन टाटा के निधन पर शोक जताया



येरुशलम। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भारतीय उद्योग जगत के दिग्गज रतन टाटा के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें दोनों देशों के बीच मित्रता का समर्थक बताया। नेतन्याहू ने 'एक्स' पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को संबोधित एक पोस्ट में इजराइल-भारत संबंधों को बढ़ावा देने में रतन टाटा के योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने शनिवार को एक पोस्ट में लिखा, मेरे मित्र प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी। मैं और इजराइल के असंख्य लोग भारत के महान सपूत और दोनों देशों के बीच मित्रता के हिमायती रतन नवल टाटा के निधन पर शोक व्यक्त करते हैं। नेतन्याहू ने प्रधानमंत्री मोदी से रतन टाटा के शोकाकुल परिवार के प्रति उनकी संवेदना व्यक्त करने को कहा। उन्होंने अपने पोस्ट के अंत में कहा, (शोकाकुल परिवार के प्रति) संवेदनाओं के साथ, बेंजामिन नेतन्याहू। सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग ने भी गुरुवार को रतन टाटा को श्रद्धांजलि देते हुए उन्हें अपने देश का सच्चा मित्र बताया था। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने शुक्रवार को रतन टाटा के निधन पर शोक व्यक्त किया था तथा नवाचार और विनिर्माण में उनके योगदान की प्रशंसा की थी तथा भारत एवं फ्रांस में उद्योगों को मजबूत बनाने में उनकी भूमिका को स्वीकार किया था।

## ईरान के सैन्य ठिकानों पर हमला करेगा इजराइल

**-ईरान ने अरब देशों से कहा- हम पलटवार करेंगे**



**तेलअवीव (एजेंसी)।** ईरान ने हिजबुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह की मौत का बदला लेने के लिए 1 अक्टूबर को इजराइल पर 200 मिसाइलें दागी थीं। अमेरिका को शक है कि इसका बदला लेने के लिए इजराइल अब ईरान के सैन्य ठिकानों को निशाना बना सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका को नहीं लगता कि इजराइल पलटवार में ईरान के न्यूक्लियर ठिकानों को निशाना बनाएगा। हालांकि, ईरान के एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर पर अटैक की आशंका भी जताई गई है।

वहीं, ईरान ने अमेरिका और मिडिल ईस्ट के कुछ देशों को कहा है कि अगर इजराइल ने हमला किया तो वे जवाब जरूर देंगे। ईरान से तनातनी के बीच नेतन्याहू आज फिर से कैबिनेट की मीटिंग करेंगे। इसमें ये चर्चा की जाएगी कि ईरान के 1 अक्टूबर को किए गए हमले पर पलटवार कैसे करें। इससे पहले शुक्रवार को भी एक बैठक हुई थी। हालांकि, उसमें कोई फैसला नहीं हो पाया था।


### इजराइली हमले में लेबनान के 13 लोगों की मौत

इजराइल ने शनिवार को लेबनान के 2 कस्बों पर हमले किए। इनमें एक बारजा बेरूत से 32 किलोमीटर दूर है, जहां ज्यादातर सुन्नी आबादी वाले लोग रहते हैं। इजराइल के हमले में यहां 4 लोग मारे गए। हिजबुल्लाह शियाओं का संगठन हैं इसके चलते लेबनान जंग में इजराइल ने अब तक शिया इलाकों को निशाना बनाया था। सुन्नी कस्बे पर हमला पहली बार हुआ है। वहीं, उत्तरी लेबनान के मायसरा में भी इजराइली हमले में 9 लोगों की मौत हुई है। दूसरी तरफ इजराइल ने दावा किया है हिजबुल्लाह ने शनिवार को उन पर 300 प्रोजेक्टाइल (छोटी मिसाइलें) दागी हैं।

### इजराइल के खिलाफ ह्व के बयान पर सहमत भारत

यूएन और 40 देशों की अपील के बावजूद लेबनान में तैनात पीसकीपिंग फोर्स पर इजराइल के हमले जारी हैं। पिछले 2 दिनों में 5 सैनिक घायल हो चुके हैं। इस बीच ह्व में भारत ने कहा है कि हम पीसकीपिंग मिशन में सैनिकों के जरिए योगदान देने वाला एक अहम देश हैं। पीसकीपर्स की सुरक्षा सबसे अहम है, ह्स्ट के प्रस्तावों के तहत इसे सुनिश्चित किया जाना चाहिए। भारत ने कहा-हम शांति के लिए लेबनान में सैनिक तैनात करने वाले 34 देशों के उस साझा बयान का समर्थन करते हैं, जिसमें सैनिकों की सुरक्षा की मांग की गई है। अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने भी शनिवार को इजराइल के रक्षा मंत्री योव गैलेंट से इस मुद्दे पर बात कर जल्द कोई समाधान निकालने की मांग की है।

## अमेरिकी राष्ट्रपति बनने के लिए फिट हैं कमला हैरिस



**-मेडिकल रिकॉर्ड जारी किया, ट्रम्प को हेल्थ कार्ड सार्वजनिक करने का चैलेंज दिया**

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से 23 दिन पहले डेमोक्रेटिक पार्टी की कैंडिडेट कमला हैरिस अपना मेडिकल रिकॉर्ड जारी किया है। इसमें उन्हें पूरी तरह से फिट घोषित किया है।

कमला ने अपना फिटनेस रिकॉर्ड जारी कर रिपब्लिकन पार्टी के कैंडिडेट डोनाल्ड ट्रम्प से भी मांग की है कि वे अपना हेल्थ रिकॉर्ड सार्वजनिक करें। उन्होंने कहा कि डोनाल्ड ट्रम्प ये नहीं चाहते कि अमेरिकी लोगों को ये पता चले कि वे राष्ट्रपति बनने के लिए फिट हैं या नहीं। इस पर ट्रम्प की टीम ने उनके मेडिकल रिकॉर्ड जारी किए बिना बयान जारी कर कहा कि ट्रम्प की सेहत बिल्कुल ठीक है। कमला में राष्ट्रपति बनने का स्टैमिना नहीं हैं।

### कमला के परिवार में कोलोन कैंसर की हिस्ट्री

एकतरफ जहां व्हाइट हाउस ने उप-राष्ट्रपति कमला हैरिस को राष्ट्रपति बनने के लिए फिट घोषित किया है। वहीं उनके डॉक्टर जोशुआ सिमोंस ने बताया है कि कमला हैरिस के परिवार में कोलोन कैंसर की हिस्ट्री रही है। उन्हें कुछ चीजों से एलर्जी भी है। इसके चलते वे लगातार कोलोनोस्कॉपी कराती रहती हैं और अपना ध्यान रखती हैं। कमला के मेडिकल रिकॉर्ड जारी होते ही उनकी टीम ने एक्स पर लिखा था- अब तुम्हारी बारी डोनाल्ड ट्रम्प। इससे पहले कमला ने एक रैली में ट्रम्प की मेंटल हेल्थ पर भी सवाल उठाए थे। कमला ने कहा था- वे कभी-कभी खो जाते हैं।

## जर्मनी में कुत्ता पालने पर टैक्स... अलग-अलग ब्रीड के हिसाब से देना होता है टैक्स

**जर्मनी (एजेंसी)।** जर्मनी में कुत्ता पालने पर टैक्स देना होता है। इस टैक्स से जर्मनी को अच्छी कमाई होती है। भारतीय मुद्रा के हिसाब से 3866 करोड़ रुपए की कमाई। दरअसल जर्मनी में अलग अलग नगरपालिकाएं डॉग ओनर्स से टैक्स वसूलती हैं। जर्मनी में लोग खूब कुत्ते पालते हैं। हालांकि अलग अलग ब्रीड के कुत्तों पर लगाने वाले टैक्स की रकम भी अलग अलग होती है। ऑस्ट्रिया में भी कुत्ते के मालिकों को अपने पालतू जानवरों को रजिस्ट्रेशन कराना होता है। स्विट्जरलैंड में भी ये टैक्स होते हैं। नीदरलैंड में नगर पालिकाएं इसके लिए अलग-अलग टैक्स लगाती हैं। जो अलग शहर और नगरपालिकाओं के अनुसार होता है।भारत में भी इस तरह के टैक्स की अवधारण जनवरी 2023 में पेश की गई थी, जिसे हरकत में नहीं लाया जा सका।

जर्मनी में अगर आप कुत्ता पालना चाहते हैं, तब आपको किसी ब्रीडर के पास जाना होगा। कई लोग विदेश से भी कुत्ता गोद लेकर जर्मनी लाते हैं। इसके लिए काफी कागजी कार्रवाई करनी पड़ती है। आप जहां रहते हैं, वहां की नगर पालिका एक सालाना टैक्स लेती है। यह टैक्स कुत्ता पालने पर लिया जाता है। हालांकि पालतू बिल्लियां इस टैक्स के दायरे में नहीं आतीं। टैक्स की रकम एक जैसी नहीं है। ये घर में कुत्तों की संख्या या कुत्ते की ब्रीड के हिसाब से अलग-अलग हो सकती है। यहां तक अगर डॉग के बच्चा हो रहा तब भी तीन महीने के भीतर उसका रजिस्ट्रेशन कराना होता है। आमतौर पर नगर पालिका के दफ्तर, या टाउन हॉल जाकर रजिस्ट्रेशन कराया जाता है। कुछ शहरों और नगर पालिकाओं में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की भी सुविधा है। कुत्ते के गुम होने या उसकी मौत होने पर भी विभाग को सूचना देना जरूरी है। जरूरी नहीं कि टैक्स से मिली रकम खास पालतू जीवों से जुड़ी सर्विस में खर्च हो। इस नगर पालिका कई तरह के मद में, जैसे कि सामुदायिक सेवाओं पर खर्च कर सकती है।

कुत्तों की वॉक उनकी एक जरूरी दिनचर्या है। कुत्ता सुबह शाम बाहर घूमे बगैर नहीं मानता। मल भी कुत्ता बाहर ही करते हैं। लिहाजा जब सुबह शाम वहां वाक करने जाते हैं, तब सार्वजनिक स्थानों पर ही मल करते हैं। इस मल को डॉग ओनर को थैलियों में भरकर उनके लिए बने कूड़ेदानों में फेंकना होता है। जो जर्मनी में सड़क किनारे, नदियों के पास बने रास्तों पर या पार्कों में खास कूड़ेदान लगाए जाते हैं। नगर पालिका इससे संबंधित जो सफाई करती है, उसकी भरपाई टैक्स से करती है।

## ब्रिक्स सैन्य संगठन नहीं, समान विचार वाले देशों का एक बहुराष्ट्रीय संगठन है: रूस

**मास्को (एजेंसी)।** रूसी विदेश मंत्रालय ने ने कहा कि ब्रिक्स सैन्य संगठन नहीं है, कभी नहीं रहा है और न ही बनने जा रहा है। ब्रिक्स एक अंतरराष्ट्रीय संगठन या एकीकरण संरचना भी नहीं है, बल्कि समान विचार वाले सदस्यों वाला एक बहुराष्ट्रीय संगठन है।

मीडिया रिपोर्ट में एक लेख (जिसमें सुझाव दिया गया था कि ब्रिक्स के विस्तार से नाटो को चिंतित होना चाहिए।) पर टिप्पणी करते हुए रुसी मंत्रालय ने कहा कि ब्रिक्स एक बहु-विषयक रणनीतिक साझेदारी है, जो तीन स्तंभों राजनीति और सुरक्षा, अर्थशास्त्र एवं वित्त और संस्कृति एवं मानवीय संबंध पर टिका है। रिपोर्ट में रुसी मंत्रालय ने बयान में कहा कि ब्रिक्स भागीदारों के बीच संबंध समानता, आपसी सम्मान, खुलेपन, व्यावहारिकता, एकजुटता और सबसे महत्वपूर्ण बात किसी के विरोध न करने पर आधारित हैं। मंत्रालय ने कहा कि ब्रिक्स का एक मुख्य उद्देश्य निष्पक्ष और बहुपक्षीय विश्व आर्थिक प्रणाली बनाना है। इसके साथ ही मंत्रालय ने कहा कि अपनी स्थापना के बाद से ही इस ब्लॉक ने अंतरराष्ट्रीय कानून और सभी देशों की संप्रभुता के सम्मान के आधार पर अंतरराष्ट्रीय विवादों के शांतिपूर्ण समाधान का समर्थन किया है। मंत्रालय ने कहा कि ब्रिक्स का विस्तार विश्व अर्थव्यवस्था में बदलावों को दर्शाता है और अंतरराष्ट्रीय मामलों में विकासशील राज्यों की भूमिका को मजबूत करने में योगदान देता है। ब्रिक्स एक अंतर-सरकारी संगठन है, जिसकी स्थापना 2006 में की गई थी। रूस ने 1 जनवरी, 2024 को ब्रिक्स की अध्यक्षता संभाली। इस साल की शुरुआत रूस, ब्राज़ील, भारत, चीन और दक्षिण अफ़्रीका के अलावा अब इसमें मिस्र, इथियोपिया, ईरान, संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब शामिल हो गए हैं। रूस की ब्रिक्स अध्यक्षता निष्पक्ष वैश्विक विकास और सुरक्षा के लिए बहुपक्षवाद को मज़बूत करने पर केंद्रित है।

## बांग्लादेश सरकार सभी अल्पसंख्यकों के पूजा स्थलों की सुरक्षा करे: भारत

**ढाका (एजेंसी)।** बांग्लादेश में ढाका के तांतीबाजार में पूजा मंडप पर हमले और जेशोरेश्वरी काली मंदिर में चोरी की घटना पर भारत ने चिंता जताई है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि बांग्लादेश में मंदिरों और देवी-देवताओं को अपवित्र करने की साजिश हो रही है। इन घटनाओं को सुनियोजित तरीके से अंजाम दिया जा रहा है। भारत ने मांग की है कि बांग्लादेश सरकार सभी अल्पसंख्यकों के पूजा स्थलों की सुरक्षा करे। भारत के इन आरोपों के बीच बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने ढाकेश्वरी मंदिर का दौरा किया। उन्होंने कहा कि हम बांग्लादेश को ऐसा देश बनाना चाहते हैं जहां सभी धर्मों के लोगों के अधिकारों की सुरक्षा हो। वहीं, बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के तख्तापलट के बाद से अल्पसंख्य समुदाय पर हमले की कई खबरें सामने आई हैं। दुर्गा पूजा के दौरान ही कई मंदिरों पर हमले और चोरी हुई हैं। पहली घटना ढाका के तांतीबाजार में शुक्रवार रात को एक शख्स ने दुर्गा पंडाल में बम फेंका। हालांकि बम फटा नहीं। पंडाल की सिक्योरिटी में लगे लोगों ने आरोपी को पकड़ने की कोशिश की तो उसे बचाने कई लोग आ गए। इन्होंने आरोपी को बचाने के लिए चाकूबाजी शुरू कर दी। इसमें 5 लोग घायल हो गए। दूसरी घटना बांग्लादेश के जेशोरेश्वरी मंदिर से मां काली का मुकुट चोरी हो गया। यह सोने की परत चढ़ा चांदी का मुकुट है। इस घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया। पीएम मोदी 2021 में बांग्लादेश दौरे के दौरान जेशोरेश्वरी मंदिर दर्शन के लिए गए थे। इस दौरान उन्होंने यह मुकुट मंदिर में चढ़ाया था।

## 44 साल में पहली बार लेबनान छोड़ने की सोच रहे एलनगोवन.....अब शांति की उम्मीद नहीं

**- बिजनेस बेचकर भारत वापस लौट जाऊं**



**बेरूत (एजेंसी)।** 1989 में लेबनान में गृहयुद्ध हो रहा था। 2006 में इजराइल-लेबनान के बीच हुई जंग भी हमने देखी है, लेकिन इस बार का युद्ध अलग है। लगातार ब्लास्ट की आवाज आती है। 44 साल में मैंने कभी लेबनान छोड़ने के बारे में नहीं सोचा। अब सोच रहा हूं सब बेचकर इंडिया चला जाऊं।'एस. एलनगोवन बेरूत में रहते हैं। तमिलनाडु के चेन्नई से सब छोड़कर लेबनान आ बसे। सोचा था कि मिडिल ईस्ट के स्विट्जरलैंड जा रहा हूं, वहां कारोबार शुरू करूंगा। एलनगोवन ने शुरुआत में कुछ वक्त नौकरी की। फिर अपनी कंपनी बनाई। अब उनकी लॉन्जरी की फैक्ट्री है।

एलनगोवन की तरह लेबनान में करीब तीन हजार भारतीय हैं। इस जंग में ये लोग भी उसकी जद में आ गए। इनमें से कई अब भारत लौटने के बारे में सोच रहे हैं। फ्लाइट महंगी है, एयरस्पेस बंद है, इसलिए लेबनान में ही फंसे हैं। एलनगोवन बताते हैं, मैं 1980 में एक एजेंसी की मदद से लेबनान आया था। शुरुआती 2 साल बहुत अच्छे थे। तब बेरुत में इंटरनेशनल टूरिस्ट आते थे। अच्छा कारोबार होता था। लेबनान आकर लोग काफी पैसे खर्च करते थे। उस दौर में बहुत शांति थी।' 'मैंने यहीं शादी की। मेरी पत्नी श्रीलंकन तमिल हैं। हमारे तीन बच्चे हैं। बेटी एनजीओ में काम करती है। बेटा इंडिया चला गया है। वहां स्टॉक मार्केट का काम करता है।'

एलनगोवन बताते हैं, एक युद्ध से उबरने में 4-5 साल लगते हैं। हम अपना बिजनेस और जिंदगी दोबारा पटरी पर लाते हैं। फिर एक युद्ध हमारी पूरी मेहनत पर पानी फेर देता है। इस बार भी ऐसा ही हो रहा है। अब विकल्प देख रहा हूं कि कैसे फैक्ट्री और घर बेचकर यहां से निकल जाऊं। मुझे यहां शांति की कोई उम्मीद नहीं है। मैं इंडिया में चेन्नई या फिर पुडुचेरी में बसने के बारे में सोच रहा हूं। मुझे पता है कि ये युद्ध जल्दी खत्म नहीं होने वाला। मैं वे दिन नहीं देखना चाहता, जब सब बर्बाद हो जाए।' गोवन अपने बिजनेस के बारे में बताते हुए भावुक हो जाते हैं। कहते हैं, 'लेबनान की इकोनॉमी बर्बाद हो गई है। हर चीज महंगी है। बिजनेस करना पहले से मुश्किल है। मुझे बच्चों की जिंदगी और सुरक्षा की चिंता लगी रहती है। हमें कोई भी दिक्कत होती है, तब हम एम्बेसी से मदद लेते हैं।

# रजरप्पा स्थित स्टेडियम में हुआ रावण दहन, विभिन्न प्रकार की आतिशबाजी रही आकर्षण का केंद्र

## आने वाले समय में भी अन्याय पर न्याय की होगी विजय :चंद्रप्रकाश चौधरी

**रजरप्पा।** सीसीएल रजरप्पा कोयलांचल के आवासीय कॉलोनी स्थित स्टेडियम में श्री श्री दुर्गा पूजा समिति द्वारा विजयादशमी पर शनिवार देर शाम रावण दहन किया गया। रावण दहन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विशिष्ट अतिथि रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी एवं रजरप्पा महाप्रबंधक कल्याणजी प्रसाद उपस्थित थे। सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने रावण दहन कार्यक्रम में उमड़े जनसैलाब को संबोधित करते हुए कहा कि दशहरा असत्य पर सत्य की, अधर्म पर धर्म की और बुराई पर अच्छाई की जीत का त्योहार है। इसी दिन प्रभु श्रीराम ने रावण और मां दुर्गा ने महिषासुर का वध किया था। आने वाले समय में भी अन्याय पर न्याय की विजय होगी और अच्छाई हमेशा बुराई पर परचम लहराएगी। यह महापर्व इसी परमसत्य का सबसे बेहतर और सटीक स्वरूप है। वहीं विधायक सुनीता चौधरी ने कहा कि हमें बुराईयों का नाश कर क्षेत्र को आगे बढ़ाने में सहयोग करने की आवश्यकता है। जबकि महाप्रबंधक ने सभी से रजरप्पा क्षेत्र के विकास में सहभागी बनने की बात कही। इससे पूर्व आयोजन समिति के सचिव गजेंद्र चौधरी एवं कोषाध्यक्ष झलकू महतो ने बुके देकर एवं अंगवस्त्र ओढ़ाकर अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान विभिन्न प्रकार की आतिशबाजी लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी रही। आतिशबाजियों के दौरान ही चिंगारी से रावण का पुतला स्वतः जल गया। तत्पश्चात सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने मेघनाथ और जीएम कल्याणजी प्रसाद ने कुंभकरण के पुतले का दहण किया।

# बरकाकाना क्षेत्र में शारदीय नवरात्र माता दुर्गा के प्रतिमा की विसर्जन के साथ हुआ समापन

**▶▶ मां दुर्गे की प्रतिमा का पूर्व पूर्व विसर्जन के पूर्व महिलाओं ने सिंदूर खेला ▶▶ असत्य पर सत्य के विजय का त्योहार दशहरा धूमधाम से संपन्न**

**बरकाकाना।** असत्य पर सत्य का विजय दशहरा महापर्व धूमधाम से संपन्न हुआ। बरकाकाना व आसपास के क्षेत्रों में यह शांति पूर्वक मनाया गया। क्षेत्र के सभी पूजा पंडालों में श्रद्धालु और भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। क्षेत्र के पूजा पंडालों में पुरोहित, श्रद्धालु और भक्तों ने विधि विधान से मां दुर्गे की पूजा अर्चना कर सिंदूर खेला। क्षेत्र के पूजा पंडालों में कहीं चंलत मूर्ति तो कहीं धूपची प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन हुआ।पूजा पंडालों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। वही पूजा पंडाल नया नगर बरकाकाना सीसीएल स्टेडियम में बुराई का प्रतीक रावण का दहन किया गया।माता दुर्गा एवं अन्य देवी देवताओं के



मूर्तियों को ट्रैकों पर लादकर के यात्रा आरंभ की गई। ढोल और नगरों की धुन पर लोग नृत्य करते नजर आए। पचोरा रेलवे जोड़ा तालाबो में मूर्ति का विसर्जन किया



गया। बरकाकाना क्षेत्र के लोको कॉलोनी पोचरा, चिल्ड्रन पार्क, नया नगर घुटूवा एवं गांधी मैदान बरकाकाना का मूर्ति विसर्जन किया गया। इस मौके पर महा प्रबंधक प्रवीण कुमार, आलोक सिंह, निखिल कुमार, सवित कुमार, हरिकांत सिंह, खिरोधर महतो, मनोज सैनी, हरि रत्नम साहू, कुश श्रीवास्तव, अमरनाथ मिश्रा, प्रदीप घर, प्रदीप राम, संतोष कुमार यादव, अशोक पासवान विनोद तिवारी, प्रदीप शर्मा, संजय लाल, रंजीत राम, पंकज कुमार सोनी, विनोद महतो, गोविंद बेदिया, बरकाकाना ओपी प्रभारी उमाशंकर वर्मा, नागेंद्र सोनी, विनोद सोनी, संजय लाल, सुशील कुमार आदि शामिल थे।

# प्रतिमा विसर्जन के साथ कुजू कोलांचल में धूमधाम के साथ संपन्न हुआ दुर्गा पूजा

## विजयदशमी पर जगह-जगह रावण दहन कार्यक्रम का हुआ आयोजन





**कुजू।** मां दुर्गा के प्रतिमा के विसर्जन के साथ ही कुजू कोयलांचल व आस-पास के क्षेत्रो में 10 दिनों से चल रहे दुर्गा पूजा धूमधाम के साथ संपन्न हो गया। नौ दिवसीय नवरात्रि के दौरान मंत्रोच्चार और शंखध्वनि से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। विजयदशमी के अवसर पर असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक रावण दहन कार्यक्रम का जगह-जगह आयोजन किया गया। जहां लोगों ने आतिशबाजी के नजरों के बीच मेले का आनंद लिया। वहीं प्रतिमा विसर्जन के लिए प्रतिमाओं को सुसज्जित वाहन पर सवार कर क्षेत्र का भ्रमण कराया गया। इसके पश्चात स्थानीय तालाब व जलाशयों में प्रतिमा का विसर्जन किया गया। क्षेत्र के मुरपा पूजा समिति, कुजू कोलियरी, करमा, दिगवार, रतवे, तोपा, ओरला, आरा, सारूबेड़ा, सांडी, रामगलस आदि स्थानों में रावण दहन के साथ विधिवत पूजा अर्चना कर मां दुर्गा की प्रतिमा को अंतिम विदाई दी गई। वहीं पूजा को लेकर कुजू पुलिस भी सजग दिखी।

# विजयदशमी पर शस्त्र पूजन करने पंजाब रेजिमेंटल सेंटर पहुंचे रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, अग्निवीरों और जवानों का बढ़ाया हौसला

**हमारी आत्मनिर्भरता लिख रही देश की विकास की गाथा:संजय सेठ**





**रामगढ़।** भारत सरकार के रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने विजयदशमी का त्योहार सेना के जवानों के साथ मनाया। शनिवार को वह रामगढ़ छावनी में स्थित पंजाब रेजिमेंटल सेंटर पहुंचे। यहां उन्होंने शस्त्र पूजन किया। इस दौरान उन्होंने मां दुर्गा की आराधना की, साथ ही शस्त्र पूजन कर जवानों का भी हौसला बढ़ाया। मौके पर उन्होंने कहा कि आज दशहरे का पर्व है। आज असत्य पर सत्य की जीत, बुराई पर अच्छाई की जीत की गाथा गाई जाती है। आज शक्ति की पूजा, शस्त्र पूजा, हमारी संस्कृति का मूल आधार है। इससे अच्छा दिन कुछ हो नहीं सकता कि मैं जवानों के बीच हूं। उन्होंने बताया कि वीर जवान अपने परिवार से दूर होकर मां भारती की सेवा में लगे रहते हैं। उन्हें अपने परिवारों की कमी ना खले इसलिए आज मैं उनके बीच मौजूद हूं। यही वजह है कि पिछले 4 महीने के दौरान वे लगातार जवानों से बात करने के लिए उनके बीच जाते रहते हैं। भारतीय सेना दुनिया की किसी भी सेना से कम नहीं है।

### हमारी आत्मनिर्भरता लिख रही देश की विकास की गाथा

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि आज हम 70 प्रतिशत आत्मनिर्भर हो चुके हैं। यह आत्मनिर्भरता देश की विकास की पहचान है। वर्ष 2047 में जब हम आजादी के 100वीं वर्षगांठ को मनाएंगे, तब हम दुनिया के शिखर पर होंगे। यह छावनी 1941 से मौजूद है। 1967 से पंजाब रेजिमेंटल सेंटर और सिख रेजीमेंटल सेंटर यहां काम कर रहा है। इस स्थान ने गुरु गोविंद सिंह जी की प्रेरणा को आत्मसात कर लिया है। यह आर्मी कैंप हमारा मस्तक है। इसकी वीर गाथा का लोहा पूरी दुनिया मानती है। वीर जवान जितना पसीना बहाते हैं उतना ही वह मजबूती से खड़े रहते हैं। हमारा सौभाग्य है कि मैं जवानों के बीच हूं।


# 785 करोड़ की लागत से विभिन्न स्थानों पर 531 मिनी मास्ट लाइट का विधायक ने किया अधिष्ठापन

**रामगढ़ विधानसभा वासियों के लिए हर गली होगा प्रकाशमय:सुनीता चौधरी**




**रजरप्पा।** रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र की विधायक सुनीता चौधरी ने शारदीय नवरात्र की महानवमी तिथि पर शुक्रवार को अपने विधायक मद से रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर लगने वाले कुल 531 मिनी मास्ट लाइट का रजरप्पा कोयलांचल स्थित आवास से ऑनलाइन शिलान्यास व उद्घाटन किया। विधायक मद से 7 करोड़ 85 लाख 88 हजार रूपए की लागत से मिनी मास्ट लाइट का अधिष्ठापन करते हुए विधायक सुनीता चौधरी ने समस्त क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं दी। गोला प्रखंड क्षेत्र में 2 करोड़ 59 लाख की लागत से 175 स्थानों पर, दुलमी प्रखंड में 1 करोड़ 2 लाख 12 हजार की लागत से 69 स्थानों पर, चितरपुर प्रखंड में 1 करोड़ 19 लाख 88 हजार की लागत से 81 स्थानों पर, रामगढ़ प्रखंड में 42 लाख 92 हजार की लागत से 29 स्थानों पर, रामगढ़ छावनी परिषद के 8 वार्डों में 1 करोड़ 42 लाख 8 हजार की लागत से 96 स्थानों पर और रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र में 1 करोड़ 19 लाख 88 हजार की लागत से 81 स्थानों पर मिनी मास्ट लाइट लगाया जाना है। विधायक सुनीता चौधरी ने कहा कि हमारा संकल्प है कि हम रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में सदैव अमन-चैन एवं शांति के दीप को जलाते रहेंगे और आपसी प्रेम व सौहार्द की भावना को एक-दूसरे के सहयोग से बनाकर आने वाले समय में रामगढ़ को भारतवर्ष में आदर्श विधानसभा बनाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि मिनी मास्ट लाइट लग जाने से क्षेत्रवासियों के लिए हर गली प्रकाशमय हो उठेगा, जिससे संपूर्ण क्षेत्र जगमगाता रहेगा। इस अवसर पर गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी एवं युवा नेता पीयूष चौधरी के अलावे पूर्व जिप अध्यक्ष सह आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव ब्रह्मदेव महतो व अमृतलाल मुंडा, सरिता देवी, इंतेखाब आलम, दिवाकर नायक, भानुप्रकाश महतो, दशरथ महतो, मुकेश सिन्हा, देवंती देवी, मनोरमा देवी, मलेश्वर नायक, सुबीन तिवारी, अनुराग भारद्वाज, पंकज कुमार, अब्दुल हकीम अंसारी, अब्दुल अंसारी, संजय बनारसी, विक्की चौधरी, पिंटू कुमार, अमृत कुमार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक दुर्गोत्सव संपन्न, मां दुर्गा सहित अन्य आराध्य देवी-देवताओं को नम आंखो से दी गई विदाइ



**भुरकुंडा।** भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, बासल सहित आसपास के क्षेत्रों में शनिवार को मां दुर्गा सहित अन्य आराध्य देवी-देवताओं की प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ दशहरा पूजा शांतिपूर्ण में संपन्न हुआ। इसके पूर्व दुर्गा पूजा के नौंवे दिन महानवमी के अवसर पर शुक्रवार को मां सिद्धिदात्री की पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा-अर्चना कराई गई। इसके बाद कन्या पूजन व भोजन आदि अनुष्ठान हुए। तत्पश्चात हवन, पुणार्हुति आदि धार्मिक अनुष्ठान के बीच शनिवार को पूजा संपन्न हो गया। इस दौरान मां दुर्गा, मां लक्ष्मी, मां सरस्वती, भगवान गणेश, भगवान कार्तिक सहित अन्य आराध्य देवी-देवताओं के भक्ति उदघोषों से पूरा क्षेत्र गूंजायमान होता रहा। कोयलांचल के भुरकुंडा थाना चौक, पटेलनगर, बिरसा चौक, हॉस्पीटल कॉलोनी, जवाहरनगर, सौंदा डी, रीवर साईड, सेंट्रल सौंदा, भदानीनगर क्षेत्र के आईएजी ग्लास फैक्ट्री, चोरधरा, कुरसे, बासल क्षेत्र के बलकुदरा, रसदा, लबगा, गेगदा सहित अन्य क्षेत्रों में दुर्गा पूजा धूमधाम एवं श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। विजयदशमी के दिन शनिवार को अश्रु भरे नम आंखों से मां दुर्गा सहित अन्य आराध्य देवी-देवताओं को पतरातू डैम सहित अन्य जलाशयों में विसर्जित किया गया। वहीं कई क्षेत्रों में रविवार को नम आंखों से मां दुर्गा सहित अन्य आराध्य देवी-देवताओं के प्रतिमाओं का विजर्सन किया गया। इधर हजारीबाग सांसद मनीष जयसवाल, बड़कागांव व विधायक अम्बा प्रसाद ने प्रखंड के विभिन्न पूजा पंडालों में पहुंचकर मां दुर्गा के समक्ष मत्था टेका। साथ ही क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। पूजा को लेकर विधि-व्यवस्था बनाए रखने में भुरकुंडा, भदानीनगर व बासल थाना थाना प्रभारी दल-बल के साथ मुस्तैदी से डटे रहें। इधर आईएजी ग्लास फैक्ट्री, रिक्रेशन क्लब थाना मैदान, जवाहर नगर सहित अन्य क्षेत्रों में विजयदशमी के दिन रावन दहन किया गया। जिसमें सैंकड़ों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी।

# सिंदूर खेला के साथ मां दुर्गा को दी गई विदाई, छलक उठी आंखें



**रामगढ़।** शारदीय नवरात्र का समापन शनिवार से ही प्रतिमा विसर्जन किया जा रहा है। रविवार को भी शहर के कई स्थानों से मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन किया गया। प्रतिमा विसर्जन मिलोनी क्लब, पतरातू बस्ती, बिजुलिया सहित अन्य पूजा पंडालों में सिंदूर खेला के साथ मां दुर्गा को विदाई दी गई। खोइचा के बाद माता की मूर्ति को विसर्जन के लिए श्रद्धालु घाट किनारे लेकर ले गए। बंगाली पद्धति में सिंदूर खेला करके माता को विदाई दी जाती है। शादीशुदा महिलाएं एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर ढोल-नगाड़ों की थाप पर खुशियां मनाई और जब विदाई का मौका आया तो आंखें भी छलक उठी। वही, जिनकी शादी नहीं हुई होती हो उन्हें आशीर्वाद के तौर पर तिलक लगाया जाता है। बताया जाता है कि पान का पत्ता और पान शुभ माना जाता है। इसलिए पान के पत्ते से पहले मां के गाल की सेंकाई की जाती है। फिर पान खिलाया जाता है। इसके बाद मिष्ठान का भोग लगाया जाता है। जिस तरह से नई नवेली दुल्हन की विदाई की जाती है, वो सारी रस्में निभाई जाती है। जो विशेष आवाज हमलोग निकालते हैं, इसे शुभ ध्वनि कहते हैं। शादी या अच्छे कार्यों में भी यह आवाज निकालने की परंपरा रही है।

# बड़काकाना से मुंबई के लिए सीधी ट्रेन की घोषणा का चैंबर ने किया स्वागत

**सांसद मनीष जायसवाल की पहल सराहनीय योग्य:विनय**

रामगढ़। चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के रेलवे उपसभापति अरुण राय एवं चेंबर अध्यक्ष विनय कुमार अग्रवाल के द्वारा गया से मुंबई लोकमान्य टर्मिनस एक्सप्रेस का बाया बड़काकाना होकर चलाए जाने का स्वागत करते हुए सांसद मनीष जायसवाल का आभार व्यक्त किया है। साथ ही केंद्रीय रेलवे मंत्री वैष्णवी कुमार को धन्यवाद दिया है।

चेंबर पदाधिकारियों ने कहा कि रामगढ़ क्षेत्र में वर्षों से बड़काकाना से सीधी मुंबई की ट्रेन नहीं होने के कारण यहां के व्यापारियों के साथ-साथ आमजनों को काफी परेशानी हो रही थी। चेंबर द्वारा बड़काकाना होकर मुंबई के लिए सीधी ट्रेनों का वर्षों से पूर्व के स्थानीय सांसदो से मांग की जाती रही। लेकिन इस पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही थी।

लेकिन मनीष जायसवाल के सांसद बनते ही बड़काकाना से मुंबई के लिए सीधी ट्रेन चालू कराने का स्वागत किया है। चेंबर अध्यक्ष विनय अग्रवाल ने मांग की हैं कि धीरे-धीरे इस ट्रेन को सप्ताह में कम से कम तीन दिन इस रूट से चलाई जाए। साथ ही हजारीबाग से हावड़ा के लिए रात में वंदे भारत नई ट्रेन को भी बाया बड़काकाना होते हुए चालू करने की मांग की गई हैं।

# सार्वजनिक दशहरा एवं सूरज हॉल समिति ने किया भव्य रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन

**दशहरा सत्य और न्याय की राह पर चलने का संकल्प लेने का दिन है:चंद्रप्रकाश चौधरी**

## प्रभु श्रीराम के मार्ग पर चलने से समाज को सही दिशा मिलेगी:सुनीता चौधरी

**रामगढ़।** सार्वजनिक दशहरा एवं सूरज हॉल समिति के तत्वाधान में शनिवार को सिद्धू कान्हू जिला मैदान में भव्य रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकश चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि विधायक सुनीता चौधरी उपस्थित हुए। कार्यक्रम के लिए रावण, कुंभकरण और मेघनाथ के विशाल पुतले बनाए गए थे।

### ओड़ीसा के कलाकारों ने किया रामलीला का मंचन

रावण दहन कार्यक्रम से पूर्व ओड़ीसा के कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन काफी आकर्षक तरीके से किया गया।





जिसकी लोगों ने सराहना की। इसके बाद मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि ने रावण, कुंभकरण और मुघनाथ के पुतलों का दहन किया। मौके पर मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि दशहरा हम सभी को सत्य और न्याय के मार्ग पर चलने की सीख देता है। श्री चौधरी ने कहा कि आज ही के दिन प्रभु श्रीराम ने रावण का वध कर उसके अत्याचारों का अंत किया था। कहा कि दशहरा बुराई पर अच्छाई के जीत का प्रतीक है। सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि रावण ज्ञानी था यह सभी को मालूम था। लेकिन उसके अंदर भरे अहंकार के कारण उसका ज्ञान बेकार था।

### दशहरा असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक है :सुनीता

वहीं, विशिष्ट अतिथि रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी ने कहा की दशहरा को हम सभी अधर्म पर धर्म के विजय के रूप में मनाते हैं। कहा कि आज का दिन प्रभु श्रीराम के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेने का दिन है। क्योंकि प्रभु श्रीराम के बताए मार्ग पर चलने से ही समाज को सही दिशा मिलेगी और खुशहाली आएगी।

### ये थे उपस्थित

मौके पर सार्वजनिक दशहरा एवं सूरज हॉल समिति के मुख्य सरंक्षक मनोज कुमार महतो, राजेंद्र महतो, राजेश गोयनका, अभिमन्यू कुशवाहा, दिनेश कुशवाहा, देवधारी महतो, रोशन कुमार, रविंद्र सिंह बिट्टटी, राकेश गुप्ता, धर्मेन्द्र साव भोपाली, दीपक साव, गंगा भगत, परमिन्दर सिंह जस्सल, कुलदीप वर्मा, नरेश महतो, टिंकू कुशवाहा, संतोष कुमार, दशरथ साहू, राजेंद्र महतो, करमजीत सिंह जग्गी, जीतू साव, संदीप महतो, तेजपाल महतो, बीरू सिंह कई उपस्थित थे।

# बगड़ो में नवनिर्मित पानी टंकी के समीप रखे प्लास्टिक पाईप मे लगी भीषण आग





## 10 किलोमीटर तक धुंआ फैला

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता डोमचांच** प्रखंड अंतर्गत बगड़ो स्थित नवनिर्मित पानी टंकी के समीप रखे प्लास्टिक पाईप मे रविवार शाम को अचानक भंयाकर आग लगने से लाखों की पाईप राख हो गई। अचानक आग को देखकर आस - पड़ोस के लोगो में अफरा तफरी मच गया। आग इतना तेज था की धुआं 10 किलोमीटर दुर तक फ़ैल गया। और लोगो के बीच चर्चा का विषय बन गया और लोग तरह - तरह के चर्चा करने लगे की कहाँ से इतना धुआं कहाँ से आ रहा है. फिर हो हल्ला के बाद पता चला की बगड़ो स्थित प्लास्टिक पाईप मे आग लगी है।खबर लिखे जाने तक घटना स्थल पर पुलिस और दमकल वाहन पहुंचकर आग को काबू मे पाने की कोशिश कर रहे थे । वहीं दूसरी ओर स्पष्ट नहीं हो पाया की यह आग अचानक कैसे लगी है । घटना स्थल पर ग्रामीणों का हुजूम उमड़ पड़ा।

## सतगावां प्रखंड में किया गया जिम का उद्घाटन



**रांची एक्सप्रेस संवाददाता** सतगावां प्रखंड में झारखंड सशस्त्र पुलिस के कैम्प के बगल में पावर हाउस जिम नासारगंज बासोडीह सतगावां में 12 अक्टूबर को दुपहर 12 बजे उद्घाटन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड प्रमुख ललिता देवी रिबन काट कर उद्घाटन किया गया ।जिसमें जिम औनर एवं ट्रेनर आनंद सिंह को सतगावां प्रखंड के सभी जान प्रतिनिधि एवं सभी युवा साथी ने खूब बधाई दिया गया। एवं सभी युवा साथी में उत्सा देखने को मिला जिसमे बंटी यादव रामोतार चौधरी अविनंदन कुमार प्रदुमन कुमार कारू सिंह शशिकांत यादव बब्लू सिंह प्रमोद कुमार रतन पासवान मोलू कुमार सुरेंद्र पांडे आकाश यादव परवीन यादव भी शामिल थे।

## सभी पूजा पंडाल मे पूजा शांतिपूर्ण मानने को लेकर प्रशासन दिखे अलर्ट



**रांची एक्सप्रेस संवाददाता जयनगर** प्रखंड के सभी पूजा पंडाल में प्रशासन दिखे अलर्ट। पुलिस की पेट्रोलिंग गाड़ी सभी क्षेत्रों में भ्रमण करती रही। पुलिस प्रशासन के साथ-साथ पूजा कमेटी के सदस्य प्रशासन के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश का पालन किया गया। सभी पूजा पंडाल में सीसीटीवी कैमरे के साथ-साथ पूजा कमेटी के सदस्य के वॉलिंटियर एवं कमेटी के अध्यक्ष सचिव सभी जगह सुरक्षा एवं शांतिपूर्ण की दृष्टि से घूमते रहे। परसाबाद में लगे झूला ब्रेक डांस, स्टीमर, के मलिक को एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि मेले में लगे इलेक्ट्रॉनिक इंस्ट्रूमेंट का आप अच्छी तरह से देखभाल करते रहे ताकि किसी प्रकार का कोई अप्रिय घटना ना हो, प्रतिदिन सुबह शाम इसकी जांच करने के बाद ही संचालन करें। जयनगर प्रखंड अंचल अधिकारी सारांश जैन ने कहा कि मेला में आए हुए दुकानदार भाइयों को सख्त निर्देश दिया गया कि साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें जो भी खाद्य सामग्री बेच रहे हैं साफ सुथरा एवं ताजा सामान बेचे। थाना प्रभारी ने कहा कि मेले के अंदर दो पहिया वाहन चार पहिया वाहन प्रवेश न करें ताकि आ जा रहे महिला पुरुष एवं छोटे-छोटे बच्चों को आने जाने में परेशानी न हो। थाना प्रभारी ने लोगों अपील की कि जो भी अपने साथ अपने छोटे-छोटे बच्चों को साथ में लेकर आए हैं उनके पैकेट में अपना मोबाइल नंबर अवश्य डाल दें ताकि भीड़ भाड़ में यदि बच्चे भटक जाते हैं तो उन्हें सही सलामत उनके परिवार तक पहुंचाने में सुविधा हो,। सभी पूजा पंडाल में भ्रमण करते दिखे एस आई विकास कुमार, जयप्रकाश सिंह, परसाबाद पुलिस पिकेट प्रभारी आशीष हसदा थाना एवं पिकेट के सभी जवानों के साथ सभी क्षेत्रों में भ्रमण करते दिखे गए।

## भारतीय रेलवे माल गोदाम श्रमिकों में उल्लास एवं खुशी की लहर

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता कोडरमा** रेलवे माल गोदाम में काम करने वाले हमारे सभी श्रमिक बंधुओं को जल्द मिलने वाली है खुशियों की सौगात, बताते चलें कि गत बीते 9 अक्टूबर 2024 को श्रम शक्ति भवन में श्रमिकों को उनका हक और अधिकार दिलाने के उद्देश्य से भारतीय रेलवे माल गोदाम श्रमिक संघ के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण कुमार पासवान, संगठन के मार्गदर्शक जगदंबिका पाल एवं राष्ट्रीय प्रभारी मनोरंजन कुमार ने रेलवे एवं श्रम विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ त्रिपक्षीय बैठक कर श्रमिकों के अधिकारों के लिए मानक तय किए। बकौल संगठन मंत्री संदीप कुमार इस बैठक में रेलवे माल गोदाम में कार्यरत् श्रमिक बंधुओं के लिए वेतनमान, पेंशन, पहचान पत्र कार्ड, सामाजिक सुरक्षा गारंटी का लाभ, मेडिकल की सुविधा इत्यादि सुविधाओं पर सर्वसम्मति से सहमति बनी जिसे अब जल्द से जल्द धरातल पर लागू करना है। संघ के केंद्रीय नेतृत्व के द्वारा इस प्रकार के सफलतम प्रयास के लिए संगठन मंत्री संदीप कुमार ने हृदय से आभार व्यक्त किया है। संघ से जुड़े राजू सिंह, रजनीकांत पाण्डेय ,नोखलाल दास, किशोर राणा, आशुतोष कुमार सरगम, अदनान खान, बीरेंद्र चौधरी, मोनी शंकर विश्वास, सोनी कुमारी, साधु मंडल, मुकेश कुमार, राम सिंह, रमेश अवध्या, सुरेंद्र दास, देवाशीष पांडा, रोहित साहू इत्यादि लोगों ने संगठन के सफलतम प्रयास के लिए संगठन की भूरि- भूरि प्रशंसा की ।

## शारदीय नवरात्र के महानवमी को निर्माणाधीन माँ वैष्णों देवी मंदिर में किया गया भंडारे का आयोजन




**रांची एक्सप्रेस संवाददाता झुमरी तिलैया** – असनाबाद स्थित निर्माणाधीन माँ वैष्णों देवी मंदिर में शारदीय नवरात्र के महानवमी पर भंडारे का आयोजन किया गया।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में साकार टीएमटी के निदेशक उदय सोनी मुख्य रूप से उपस्थित थे।उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि शहर में माँ वैष्णों देवी मंदिर का निर्माण होना एक बहुत बड़ी पहल है।उन्होंने मंदिर कमेटी को इस निर्माण में यथा संभव मदद करने की बात कही।वही कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे समिति के अध्यक्ष पंकज सिंह ने उनका आभार व्यक्त करते हुए बुके और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।वही नवरात्र के दौरान ध्वजाधारी धाम के महंत श्री श्री 1008 सुखदेव जी महाराज,डर. बिरेंद्र कुमार,मोनू सिंह एवं अन्य सदस्य गण ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यकर्म का संचालन समिति के विजय वर्णवाल ने किया।मौके पर समिति के रोहित शर्मा, नवीन सिन्हा,शिव कुमार यादव,सिद्धि प्रसाद,टिंकु वर्मा,कुलदीप यादव, बिजय पंडित,संजय साव,दिलीप दांगी,संजय सिन्हा,रंजित सिन्हा,रौनक सिंह,अजित कुमार गुप्ता,राहुल सिंह,पृथ्वी सिंह,रौनक सिन्हा, अरविंद, वर्णवाल,शुभम राज, शोभित कुमार, प्रमानंद मुन्ना,राणा प्रताप सिंह,संजय शर्मा,अरविंद विश्वकर्मा, महेश यादव,जितेंद्र साव,प्रिंस कुमार,यश कुमार,नितिन कुमार पंडित,विशाल सिंह यादव,प्रीत कुमार,राजा कुमार,वीर कुमार आदि उपस्थित थे।

**Chola**
Enter a better life

## चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड

**कॉर्पोरेट कार्यालय:** चोला क्रेस्ट, सुपर बी, सी54 और सी55, 4, थिरु वी का इंडस्ट्रियल एस्टेट, गिंडी, चेन्नई-600032

**कब्ज़ा नोटिस [(परिशिष्ट IV) नियम 8(1) के तहत]**

जबकि अधोहस्ताक्षरी मैसर्स का प्राधिकृत अधिकारी है। चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का 54) के तहत और सुरक्षा हित के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए [प्रवर्तन] ] नियम, 2002 ने उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत नीचे उल्लिखित दिनांकित डिमांड नोटिस जारी किए हैं, जिसमें आपसे उधारकर्ता (नीचे उल्लिखित नाम और पते) के रूप में उक्त नोटिस में उल्लिखित राशि और उस पर ब्याज को 60 दिनों के भीतर चुकाने के लिए कहा गया है। उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख. नीचे उल्लिखित उधारकर्ता राशि चुकाने में असफल रहे हैं, इसलिए नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं और आम जनता को नोटिस दिया जाता है कि नीचे हस्ताक्षरकर्ता ने उप-धारा के तहत मुझे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति पर कब्जा कर लिया है। (4) अधिनियम की धारा 13 को सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के साथ पढ़ा जाए। ऊपर उल्लिखित उधारकर्ताओं को विशेष रूप से और सामान्य रूप से जनता को आगाह किया जाता है कि वे उक्त संपत्ति और संपत्ति के साथ लेनदेन न करें। मेसर्स के प्रभार के अधीन होगा। चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड को नीचे उल्लिखित राशि और उस पर ब्याज के लिए। सुरक्षित संपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

| नाम और उधारकर्ताओं का पता एवं ऋण खाता संख्या | मांग नोटिस की तारीख | ओ/एस. राशी | अचल संपति का विवरण | कब्जे की तारीख |
|---|---|---|---|---|
| **ऋण खाता संख्या** LAP4DNB000053027 **1. संजय राम 2.ममता देवी** सी/ओ-स्वर्गीय नौरंगी राम, गांव-जमुआ, पोस्ट-जमुआ थाना जमुआ गिरिडीह झारखंड, मंदिर, गिरिडीह, 815318. **इसके अलावा:** थाना नंबर 353 वार्ड नंबर 2 जमुआ गिरिडीह गिरिडीह जमुआ गिरिडीह 815315 | 25-07-2024 | 23-07-2024 तक रु.3827452/- (अड़तीस लाख सत्ताईस हजार चार सौ बावन रुपये मात्र) | संपत्ति अवस्थित -मोजा -जमुआ थाना कसमार, थाना संख्या 353, तौजी संख्या-01, खेवट संख्या-01, खाता संख्या-04 प्लॉट संख्या 278 क्षेत्रफल 10.25 जमुआ थाना- जमुआ परगना खड़गडीहा उप रजिस्ट्री गिरिडीह जिला गिरिडीह राज्य झारखंड . उत्तर- 10 फीट रास्ता, दक्षिण- देसरथ रॉय समान प्लॉट, दक्षिण- उषा देवी समान प्लॉट, पश्चिम- दशरथ रॉय समान प्लॉट | 07-10-2024 (कब्ज़ा) |

स्थानः गिरडीह
दिनांकः 07-10-2024

एसडी/-प्राधिकृत अधिकारी,
चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड

## उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग
(जिला भू–अर्जन षाखा)

प्रपत्र **XIII**
(अधिनियम की धारा–21(2) या 21(4) के तहत् नोटिस)

पत्रांकः– 1985 / भू0अ0 दिनांकः– 07.10.2024
भू–अर्जन वाद सं0–19 / 2022–23

बजरिये नोटिस सूचित किया जाता है कि कुल 175.45 एकड़ भूमि जो मौजा गाली थाना नं0 144 अंचल बड़कागाँव जिला हजारीबाग में अवस्थित तथा निम्न प्रकार चिन्हित एवं मापित है उसे गोन्दुलपारा कोयला खनन प्रयोजन हेतु सरकार द्वारा अधिनियम 30 / 2013 के अधीन अधिघोषणा सं0 1641 / भू0अ0, हजारीबाग दिनांक 11.09.2024 के तहत् अधिग्रहीत किया जाना है। इस जमीन में इच्छुक / हितबद्ध सभी व्यक्तियों को इस माध्यम से स्वयं अथवा प्रतिनिधि / अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 13.11.2024 को कार्यालय जिला भू–अर्जन शाखा, हजारीबाग समय 11:00 बजे पूर्वाहन् पर उपस्थित होकर अपने दावे का प्रकार और क्षतिपूर्ति के लिए किसी दावे, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन से संबंधित दावे या धारा–20 के तहत् जमीन के मेजरमेंट से संबंधित आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते हैं।

इस संबंध में भू–अर्जन कार्यालय, हजारीबाग के द्वारा धारा 21(2)के तहत सभी रैयतों को व्यक्तिगत नोटिस अंचल कार्यालय, बड़कागांव के माध्यम से प्रेशित किया गया है जिसकी प्रति संबंधित रैयत बड़कागांव अंचल से प्राप्त कर सकते हैं। उपर्युक्त कम में अग्रतर सूचना का प्रकाशन सर्व–सुलभ करने हेतु हजारीबाग जिला की वेबसाइट https://hazaribag.nic.in/ पर प्रकाशन किया जा चुका है तथा स्थानीय समाचार पत्र के माध्यम से अधिग्रहण की जानी वाली भूमि का विवरण रैयतवार दिया जा रहा जो निम्नवत हैः–

| नोटिस नं0 | नाम | खाता नं0 | प्लॉट नं0 | रकबा (एकड़ में) | सीमा उ0 | सीमा द 0 | सीमा पू0 | सीमा प0 | कुल रकबा (एकड़ में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 95 | जानकी महतो पिता सोबरन महतो सा0 गान्देलपुरा। | 17 | 44 | 0.31 | प्लॉट– 43 | प्लॉट– 39 | प्लॉट– 46 | प्लॉट– 39 | 0.89 |
| | | 5 | 175/3 | 0.14 | प्लॉट– 177 | प्लॉट– 174 | प्लॉट– 204 | प्लॉट– 176 | |
| | | 5 | 176/1 | 0.06 | प्लॉट– 177 | प्लॉट– 174 | प्लॉट– 175 | प्लॉट– 173 | |
| | | 5 | 356/2 | 0.1 | प्लॉट– 365 | प्लॉट– 354 | प्लॉट– 360 | प्लॉट– 366 | |
| | | 5 | 357/2 | 0.04 | प्लॉट– 356 | प्लॉट– 333 | प्लॉट– 359 | प्लॉट– 354 | |
| | | 29 | 418/1 | 0.24 | प्लॉट– 417 | प्लॉट– 382 | प्लॉट– 419 | प्लॉट– 382 | |
| 96 | जागेश्वर महतो पिता गोर्वधन महतो सा0 गान्देलपुरा। | 35 | 134/2 | 0.07 | प्लॉट– 102 | प्लॉट– 155 | प्लॉट– 135 | प्लॉट– 133 | 0.48 |
| | | 35 | 155 | 0.41 | प्लॉट– 134 | प्लॉट– 159 | प्लॉट– 154 | प्लॉट– 156 | |
| 97 | जसवा देवी पति परमेश्वर गोप सा0 गान्देलपुरा। | 28 | 120/1 | 0.08 | प्लॉट– 118 | गोन्दलपुरा | प्लॉट– 122 | प्लॉट– 119 | 0.08 |
| 98 | जसवा देवी वो बन्धनी देवी पिता स्व0 देवला भूईयां साकिन गोन्दलपुरा | 22 | 354 | 0.0025 | प्लॉट– 356 | प्लॉट– 353 | प्लॉट– 357 | प्लॉट– 366 | 0.0025 |
| 99 | जनेधर गंझु, फलेन्द्र गंझु, खिरोधर गंझु, सुरेन्द्र गंझु पिता स्व0 मोगल गंझु वा`अघन गंझु, तिलु गंझु, सुखदेव गंझु पिता स्व0 जग्रनाथ गंझु वो विरवा गंझु पिता स्व0 चमन गंझु वो रमन गंझु पिता स्व0 लटु गंझु जति भोगता सा0 देह। | 24 | 148 | 0.76 | प्लॉट– 139 | प्लॉट– 159 | प्लॉट– 147 | प्लॉट– 150 | 2.35 |
| | | 24 | 206 | 0.1 | प्लॉट– 205 | प्लॉट– 362 | प्लॉट– 207 | प्लॉट– 174 | |
| | | 24 | 230 | 0.4 | प्लॉट– 228 | प्लॉट– 226 | प्लॉट– 232 | प्लॉट– 228 | |
| | | 24 | 276 | 0.09 | प्लॉट– 277 | प्लॉट– 279 | प्लॉट– 275 | प्लॉट– 279 | |
| | | 24 | 304 | 0.06 | प्लॉट– 297 | प्लॉट– 306 | प्लॉट– 305 | प्लॉट– 323 | |
| | | 24 | 305 | 0.34 | प्लॉट– 302 | प्लॉट– 306 | प्लॉट– 279 | प्लॉट– 304 | |
| | | 24 | 409 | 0.6 | प्लॉट– 378 | प्लॉट– 424 | प्लॉट– 424 | प्लॉट– 408 | |
| 100 | जगदेव तुरी उर्फ वकील तुरी पिता जदू तुरी साकिन गान्देलपुरा। | 3 | 124/1 | 0.21 | प्लॉट– 126 | गोन्दलपुरा | प्लॉट– 125 | प्लॉट– 122 | 0.21 |
| 101 | जलधर महतो, चुरामन महता` पिता स्व0 नन्कु महतो वो महावीर महतो, बिरजु महतो पिता स्व0 चेतल महतो सा0 गान्देलपुरा। | 13 | 5/II | 0.21 | प्लॉट– 2 | प्लॉट– 6 | प्लॉट– 8 | प्लॉट– 96 | 1.48 |
| | | 13 | 12/I | 0.32 | प्लॉट– 4 | प्लॉट– 10 | प्लॉट– 13 | प्लॉट– 8 | |
| | | 29 | 164/1 | 0.58 | प्लॉट– 161 | गोन्दलपुरा | प्लॉट– 173 | गोन्दलपुरा | |
| | | 29 | 248/1 | 0.11 | प्लॉट– 46 | प्लॉट– 246 | प्लॉट– 46 | प्लॉट– 247 | |
| | | 29 | 325/1 | 0.26 | प्लॉट– 333 | प्लॉट– 324 | प्लॉट– 297 | प्लॉट– 329 | |
| 102 | नारायण गोप पिता स्व0 खिरोधर गोप वा`रमन गोप पिता स्व0 झमन गोप वो धनेश्वर गोप पिता स्व0 महादेव गोप जाति ग्वाला सा0 गान्देलपुरा। | 28 | 21 | 0.38 | प्लॉट– 20 | प्लॉट– 23 | प्लॉट– 39 | प्लॉट– 22 | 3.21 |
| | | 28 | 24 | 0.32 | प्लॉट– 23 | प्लॉट– 26 | प्लॉट– 27 | प्लॉट– 16 | |
| | | 28 | 29 | 0.49 | प्लॉट– 27 | प्लॉट– 34 | प्लॉट– 34 | प्लॉट– 14 | |
| | | 28 | 91 | 0.6 | प्लॉट– 94 | प्लॉट– 180 | प्लॉट– 91 | प्लॉट– 92 | |
| | | 28 | 120 | 0.74 | प्लॉट– 117 | गोन्दलपुरा | प्लॉट– 122 | प्लॉट– 119 | |
| | | 28 | 137 | 0.61 | प्लॉट– 99 | प्लॉट– 149 | प्लॉट– 139 | प्लॉट– 135 | |
| | | 28 | 315 | 0.07 | प्लॉट– 316 | प्लॉट– 313 | प्लॉट– 317 | प्लॉट– 314 | |
| 103 | नारायण गोप, लील गोप, खेदु गोप, बंसत गोप, उपेन्द्र गोप पिता स्व0 जोधी गोप वो चुरामन गोप, सहदेव गोप, पारसनाथ गोप पिता स्व0 तेजा`गोप वो सुकरी देवी पिता स्व0 जागो गोप सा0 गान्देलपुरा। | 2 | 23 | 1.5 | प्लॉट– 19 | प्लॉट– 24 | प्लॉट– 35 | प्लॉट– 17 | 5.445 |
| | | 2 | 92 | 1.66 | प्लॉट– 94 | प्लॉट– 179 | प्लॉट– 91 | प्लॉट– 142 | |
| | | 2 | 93 | 0.16 | प्लॉट– 94 | प्लॉट– 92 | प्लॉट– 94 | प्लॉट– 141 | |
| | | 2 | 141 | 0.46 | प्लॉट– 94 | प्लॉट– 145 | प्लॉट– 93 | प्लॉट– 140 | |
| | | 2 | 142 | 0.285 | प्लॉट– 141 | प्लॉट– 144 | प्लॉट– 92 | प्लॉट– 145 | |
| | | 2 | 310 | 0.33 | प्लॉट– 319 | प्लॉट– 378 | प्लॉट– 309 | प्लॉट– 319 | |
| | | 2 | 314 | 0.14 | प्लॉट– 335 | प्लॉट– 313 | प्लॉट– 315 | प्लॉट– 336 | |
| | | 2 | 395 | 0.91 | प्लॉट– 378 | प्लॉट– 396 | प्लॉट– 404 | प्लॉट– 394 | |
| 104 | नागेश्वर महतो वो जागेश्वर महतो(ज्योति जलधर) पिता गोर्वधन महतो सा0 गान्देलपुरा। | 13 | 5/I | 0.04 | प्लॉट– 2 | प्लॉट– 6 | प्लॉट– 8 | प्लॉट– 96 | 0.38 |
| | | 13 | 6/I | 0.04 | प्लॉट– 5 | प्लॉट– 7 | प्लॉट– 8 | प्लॉट– 96 | |
| | | 13 | 7/I | 0.04 | प्लॉट– 8 | प्लॉट– 96 | प्लॉट– 9 | प्लॉट– 96 | |
| | | 5 | 336/1 | 0.14 | प्लॉट– 333 | प्लॉट– 313 | प्लॉट– 335 | प्लॉट– 337 | |
| | | 5 | 336/2 | 0.12 | प्लॉट– 333 | प्लॉट– 313 | प्लॉट– 335 | प्लॉट– 337 | |
| 105 | नन्दकुमार महता`पिता किशुन महतो सा0 गान्देलपुरा। | 34 | 158/3 | 0.2 | प्लॉट– 160 | प्लॉट– 160 | प्लॉट– 159 | गोन्दलपुरा | 0.2 |
| 106 | अरूण कुमार, अजय कुमार, आनन्द कुमार, अभय कुमार, पप्पु कुमार माता सुमित्रा देवी पति पुरनचन्द्र आर्य सा0 गाली। | 29 | 242/1 | 0.1 | प्लॉट– 244 | प्लॉट– 232 | प्लॉट– 241 | प्लॉट– 243 | 0.7 |
| | | 29 | 249/1 | 0.11 | प्लॉट– 46 | प्लॉट– 246 | प्लॉट– 251 | प्लॉट– 248 | |
| | | 29 | 250 | 0.02 | प्लॉट– 249 | प्लॉट– 263 | प्लॉट– 249 | प्लॉट– 246 | |
| | | 29 | 251 | 0.47 | प्लॉट– 254 | प्लॉट– 263 | प्लॉट– 254 | प्लॉट– 249 | |
| 107 | अनिल कुमार पिता धानेश्वर महतो जाति कोयरी सा0 कढतरी | 15 | 379/IV | 0.03 | प्लॉट– 378 | प्लॉट– 382 | प्लॉट– 384 | गोन्दलपुरा | 0.03 |
| 108 | आशा कुमारी पति विक्रम कुमार महतो जाति कोयरी सा0 गान्देलपुरा | 15 | 379/II | 0.12 | प्लॉट– 378 | प्लॉट– 382 | प्लॉट– 384 | गोन्दलपुरा | 0.12 |
| 109 | टेकल राणा पिता रीझन राणा सा0 गान्देलपुरा। | 19 | 372 | 0.16 | प्लॉट– 368 | प्लॉट– 378 | प्लॉट– 371 | प्लॉट– 373 | 0.16 |
| 110 | अर्जुन प्रसाद यादव पिता कल्लु यादव जाति ग्वाला निवासी पसई कटकमसांडी, हजारीबाग। | 4 | 18/I | 0.12 | बलोदर | प्लॉट– 23 | प्लॉट– 19 | प्लॉट– 1 | 0.12 |
| 111 | अर्जुन राणा पिता मोगल राणा सा0 गान्देलपुरा। | 5 | 360/2 | 0.06 | प्लॉट– 362 | प्लॉट– 333 | प्लॉट– 333 | प्लॉट– 356 | 0.06 |
| 112 | अनीता देवी पति बैजनाथ महतो उर्फ दिनेश्वर महतो जाति कोयरी सा0 गोन्दलपुरा | 1 | 2/I | 0.19 | प्लॉट– 1 | प्लॉट– 5 | प्लॉट– 16 | प्लॉट– 96 | 2.575 |
| | | 1 | 19/I | 0.115 | बलोदर | प्लॉट– 23 | प्लॉट– 22 | प्लॉट– 18 | |
| | | 23 | 34/I | 0.18 | प्लॉट– 27 | प्लॉट– 46 | प्लॉट– 46 | प्लॉट– 30 | |
| | | 23 | 35/I | 0.0575 | प्लॉट– 39 | प्लॉट– 46 | प्लॉट– 39 | प्लॉट– 23 | |
| | | 12 | 157/I | 0.2 | प्लॉट– 134 | प्लॉट– 158 | प्लॉट– 156 | गोन्दलपुरा | |
| | | 1 | 165/I | 0.08 | प्लॉट– 169 | प्लॉट– 377 | प्लॉट– 167 | गोन्दलपुरा | |
| | | 15 | 179/I | 0.78 | प्लॉट– 92 | प्लॉट– 176 | प्लॉट– 180 | प्लॉट– 160 | |
| | | 23 | 306/I | 0.07 | प्लॉट– 305 | प्लॉट– 308 | प्लॉट– 307 | प्लॉट– 322 | |
| | | 23 | 308/I | 0.01 | प्लॉट– 306 | प्लॉट– 378 | प्लॉट– 307 | प्लॉट– 309 | |
| | | 23 | 324/II | 0.0375 | प्लॉट– 325 | प्लॉट– 318 | प्लॉट– 323 | प्लॉट– 316 | |
| | | 1 | 376/I | 0.11 | प्लॉट– 367 | प्लॉट– 378 | प्लॉट– 374 | प्लॉट– 377 | |
| | | 15 | 379/I | 0.55 | प्लॉट– 378 | प्लॉट– 382 | प्लॉट– 384 | गोन्दलपुरा | |
| | | 15 | 380/I | 0.075 | प्लॉट– 379 | प्लॉट– 381 | प्लॉट– 382 | गोन्दलपुरा | |
| | | 23 | 402/I | 0.08 | प्लॉट– 406 | प्लॉट– 412 | प्लॉट– 411 | प्लॉट– 395 | |
| | | 23 | 408/I | 0.04 | प्लॉट– 378 | प्लॉट– 407 | प्लॉट– 409 | प्लॉट– 405 | |
| 113 | अनरवा देवी पति दिनशेवर महतो सा0 गान्देलपुरा। | 3 | 117/1 | 0.1025 | प्लॉट– 116 | प्लॉट– 119 | प्लॉट– 109 | गोन्दलपुरा | 0.1025 |
| 114 | अनुप गंझु वो मितन गंझु पिता जटहु गंझु जाति भोगता सा0 देह ब हिस्सा बराबर | 30 | 45 | 0.23 | प्लॉट– 46 | प्लॉट– 46 | प्लॉट– 46 | प्लॉट– 39 | 2.3 |
| | | 30 | 67 | 0.4 | प्लॉट– 71 | प्लॉट– 66 | प्लॉट– 65 | प्लॉट– 73 | |
| | | 30 | 200 | 0.29 | प्लॉट– 55 | प्लॉट– 201 | प्लॉट– 226 | प्लॉट– 4393 | |
| | | 30 | 202 | 0.02 | प्लॉट– 201 | प्लॉट– 177 | प्लॉट– 203 | प्लॉट– 439 | |
| | | 30 | 237 | 0.04 | प्लॉट– 263 | प्लॉट– 236 | प्लॉट– 236 | प्लॉट– 234 | |
| | | 30 | 240 | 0.14 | प्लॉट– 246 | प्लॉट– 232 | प्लॉट– 239 | प्लॉट– 241 | |
| | | 30 | 245 | 0.08 | प्लॉट– 246 | प्लॉट– 228 | प्लॉट– 244 | प्लॉट– 50 | |
| | | 30 | 261 | 0.34 | प्लॉट– 254 | प्लॉट– 263 | प्लॉट– 260 | प्लॉट– 263 | |
| | | 30 | 262 | 0.14 | प्लॉट– 263 | प्लॉट– 263 | प्लॉट– 263 | प्लॉट– 236 | |
| | | 30 | 264 | 0.43 | प्लॉट– 263 | प्लॉट– 266 | प्लॉट– 254 | प्लॉट– 265 | |
| | | 30 | 285 | 0.12 | प्लॉट– 289 | प्लॉट– 284 | प्लॉट– 286 | प्लॉट– 290 | |
| | | 30 | 286 | 0.07 | प्लॉट– 287 | प्लॉट– 284 | प्लॉट– 280 | प्लॉट– 285 | |
| 115 | अनुप गोस्वामी वो अशोक गास्वामी पिता स्व0 बैजनाथ गास्वामी वो मा0 रेखा देवी पति स्व0 बैजनाथ गास्वामी अर्जुन गोस्वामी वा`गिरिजा गोस्वामी पिता स्व0 गोबिन्द गोसाई वो सहदेव गोसाई पिता स्व0 लटन गोस्वामी साकिन गाली। | 29 | 73 | 0.24 | प्लॉट– 72 | प्लॉट– 187 | प्लॉट– 66 | प्लॉट– 74 | 1.73 |
| | | 29 | 77 | 0.52 | प्लॉट– 84 | प्लॉट– 185 | प्लॉट– 76 | प्लॉट– 81 | |
| | | 29 | 181/1 | 0.02 | प्लॉट– 90 | प्लॉट– 178 | प्लॉट– 182 | प्लॉट– 180 | |
| | | 29 | 277 | 0.61 | प्लॉट– 278 | प्लॉट– 275 | प्लॉट– 270 | प्लॉट– 279 | |
| | | 29 | 292 | 0.12 | प्लॉट– 226 | प्लॉट– 295 | प्लॉट– 282 | प्लॉट– 293 | |
| | | 29 | 293 | 0.02 | प्लॉट– 292 | प्लॉट– 295 | प्लॉट– 292 | प्लॉट– 297 | |
| | | 29 | 294 | 0.03 | प्लॉट– 295 | प्लॉट– 297 | प्लॉट– 295 | प्लॉट– 297 | |
| | | 29 | 295 | 0.17 | प्लॉट– 295 | प्लॉट– 297 | प्लॉट– 295 | प्लॉट– 297 | |
| 116 | मनोज कुमार, भौसले, दीलीप कुमार भौसल`पिता स्व0 देवकी नन्दन राउत वो उदय शंकर राउत, प्रेम राउत, दया राउत, टिंकु राउत, रविशंकर राउत पिता स्व0 मथुरा राउत वा`हिना कुमारी, जेडी कुमारी, सुमित राउत पिता स्व0 तारा राउत वो अरूण राउत, अजय राउत,, आनंद कुमार, अभय कुमार, पप्पु कुमार माता स्व0 सुमित्रा देवी(पति पुरन चन्द्र) वा`शुशीला देवी पति स्व0 मानकी राम (पति रघुनन्दन प्रसाद जाति कुरमी सा0 देह ब हिस्सा बराबर। | 8 | 56 | 0.54 | प्लॉट– 46 | प्लॉट– 55 | प्लॉट– 53 | प्लॉट– 57 | 13.47 |
| | | 8 | 70 | 0.43 | प्लॉट– 46 | प्लॉट– 69 | प्लॉट– 46 | प्लॉट– 68 | |
| | | 8 | 72 | 0.26 | प्लॉट– 46 | प्लॉट– 73 | प्लॉट– 71 | प्लॉट– 85 | |
| | | 8 | 85 | 0.19 | प्लॉट– 86 | प्लॉट– 84 | प्लॉट– 72 | प्लॉट– 87 | |
| | | 8 | 86 | 0.12 | प्लॉट– 96 | प्लॉट– 85 | प्लॉट– 72 | प्लॉट– 95 | |
| | | 8 | 87 | 1.12 | प्लॉट– 96 | प्लॉट– 94 | प्लॉट– 85 | प्लॉट– 89 | |
| | | 8 | 94 | 1.75 | प्लॉट– 87 | प्लॉट– 91 | प्लॉट– 89 | प्लॉट– 141 | |
| | | 8 | 97 | 0.67 | प्लॉट– 96 | प्लॉट– 99 | प्लॉट– 96 | प्लॉट– 103 | |
| | | 8 | 98 | 0.02 | प्लॉट– 99 | प्लॉट– 99 | प्लॉट– 97 | प्लॉट– 99 | |
| | | 8 | 99 | 0.19 | प्लॉट– 97 | प्लॉट– 137 | प्लॉट– 94 | प्लॉट– 100 | |
| | | 8 | 103 | 0.14 | प्लॉट– 104 | प्लॉट– 101 | प्लॉट– 97 | प्लॉट– 105 | |
| | | 8 | 106 | 0.15 | प्लॉट– 107 | प्लॉट– 104 | प्लॉट– 96 | प्लॉट– 107 | |
| | | 8 | 186 | 0.69 | प्लॉट– 75 | प्लॉट– 177 | प्लॉट– 187 | प्लॉट– 185 | |
| | | 8 | 191 | 0.56 | प्लॉट– 64 | प्लॉट– 177 | प्लॉट– 192 | प्लॉट– 190 | |
| | | 8 | 193 | 0.56 | प्लॉट– 55 | प्लॉट– 177 | प्लॉट– 194 | प्लॉट– 192 | |
| | | 8 | 196 | 0.6 | प्लॉट– 195 | प्लॉट– 177 | प्लॉट– 197 | प्लॉट– 195 | |
| | | 8 | 227 | 0.84 | प्लॉट– 228 | प्लॉट– 226 | प्लॉट– 228 | प्लॉट– 226 | |
| | | 8 | 228 | 3.32 | प्लॉट– 50 | प्लॉट– 226 | प्लॉट– 243 | प्लॉट– 55 | |
| | | 8 | 229 | 0.08 | प्लॉट– 228 | प्लॉट– 226 | प्लॉट– 230 | प्लॉट– 228 | |
| | | 8 | 280 | 0.37 | प्लॉट– 288 | प्लॉट– 281 | प्लॉट– 279 | प्लॉट– 286 | |
| | | 8 | 337 | 0.055 | प्लॉट– 333 | प्लॉट– 340 | प्लॉट– 336 | प्लॉट– 339 | |
| | | 8 | 348 | 0.065 | प्लॉट– 349 | प्लॉट– 342 | प्लॉट– 339 | प्लॉट– 347 | |
| | | 8 | 399 | 0.56 | प्लॉट– 398 | प्लॉट– 414 | प्लॉट– 414 | प्लॉट– 387 | |
| | | 8 | 407 | 0.19 | प्लॉट– 408 | प्लॉट– 410 | प्लॉट– 408 | प्लॉट– 406 | |
| 117 | अनुप गोस्वामी वो अशोक गास्वामी पिता स्व0 बैजनाथ गास्वामी वो मा0 रेखा देवी पति स्व0 बैजनाथ गास्वामी अर्जुन गोस्वामी वा`गिरिजा गास्वामी पिता स्व0 गोबिन्द गोसाई गोस्वामी साकिन गाली। | 5 | 410/3 | 0.065 | प्लॉट– 407 | प्लॉट– 411 | प्लॉट– 424 | प्लॉट– 406 | 0.065 |
| 118 | अन्तु राणा, पन्तु राणा, सरला राणा पिता स्व0 बुधन बडही वा`कैला राणा वा`मुटर राणा पिता नन्हक राणा सा0 गान्देलपुरा। | 21 | 335 | 0.115 | प्लॉट– 333 | प्लॉट– 315 | प्लॉट– 316 | प्लॉट– 336 | 1.445 |
| | | 21 | 350 | 0.44 | प्लॉट– 366 | प्लॉट– 348 | प्लॉट– 349 | प्लॉट– 366 | |
| | | 21 | 351 | 0.09 | प्लॉट– 352 | प्लॉट– 349 | प्लॉट– 339 | प्लॉट– 350 | |
| | | 21 | 396 | 0.27 | प्लॉट– 395 | प्लॉट– 398 | प्लॉट– 397 | प्लॉट– 388 | |
| | | 21 | 400 | 0.36 | प्लॉट– 397 | प्लॉट– 399 | प्लॉट– 412 | प्लॉट– 398 | |
| | | 21 | 404 | 0.17 | प्लॉट– 405 | प्लॉट– 402 | प्लॉट– 406 | प्लॉट– 395 | |
| 119 | गुंदक महतो, जागेश्वर महतो, लालदेव महतो, गंगाधर महतो, जमुनाथ महतो, जितेन्द्र महतो माता कौशल्या देवी पति टिभर महतो | 22 | 354/1 | 0.1575 | प्लॉट– | प्लॉट– | प्लॉट– | प्लॉट– | 0.1575 |
| 120 | गंगा देवी पति देवनाथ महतो सा0 गान्देलपुरा। | 13 | 153/1 | 0.14 | प्लॉट– 153 | प्लॉट– 159 | प्लॉट– 151 | प्लॉट– 154 | 0.14 |
| 121 | गोवर्धन महतो पिता सोबरन महतो | 29 | 4 | 0.44 | प्लॉट– 2 | प्लॉट– 12 | प्लॉट– 14 | प्लॉट– 5 | 0.44 |
| 122 | लक्ष्मण महतो, सुरेश महतो पिता स्व0 मुंशी महतो वा` तालश्वेर महतो, किटु महतो पिता स्व0 रंगु महतो वा`गुदक महतो, जागेश्वर महतो, लालदेव महतो, गंगाधर महतो, जितेन्द्र महतो, जमुनानाथ महतो पिता स्व0 टिभर महतो वा`रामेश्वर महतो, अकलु महतो, चरकु महतो पिता स्व0 जिलाल महतो वो कोल्हा महतो, धगरू महतो पिता स्व0 कृति महतो वो डूमन महतो, युगल महतो, वा`रोशमनी महतो पिता स्व0 तिलक महतो वा`सुमेर महतो, रघुनन्दन महतो पिता स्व0 पुरन महता` वा`त्रिवेणी महतो, दुर्जन महतो, कारू महतो, देवनाथ महता` पिता स्व0 हसराम महतो वा` नागेश्वर महतो, चतुर महतो, पोखन महतो, ईश्वरी महतो पिता स्व0 शिबन महतो वो बडु महतो, छोटु महतो, लंगरू महतो पिता स्व0 तेजा महतो जाति कोयरी सा0 गोन्दलपुरा ब हिस्सा बराबर। | 20 | 95 | 0.9 | प्लॉट– 96 | प्लॉट– 94 | प्लॉट– 87 | प्लॉट– 94 | 3.81 |
| | | 20 | 139 | 0.51 | प्लॉट– 138 | प्लॉट– 148 | प्लॉट– 140 | प्लॉट– 137 | |
| | | 20 | 140 | 0.52 | प्लॉट– 94 | प्लॉट– 147 | प्लॉट– 141 | प्लॉट– 140 | |
| | | 20 | 144 | 0.09 | प्लॉट– 142 | प्लॉट– 145 | प्लॉट– 179 | प्लॉट– 145 | |
| | | 20 | 145 | 0.97 | प्लॉट– 141 | प्लॉट– 179 | प्लॉट– 142 | प्लॉट– 146 | |
| | | 20 | 146 | 0.82 | 140 | प्लॉट– 179 | प्लॉट– 145 | प्लॉट– 147 | |
| 123 | लीलु राणा, टेकन राणा पिता स्व0 जदु बडही वा`भुनेश्वर राणा पिता स्व0 सिबल राणा वा`विशुन राणा पिता स्व0 खधुवा बडही वा`सुरेश राणा, धनेश्वर राणा, महशे राणा, अशोक राणा पिता स्व0 किशुन राणा वो राजेश राणा, अनुज राणा, विक्की राणा पिता स्व0 विजय राणा वो गणशे शर्मा, महेन्द्र राणा, अरूण राणा पिता स्व0 मिठु राणा वा`जगदेव राणा पिता स्व0 भुगली राणा वा`मुलीया देवी, डोमनी देवी, नगीया देवी पिता स्व0 जागो राणा वो कोमल राणा पिता स्व0 सिबल राणा जाति बडही सा0 गान्देलपुरा। | 10 | 78 | 0.14 | प्लॉट– 79 | प्लॉट– 184 | प्लॉट– 77 | प्लॉट– 88 | 1.2 |
| | | 10 | 80 | 0.16 | प्लॉट– 81 | प्लॉट– 79 | प्लॉट– 77 | प्लॉट– 88 | |
| | | 10 | 81 | 0.19 | प्लॉट– 82 | प्लॉट– 80 | प्लॉट– 77 | प्लॉट– 88 | |
| | | 10 | 82 | 0.11 | प्लॉट– 83 | प्लॉट– 81 | प्लॉट– 77 | प्लॉट– 88 | |
| | | 10 | 83 | 0.12 | प्लॉट– 84 | प्लॉट– 82 | प्लॉट– 77 | प्लॉट– 88 | |
| | | 10 | 84 | 0.14 | प्लॉट– 85 | प्लॉट– 83 | प्लॉट– 77 | प्लॉट– 87 | |
| | | 10 | 381 | 0.34 | प्लॉट– 380 | प्लॉट– 382 | प्लॉट– 382 | गोन्दलपुरा | |

PR 338711 Land Reforms (24-25)_D

ह0 / –
जिला भू–अर्जन पदाधिकारी,
हजारीबाग

# स्वामी विवेकानंद की प्रेरणा को आगे बढ़ायेंगे नोएल टाटा




आर.के. सिन्हा

**रतन टाटा ने अपने सामाजिक दायित्वों को हमेशा समझा। इसीलिए टाटा समूह हर साल बहुत बड़ी रकम खर्च करता है। टाटा समूह सिर्फ एक कॉर्पोरेशन नहीं है, बल्कि एक ऐसा संगठन है जिसके डीएनए में 'समाज सेवा' है। जमशेदजी टाटा की दूरदृष्टि से स्थापित इस समूह ने शुरू से ही समाज सेवा को अपने कार्यों का अभिन्न अंग बनाया है।**

रतन टाटा के निधन के एक दिन बाद ही उनके सौतेले छोटे भाई नोएल टाटा को टाटा ट्रस्ट का नया चेयरपर्सन नियुक्त किया गया है। टाटा ट्रस्ट के माध्यम से ही टाटा समूह परोपकारी कामों को करता है। पूरे देश की आशा है कि 76 वर्षीय नोएल टाटा अपने अग्रज के नक्शे कदमों पर चलते रहेंगे। वे नवल टाटा, जो रतन के पिता भी थे, और सिमोन टाटा के पुत्र हैं। वे टाटा ट्रस्ट सहित कई टाटा कंपनियों के बोर्ड में हैं। वह अब वे टाटा समूह के धर्मार्थ और लोक कल्याणकारी कार्यों का नेतृत्व करेंगे। वह टाटा इंटरनेशनल लिमिटेड, वोल्टास और टाटा इन्वेस्टमेंट कॉर्पोरेशन के चेयरमैन और टाटा स्टील और टाइटन कंपनी लिमिटेड के उपाध्यक्ष हैं। उनकी छवि रतन की तरह ही धीर-गंभीर है। वह कोई बहुत खबरों में रहना पसंद नहीं करते। वह एक कर्मयोगी की तरह काम में लगे रहना पसंद करते हैं। रतन टाटा भी तो सुर्खियों से दूर ही रहना पसंद करते थे और एक शमीर्ले अकेले व्यक्ति की सार्वजनिक छवि पेश करते थे।

रतन की तरह नोएल को भी अपने पिता नवल टाटा से बिजनेस की बारीकियों को जानने का मौका मिला। नवल टाटा भारतीय हॉकी संघ के अध्यक्ष भी रहे। नवल टाटा ने अपने एक निकट संबंधी सुनी टाटा से शादी की, लेकिन जब रतन और उनके छोटे भाई, जिमी, अभी भी बहुत छोटे थे, तब वे अलग हो गए। नोएल की मां सिमोन हैं। वह रतन टाटा की अंत्येष्टि में मौजूद थीं। उन्होंने सौंदर्य प्रसाधन की कंपनी लैक्मे को स्थापित किया था। सिमोन टाटा मूल रूप से स्विट्जरलैंड से हैं। वह 1953 में जब भारत आईं तो यहां उनकी मुलाकात नवल एच. टाटा से हुई। उसके बाद दोनों शादी की। उन्होंने रतन टाटा और नोएल का पालन-पोषण किया।

बहरहाल, नोएल टाटा के ऊपर एक बड़ी जिम्मेदारी है कि वह रतन टाटा की विरासत को आगे लेकर जाएं। रतन टाटा ने टाटा ग्रुप को दुनिया के बड़े कोरपोरेट हाउस में तब्दील कर दिया था। रतन टाटा अपने ग्रुप के 1991 से 2012 तक अध्यक्ष रहे। इस दौरान टाटा ग्रुप के मुनाफे में 50 गुना वृद्धि हुई, जिसमें अधिकांश राजस्व विदेशों में जगुआर और लैंड रोवर वाहनों और टेटली चाय जैसे पहचाने जाने वाले टाटा उत्पादों की बिक्री से आया। रतन टाटा के नेतृत्व में उनके समूह का भारत में प्रभाव पहले से कहीं अधिक ही हुआ। दरअसल रतन टाटा उन मूल्यों को प्रतिबिंबित करते थे जिनमें व्यावसायिकता, उद्यमशीलता और सभी हितधारकों के हितों को आगे बढ़ाने को लेकर एक प्रतिबद्धता का मिला




जुला भाव होता है। उनके नेतृत्व में, टाटा ग्रुप ने कई चुनौतियों का सामना किया और लाभदायक विकास पर अधिक ध्यान देने के साथ हर बार मजबूत बनकर उभरी। बेशक, वह भारत के कॉरपोरेट जगत के सबसे सफल और सम्मानित नाम रहे।

रतन टाटा ने वक्त रहते ही टाटा ग्रुप में अपने संभावित उत्तराधिकारियों को तैयार कर शुरू दिया था। यह तो सबको पता है कि हरेक व्यक्ति के सक्रिय करियर की आखिरकार एक उम्र है। उसके बाद तो उसे अपने पद को छोड़ना ही है, खुशी-खुशी छोड़े या मजबूरी में छोड़ना पड़े कइसलिए बेहतर होगा कि किसी कंपनी का प्रमोटर, चेयरमेन या किसी संस्थान का जिम्मेदार पद पर आसीन शख्स अपना एक या एक से अधिक उत्तराधिकारी तैयार कर ले। बेहतर उत्तराधिकारी मिलने से किसी कंपनी या संस्थान की ग्रोथ प्रभावित नहीं होती। सत्ता का हस्तांतरण बिना किसी संकट या व्यवधान के हो जाता है। आप कंपनी को मेंटोर के रूप में शिखर या कहें कि चेयरमेन के पद से हटने के बाद भी सलाह तो दे ही सकते हैं।

एक बात समझनी होगी कि किसी कंपनी या उद्योग समूह की सफलता का माप केवल उसके वित्तीय प्रदर्शन से नहीं होता है। कंपनी का चरित्र, नैतिकता और सामाजिक उत्तरदायित्व भी उसकी सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कंपनी के प्रबंधन को ग्राहकों, कर्मचारियों, या समाज के साथ ईमानदारी बरतनी चाहिए। रतन टाटा की सरपरस्ती में टाटा समूह ने निर्णय लेने की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया। रतन टाटा के लिए अपने ग्राहकों को संतुष्ट करना पहली प्राथमिकता रही। उनके चलते उत्पादों और सेवाओं की गुणवत्ता और ग्राहक सेवा में उच्च मानक रखे गए। वह अपने ग्राहकों के साथ मजबूत और स्थायी संबंध बनाने में यकीन करते थे। वह ग्राहकों को सुनते और उनकी जरूरतों को समझते थे।

रतन टाटा ने अपने सामाजिक दायित्वों को हमेशा समझा। इसीलिए टाटा समूह हर साल बहुत बड़ी रकम खर्च करता है। टाटा समूह सिर्फ एक कॉर्पोरेशन नहीं है, बल्कि एक ऐसा संगठन है जिसके डीएनए में 'समाज सेवा' है। जमशेदजी टाटा की दूरदृष्टि से स्थापित इस समूह ने शुरू से ही समाज सेवा को अपने कार्यों का अभिन्न अंग बनाया है। यह अपने धर्मार्थ कार्यो के माध्यम से भारत में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सकारात्मक प्रभाव डालता है, जो देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

जमशेदजी को यह प्रेरणा स्वामी विवेकानंद जी से ही प्राप्त हुई थी । शिकागो के सर्व धर्म सम्मेलन में जाने के पूर्व जब वे दक्षिण भारत का भ्रमण कर रहे थे तो उन्हें यह बात खली कि दक्षिण भारत में विज्ञान की उच्चतर शिक्षा प्रदान करने वाला कोई संस्थान नहीं है ।तब उन्होंने विचार किया कि इस काम में टाटा स्टील के संस्थापक जमशेदजी नसरवानजी टाटा उपयुक्त व्यक्ति होगें और उन्होंने शिकागो जाने के पूर्व उन्हें एक पत्र लिखा जो 'माई डियर जेआरडी' के नाम से प्रसिद्ध है । स्वामीजी ने टाटा को लिखा कि 'आप बिहार के जमशेदपुर से अच्छा पैसा कमा रहे हो । मेरी शुभकामना है कि और ज्यादा धन अर्जित करो और ज्यादा लोगों को रोजगार दो । लेकिन , विज्ञान की उच्चतर शिक्षा से वंचित दक्षिण भारत की भी थोड़ी चिंता करो और दक्षिण भारत में कहीं भी विज्ञान की ऊँची पढाई और रिसर्च का कोई बढ़िया संस्थान स्थापित करो । मैं जानता हूँ कि तुम यह कर सकते हो और विश्वास ही कि तुम ऐसा ही करोगे।' स्वामी विवेकानंद जी की इस प्रेरक चिट्ठी पढ़ने के बाद जमशेदजी इतने प्रेरित हुए कि उन्होंने बैंगलुरु में तत्काल ही एक विज्ञान का बढिया संस्थान शुरू कर दिया जो आज 'इण्डियन इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस' के नाम से विश्व विख्यात हैं और जो प्रतिभाशाली बच्चे वैज्ञानिक बनाना चाहते है , या रिसर्च या अध्यापन कार्य में अपना करियर बनाना चाहते हैं वे किसी भी आईआईटी में जाने से ज्यादा आईआईएस में जाना ज्यादा पसंद करते हैं।

अब नोएल टाटा को टाटा समूह के धर्मार्थ कार्यो पर फोकस देना होगा। उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक विकास, आपदा राहत और कला-संस्कृति जैसे क्षेत्रों में काम करना होगा। टाटा समूह समाज सेवा में एक दीर्घकालीन प्रतिबद्धता रखता है। वह कई दशकों से इन कार्यों में लगातार जुड़ा हुआ है और यह प्रतिबद्धता आगे भी जारी रहनी चाहिए। सारे देश को पता है कि टाटा समूह समाज सेवा के माध्यम से सतत विकास में विश्वास रखता है। इसके कार्य न सिर्फ वर्तमान पीढ़ी के लिए फायदेमंद हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी उपयोगी साबित होंगे।

टाटा समूह के धर्मार्थ कार्य देश के विकास में एक महत्वपूर्ण योगदान हैं। अब देश को नोएल टाटा से यह आशा है कि वह अपने समाज सेवा से जुड़े कार्यों को जारी रखेगा।

(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)

## संपादकीय

# भरोसा बनाए रखें

पश्चिम बंगाल के आरजी कर अस्पताल के करीब पचास चिकित्सकों ने इस्तीफा दे दिया है। ट्रेनी महिला डॉक्टर के रेप-हत्या की घटना के बाद न्याय की मांग को लेकर आमरण अनशन पर बैठे चिकित्सकों के प्रति एकजुटता दिखाने के लिए उन्होंने यह कदम उठाया। इसके बाद राज्य के अन्य चिकित्सा महाविद्यालयों के कुछ वरिष्ठ चिकित्सकों ने भी कहा कि वे एकजुटता दिखाने के लिए इस्तीफा दे सकते हैं। राज्य संचालित अस्पतालों के चिकित्सकों के एक संगठन का कहना है कि अगर सरकार विरोध प्रदर्शन कर रहे कनिष्ठ चिकित्सकों की उचित मांगों पर अपने पैर खींचती रही तो वह सरकारी चिकित्सकों से इस्तीफा देने के लिए राज्यव्यापी आह्वान के लिए मजबूर होगा। अस्पताल से दस डॉक्टरों को वित्तीय अनियमितता, यौन उत्पीड़न और धमकी की संस्कृति को बढ़ावा देने के आरोपों में निष्कासित किए जाने के बाद से डॉक्टरों में गुस्सा बढ़ा है। इस मामले में मुख्य दोषी संजय राय के अलावा सीबीआई द्वारा पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष को गिरफ्तार किया जा चुका है। रेप व मर्डर का मामला सामने आने के बाद इस अस्पताल में लगातार विभिन्न खुलासे हो रहे हैं जिनसे स्पष्ट हो रहा है कि यहां अराजकता, लापरवाही और आर्थिक हेराफेरी चरम पर थी। डॉक्टरों का आक्रोश नाजायज नहीं कहा जा सकता। मगर इन अनियमितताओं में शामिल किसी भी शख्स को इसलिए छूट नहीं दी जा सकती कि वह पेशे से चिकित्सक है। इस्तीफा देने को उतावले नाराज डॉक्टरों को इस हकीकत को स्वीकारना चाहिए। उनकी सुरक्षा सर्वोपरि है परंतु गंभीर मरीजों और नियमित जांच के लिए आने वाले बीमारों की दिक्कतों की उन्हें अनदेखी नहीं करनी चाहिए। सीबीआई, ईड़ी और अदालत आदि अपना-अपना काम मुस्तैदी से कर रहे हैं। चिकित्सकों को इन पर विश्वास करते हुए अपना प्रतिरोध सहजतापूर्वक करते रहना चाहिए। राज्य इस वक्त दुर्गा-पूजा के उत्सव में मग्न है। बावजूद इसके इस वीभत्स घटना के प्रति उपजी निराशा और क्षोभ कम नहीं हो पाया है। सरकार को सुधारात्मक कदम उठाने में देरी नहीं करनी चाहिए। न ही चिकित्सकों को सामूहिक तौर पर ऐसे कदम उठाने चाहिए जिनसे जनता की उनके प्रति आस्था और सहानुभूति कम हो जाए। वे याद रखें कि इस घटना के बाद से समूचा देश पूरी तरह डॉक्टरों के पक्ष में है।

## चिंतन-मनन

# श्रद्धा के मुताबिक पूजा


हरेक व्यक्ति में चाहे वह जैसा भी हो, एक विशेष प्रकार की श्रद्धा पाई जाती है। लेकिन उसके द्वारा अर्जित स्वभाव के अनुसार उनकी श्रद्धा उत्तम (सतोगुणी), राजस (रजोगुणी) अथवा तामसी कहलाती है। अपनी श्रद्धा के अनुसार ही वह कतिपय लोगों से संगति करता है। अब वास्तविक तथ्य तो यह है कि जैसा कि गीता के 15 वें अध्याय में कहा गया है कि प्रत्येक जीव परमेर का अंश है। अतएव वह मूलतः इन समस्त गुणों से परे होता है।

लेकिन जब वह भगवान के साथ अपने सम्बन्ध को भूल जाता है और बद्ध जीवन में भौतिक प्रकृति के संसर्ग में आता है तो वह विभिन्न प्रकार की प्रकृति के साथ संगति करके अपना स्थान बनाता है। इस प्रकार से प्राप्त कृत्रिम श्रद्धा तथा अस्तित्व मात्र भौतिक होते हैं। भले ही कोई किसी धारणा या देहात्मबोध द्वारा प्रेरित हो लेकिन मूलतः वह निगरुण या दिव्य होता है। अतएव भगवान के साथ अपना सम्बन्ध फिर से प्राप्त करने के लिए उसे भौतिक कल्मष से शुद्ध होना पड़ता है। यही एकमात्र मार्ग है, निर्भय होकर कृष्णभावनामृत में लौटने का।

श्रद्धा मूलतः सतोगुण से उत्पन्न होती है। मनुष्य की श्रद्धा किसी देवता, किसी कृत्रिम ईश्वर या मनोधर्म में हो सकती है लेकिन प्रबल श्रद्धा सात्त्विक कार्यो से उत्पन्न होती है। किंतु भौतिक बद्धजीवन में कोई भी कार्य शुद्ध नहीं होता। वे मिश्रित होते हैं। वे शुद्ध सात्त्विक नहीं होते। शुद्ध सत्त्व दिव्य होता है। इसमें रहकर मनुष्य भगवान के स्वभाव को समझ सकता है। जब तक श्रद्धा पूर्णतया सात्त्विक नहीं होती, वह प्रकृति के किसी भी गुण से दूषित हो सकती है। ये दूषित गुण हृदय तक फैल जाते हैं।

अतः किसी विशेष गुण के सम्पर्क में रहकर हृदय जिस स्थिति में होता है, उसी के अनुसार श्रद्धा होती है। यदि किसी का हृदय सतोगुण में स्थित है तो उसकी श्रद्धा भी सतोगुणी है। यदि हृदय रजोगुण में स्थित है तो उसकी श्रद्धा रजोगुणी और तमोगुण में स्थित है तो उसकी श्रद्धा तमोगुणी होती है। पूजा इसीके आधार पर होती है।

# अब लहू-लुहान होता महाराष्ट्र



राकेश अचल



महाराष्ट्र विधानसभा चुनावन की घोषणा से पहले ही महाराष्ट्र लहू--लुहान होने लगा है। मुंबई में एनसीपी [ अजित पवार गट ] के नेता बाबा सिद्दीकी की सरे आम गोली मरकर हत्या कर दी गयी ,हालाँकि हत्यारों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया ,लेकिन इस वारदात से पूरी मुंबई सदमे में है ,क्योंकि दशहरे पर हुई इस वारदात को सूबे के लिए शुभलक्षण नहीं माना जा रहा।

मैंने कल ही सियासत में ठण्ड रखने की बात कही थी,लेकिन मेरी बात नक्कारखाने में तूती की आवाज से ज्यादा हैसियत नहीं रखती। जनता तो मोदी और मल्लिकार्जुन की आवाजों को सुनकर हलकान है। मोदी कांग्रेस को अर्बन नक्सलियों द्वारा संचालित बता रहे हैं और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भाजपा को आतंकवादी पार्टी कह दिया है। । जनता किसकी बातो पर यकीन करे और किसकी बात पर नहीं ? मोदी जी सरकार हैं और खड़गे साहब विपक्ष। या तो दोनों अपनी - अपनी लक्ष्मण रेखाएं लांघकर बोल रहे हैं या फिर दोनों की बातों में दम है। जो भी तो परेशान जनता है।

हरियाणा और जम्मू-काश्मीर के बाद विधानसभा चुनावों के जरिये अपने आपको प्रमाणित करने का अगला मुकाम महाराष्ट्र ही है। महाराष्ट्र हर मामले में दूसरे सूबों से अलग है। इस सूबे में देश की आर्थिक राजधानी है , फिल्मी दुनिया है और ये शहर आतंकवाद के हमलों का भी शिकार रह चुका है। यहां नबंवर 2024 में विधानसभा चुनाव होने है। सत्तारूढ़ दल शिवसेना [ एकनाथ शिंदे जुट] और भाजपा के गठबंधन सरकार की दशा इस समय बहुत अच्छी नहीं है, लेकिन ये गठबंधन दोबारा सत्ता में बनने रहने के लिए कुछ भी कर गुजरने के लिए कमर कसककर बैठा हुआ है।

सत्तारूढ़ गठबंधन के नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या राजनीतिक कारणों से की गयी या किसी और वजह से इसका पता फौरन नहीं लगाया जा सकता । पुलिस मामले की जांच कर रही है । मौके से गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। हत्या का राज देर-सवेर खुलेगा ही ,लेकिन समझा जाता है कि इसके पीछे कोई न कोई साजिश,कोई न कोई सियासत जरूर होगी ,क्योंकि बाबा सिद्दीकी तीन बार के विधायक और मुंबईमें अल्पसंख्यकों के स्थापित नेता ही नहीं थे बल्कि फिल्मी दुनिया में टूटी कड़ियाँ जोड़ने वाले नायक भी थे। वे अनेक खानों कि दोस्त भी थे।

सवाल ये है कि सियासत को अर्बन नक्सली और आतंकवादी क्यों बनाया जा रहा है ? शुरूआत मोदी जी ने की कांग्रेस को अर्बन नकसली कहकर। जबाब में खड़गे साहब ने भाजपा को आतंकवादी कह दिया। ये कड़वाहट की इंतिहा है। यदि कांग्रेस सचमुच अर्बन नक्सली पार्टी है तो सरकार दस साल से हाथ पर हाथ रखकर बैठी क्यों है। सरकार को कांग्रेस को फौरन प्रतिबंधित कर देना चाहिए था। और यदि मोदी जी जल्दबाजी में कांग्रेस के बारे में गलत बात कह गए थे तो उन्हें समय रहते इसे दुरुस्त कर लेना चाहिए था। उन्होंने और उनकी पार्टी ने कांग्रेस को पहली बार अर्बन नक्सलीय नहीं कहा है। ऐसा पहले भी अनेकों बार देखा जा चुका है। लेकिन भाजपा को आतंकवादी पार्टी पहली बार कहा गया है।


भाजपाके ऊपर अभी तक साम्प्रदायिक ,हिंदूवादी ,सनातनी , अल्पसंख्यक विरोधी पार्टी होने के आरोप तो लगे हैं किन्तु आतंकवादी होने का आरोप पहली बार लगा है। हालाँकि भाजपा की मातृ संस्था आरएसएस को कांग्रेस के तमाम नेता आतंकवादी संगठन अवश्य कह चुके हैं।। मुमकिन है कि दोनों दलों की और से एक -दूसरे पर लगाए जा रहे आरोपों में कोई दम भी हो और ये भी हो सकता है कि दोनों दल अपनी-अपनी खीज मिटाने के लिए ऐसे गंभीर आरोप लगा रहे हैं। सवाल ये है कि जनता किस दल को क्या माने? एक तरफ सांपनाथ हैअन तो दूसरी तरफ नागनाथ। जनता की तो फजीहत है। जनता के मुद्दे तो इस स्थि लतियाव में बहुत पीछे होते जा रहे हैं।

पूर्व विधायक और एनसीपिनेता बाबा सिद्दीकी की हत्या ने इस बात की आशंका और बढ़ा दी है कि महाराष्ट्र विधानसभा के चुनाव इस बार शन्तिपूर्वक होंगे भी या नहीं? 288 सीटों वाली महाराष्ट्र विधानसभा के लिए 15 वीं बार चुनाव अगले महीने होना है। मौजूदा भाजपा शिवसेना गठबंधन ने गठबंधन में कुल 161 सीटें जीतकर विधानसभा में आवश्यक 145 सीटों के बहुमत को पार कर लिया। व्यक्तिगत रूप से बीजेपी ने 105 और सेना ने 56 सीटें जीतीं। 106 सीटों के साथ विपक्षी कांग्रेस-एनसीपी गठबंधन बहुमत के आंकड़े तक नहीं पहुंचा। व्यक्तिगत रूप से कांग्रेस ने 44 और एनसीपी ने 54 सीटें जीतीं। सत्ता के बंटवारे की व्यवस्था में मतभेदों के कारण, 2019 में महाराष्ट्र में राजनीतिक संकट पैदा हो गया और शिवसेना ने भाजपा के नए मुख्यमंत्री का समर्थन करने से इनकार कर दिया। विधानसभा में बीजेपी ने बहुमत साबित नहीं किया. शिवसेना और भाजपा गठबंधन से अलग हो गए।

आपको याद ही होगा कि बाद में शिवसेना ने कांग्रेस-एनसीपी के साथ चुनाव के बाद गठबंधन किया और इस प्रकार 172 का बहुमत हासिल किया। नए गठबंधन का नाम महा विकास अघाड़ी रखा गया। शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने महाराष्ट्र के 19वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। भाजपा महाराष्ट्र में प्रमुख विपक्षी दल बन गई।लेकिन ये सरकार भी बहुत जल्द संकट में आ गयी 21 जून 2022 को, शिवसेना के एक वरिष्ठ नेता, एकनाथ शिंदे, महा विकास अघाड़ी के कई अन्य विधायकों के साथ सूरत चले गए और गठबंधन को संकट में डाल दिया। उनकी मांग थी की सेना अघाड़ी गठबंधन को तोड़ कर बीजेपी के साथ सरकार बनाए जो आलाकमान को कतई मंजूर नहीं था तो शिंदे अघाड़ी गठबंधन से बगावत करते हुए अपने विधायकों को लेकर सूरत से गुवाहाटी पहुँच गए। खबर आती रही की शिंदे, फडणवीस जैसे बीजेपी के नेताओं के संपर्क मे रहे। 29 जून तक शिंदे समेत अघाड़ी गठबंधन के 51 विधायकों ने उद्धव सरकार के खिलाफ बगावत कर दी, जिसमे शिवसेना के 39 और 12 निर्दलीय विधायक थे। फलस्वरूप उद्धव ठाकरे को इस्तीफा देना पड़ा। 30 जून को बीजेपी ने एकनाथ शिंदे को मुख्यमंत्री और देवेन्द्र फडणवीस को उपमुख्यमंत्री बनाते हुए नई सरकार बनाई।

महाराष्ट्र की जनता अपने जनादेश के साथ हो रहे खिलवाड़ से अजीज आ चुकी है । मुझे लगता है कि लहू-लुहान महाराष्ट्र की जनता इस बार अपने अतीत के फैसलों से सबक लेकर जिसे भी चुनेगी ,स्पष्ट बहुमत के साथ चुनेगी। और कांग्रेस तथा भाजपा से एक स्थिर सरकार की गारंटी मांगेगी। यदि इस बार भी महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में खूनी खेल खेलने की कोशिश की गयी तो ये प्रमाणित हो जाएगा कि हमारे जिम्मेदार राजनितिक दल अर्बन नकसल हैं या आतंकवादी?

# आर्थिकी: बंदरगाहों से घटेगी निर्यात लागत



जयंतीलाल भंडारी

इस समय पश्चिम एशिया संकट के कारण देश से घटते हुए निर्यात, बढ़ते विदेश व्यापार घाटे, लाल सागर में बढ़ते संकट और कंटेनरों की किल्लत की चिंताओं के बीच देश से वस्तुओं के निर्यात की लागत घटाने के लिए हाल में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने अहम फैसले लिए हैं। इनके तहत शिपिंग कॉरपोरेशन बड़े कंटेनर जहाज चलाएगी। बंदरगाह शुल्क में कटौती की जाएगी तथा निर्यात खेपों को जल्दी भेजने के लिए प्रक्रिया में तेजी के उपाय शामिल हैं। विगत 16 सितम्बर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीओ चिदंबरनार बंदरगाह पर नये तूतीकोरिन अंतरराष्ट्रीय कंटेनर टर्मिनल का उद्घाटन करते हुए अपने संदेश में कहा कि यह टर्मिनल भारत के मरीन इंखस्ट्रक्चर का नया सितारा है। नये टर्मिनल से वीओ चिदंबरनार पोर्ट की क्षमता में भी विस्तार होगा॥। उल्लेखनीय है कि इस समय देश के वैश्विक व्यापार को बढ़ाने और निर्यात के ऊंचे लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए बंदरगाहों के आधुनिकीकरण के साथ उन्हें समुद्री व्यापार के लिए प्रतिस्पर्धी बनाने की रणनीति के साथ तेजी से आगे बढ़ा जा रहा है। विगत 30 अगस्त को प्रधानमंत्री मोदी ने महाराष्ट्र के पालघर जिले में 76,000 करोड़ की लागत वाली वधावन बंदरगाह परियोजना की आधारशिला रखी। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि वधावन देश का सबसे बड़ा कंटेनर बंदरगाह होगा। यह बंदरगाह भारत की समुद्री कनेक्टिविटी को बढ़ाएगा और वैश्विक व्यापार केंद्र के रूप में भारत की स्थिति को और मजबूत करेगा। गौरतलब है कि भारत की 7517 किमी. लंबी समुद्री तटरेखा है, जो 9 राज्यों और 4 केंद्रशासित प्रदेशों को समाहित करती है। देश के विशाल समुद्र तटों पर 13 प्रमुख बड़े और 212 छोटे बंदरगाह हैं। बड़े बंदरगाहों में पूर्वी तट पर हल्दिया, पारादीप, विशाखापट्टनम, कामराज, चेन्नई, तूतीकोरीन और पोर्ट ब्लेयर हैं। पश्चिमी तट पर कोचीन, न्यू मैंगलोर, मोरमुगांव, जवाहरलाल नेहरू, कांड़ला और मुंबई बंदरगाह हैं। भारतीय बंदरगाह अपनी समृद्ध ऐतिहासिक विरासत और वैश्विक व्यापार के लिए शताब्दियों से महत्त्वपूर्ण बने हुए हैं। भारत का मात्रा के हिसाब से 95 फीसद और मूल्य के हिसाब से 70 फीसद व्यापार बंदरगाहों के माध्यम से होता है। निस्संदेह अंतरराष्ट्रीय व्यापार के प्रवेश द्वार होने के कारण भारतीय बंदरगाहों ने समुद्री (तटीय) राज्यों को देश में औद्योगिक विकास के मद्देनजर पसंदीदा स्थल बना दिया है। परिवहन संबंधी न्यूनतम बाधाओं के साथ-साथ लॉजिस्टिक लागत में कमी बंदरगाहों के निकटवर्ती क्षेत्रों में औद्योगिक विकास को बढ़ाने वाला प्रमुख कारण है। निश्चित रूप से पिछले दशक में भारत अपने बंदरगाहों को समुद्री व्यापार की धुरी बनाने के लिए लगातार रणनीतिक रूप से आगे बढ़ रहा है। निजी बंदरगाहों को प्रोत्साहन दिया गया है। भारत कार्गो और जहाजों को संभालने में अपनी दक्षता में सुधार करने के उद्देश्य से अपने बंदरगाहों का तेजी से आधुनिकीकरण कर रहा है।

वैश्विक समुद्री भारत शिखर सम्मेलन (जीएमआईएस) के दौरान तय किए गए व्यापक रोडमैप के साथ समुद्री अमृतकाल विजन 2047 भारत के समुद्री क्षेत्र को नई ऊंचाई देने के लिए तैयार है। हम उम्मीद करें कि हाल ही में वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने बंदरगाहों से निर्यात बढ़ाने के लिए जो महत्त्वपूर्ण फैसले लिए हैं, उनके कारगर क्रियान्वयन पर शुरू से ही ध्यान दिया जाएगा। हम यह भी उम्मीद करें कि वधावन देश के सबसे बड़े कंटेनर बंदरगाह के रूप में भारत के समुद्री व्यापार की नई धुरी बनेगा। हम उम्मीद करें कि पीएम गतिशक्ति योजना, नई लॉजिस्टिक नीति और मैरीटाइम इंडिया विजन 2030 का सफल क्रियान्वयन रफ्तार से बढ़ती भारत की अर्थव्यवस्था को 2027 में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और 2047 तक देश को विकसित देश बनाने में अहम भूमिका निभाएगा।

# गौ तस्करी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई, दो आरोपी गिरफ्तार

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**दारू :** दारू थाना क्षेत्र के सुल्तानी रविदास टोला में रविवार सुबह ग्रामीणों की सतर्कता के कारण दो गौ तस्करों को पकड़ने में सफलता मिली। यह घटना उस समय हुई जब दारू जबरा निवासी शौकत अंसारी के दो पुत्र, शोएब अख्तर और सोहैल अंसारी, एक बाइक पर गाय को लादकर सुल्तानी यादव टोला से जबरा की ओर जा रहे थे। ग्रामीणों की नजर उन पर पड़ी और उन्होंने तत्काल बाइक को रोककर दोनों युवकों से पूछताछ की। जांच के दौरान यह पता चला कि ये दोनों युवक प्रख्यात गौ तस्कर शौकत अंसारी के पुत्र हैं और वे भी अब इस अवैध कार्य में संलिप्त हो चुके हैं।

इस घटना की सूचना मिलते ही दारू थाना प्रभारी शफीक खान ने तुरंत कार्रवाई की और दोनों युवकों को हिरासत में ले लिया। इसके बाद दारू थाना में कांड संख्या 116/24 के तहत सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज करते हुए दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीपीओ बैजनाथ प्रसाद






और अंचल इंस्पेक्टर साहीद रजा भी मौके पर पहुंचे और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मामले की गहराई से जांच करने के निर्देश दिए और ग्रामीणों की तत्परता की सराहना की।

इस घटना के दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक कुशवाहा, पूर्व सांसद प्रतिनिधि सुरेश प्रसाद, बलदेव बाबू, संजय कुशवाहा, संदीप कुमार, प्रकाश राणा, बीरेंद्र यादव, विकास यादव, छोटू राम, सुरेश राम, और बैजनाथ राम सहित अन्य लोग भी मौके पर मौजूद थे, जिन्होंने इस कार्रवाई का समर्थन किया और इसे ग्रामीणों की सतर्कता का परिणाम बताया।

# इचाक प्रखण्ड के मंगुरा में पुतला में वाण चलाकर किया गया रावण दहन

रांची एक्सप्रेस संवाददाता



**हजारीबाग/इचाक :** दशहरा के शुभ अवसर पर बरकट्ठा विधानसभा के अंतर्गत इचाक प्रखंड के मंगुरा चौक पर रावण दहन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे भाजपा नेता अनूप भाई शामिल हुए। विशिष्ट अतिथि के तौर पर जिला परिषद सदस्य रेणु देवी, पूर्व मुखिया करियातपुर सुनील मेहता, राम चरण शर्मा मुखिया प्रतिनिधि ,मांगुरा दुर्गा पूजा कमेटी अध्यक्ष राम लखन मेहता ,नेता गौतम कुमार शामिल हुए। मुख्य अतिथि अनूप भाई के द्वारा अहंकारी रावण का पुतला पर बाण चलाकर रावण दहन किया गया और सभा को संबोधित करते हुए भाजपा नेता अनूप भाई ने कहा कि देशभर में आज दशहरा के पर्व को लेकर काफी उत्साह का माहौल है। भारत में कुछ शहरों में हर साल बड़े धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ दशहरा यानी विजयादशमी मनाया जाता है। विजयदशमी को अधर्म पर धर्म की जीत का प्रतीक माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, दशहरा के दिन प्रभु श्रीराम ने लंकापति रावण का वध किया था और सीता माता को रावण के चंगुल से बाहर निकाला था। वहीं देवी दुर्गा ने लगातार नौ दिनों के युद्ध के बाद अत्याचारी राक्षस महिषासुर का वध किया था। हर साल दशहरा के दिन रावण दहन किया जाता है। और वहीं कहा की इचाक प्रखण्ड मंदिरों का शहर है पांच सौ साल पुराना मंदिरों का होने का इतिहास है और वर्तमान समय में मंदिरों का जर्जर स्थिति बना हुआ है। जिस पर सरकार की नजर नहीं है इसलिए इचाक प्रखंड के लोगों को एकत्रित होकर इचाक प्रखंड को राज्य सरकार के द्वारा पर्यटक स्थल पूरे प्रखंड को घोषित किया जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### डेमोटांड में रावण दहन कार्यक्रम संपन्न, सांसद मनीष जयसवाल और भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद हुए शामिल



**हजारीबाग :** हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के डेमोटांड में दशहरा के शुभ अवसर पर रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हजारीबाग के सांसद मनीष जयसवाल और भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में सांसद मनीष जयसवाल ने दशहरे के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विजयदशमी अन्याय पर न्याय, दुराचार पर सदाचार, असुरत्व पर देवत्व, अधर्म पर धर्म और असत्य पर सत्य की विजय का पर्व है। उन्होंने उपस्थित जनसमुदाय को इस पर्व की शुभकामनाएँ दीं और जीवन में इन मूल्यों को अपनाने का संदेश दिया। भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद ने भी इस अवसर पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि दशहरा बुराई पर अच्छाई, असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय का महापर्व है। हमारी यही प्रार्थना है कि यह पर्व सभी के जीवन में शुभता और कल्याण लेकर आए। इस आयोजन में स्थानीय जनता ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया और रावण दहन का उत्साहपूर्वक आनंद लिया।

### बरकट्ठा में दुर्गा पूजा संपन्न, भक्तों ने नम आंखों से मां को दी विदाई



**बरकट्ठा :** प्रखण्ड क्षेत्र में माँ दुर्गा पूजा उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।पूरे प्रखंड क्षेत्र में 10 दिवसीय दुर्गा पूजा त्यौहार शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। हर साल की भांति इस बार भी प्रखंड मुख्यालय बरकट्ठा में विजय दशमी के दिन मेला का आयोजन किया गया। इसमें दूर दराज गांवों से काफी संख्या में मां दुर्गा का दर्शन करने और मेला देखने पहुंचने।/वहीं ग्राम बेलकपी सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति की ओर से विजय दशमी की रात गायक जॉली छाबड़ा का भक्ति जागरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। रात भर भक्ति जागरण में श्रद्धालु झूमते नजर आए। प्रखंड क्षेत्र के बंडासिंघा, बेलकपी, गोरहर,घंघरी,कपका बरवां,गैंडा में धूमधाम से दुर्गा पूजा का समापन हुआ,रविवार को भक्तों ने नम आंखों से मां को विदाई दी।मूर्ति विसर्जन से लेकर पूरे 10 दिन पुलिस प्रशासन सक्रिय रही। साथ ही विभिन्न पूजा समिति के सदस्यों शांतिपूर्ण पूजा संपन्न कराने में अहम भूमिका निभाई। बरकट्ठा में काफी संख्या में महिला पुरुष भक्तों ने मां की विदाई में शामिल हुए। बरकट्ठा में भक्तों ने नम आंखों से मां दुर्गा की प्रतिमा को बेलवा नदी की लहरों विसर्जित किया गया। दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण संपन्न कराने में बीडीओ रोशमा डुंगडुंग, सीओ श्रवण कुमार झा,पुलिस इंस्पेक्टर इमदाद अंसारी, बरकट्ठा थाना प्रभारी राजेश भोक्ता,थाना प्रभारी गोरहर अजय कुमार सिंह समेत पुलिस बल का सहयोग रहा।

### चंदौल में काली पूजा मनाने हेतु नई कमिटी का गठन



**बड़कागाँव :** चंदौल पंचायत अंतर्गत ग्राम चंदौल में काली पूजा मनाने हेतु ग्रामीणों के द्वारा काली मंदिर प्रांगण में की गई। बैठक की अध्यक्षता असेश्वर राम के द्वारा की गई। बैठक में मुख्य रूप से पुराने साल का आय व्यय लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया। तथा सर्व समिति से नए कमिटी का गठन किया गया। जिसमे अध्यक्ष पद के लिए शिबू महतो, सचिव पद के लिए अवधेश सिंह तथा कोषाध्यक्ष पद के लिए सूरज दास चुनाव किया गया। बैठक में नव निर्माण काली मंदिर बनाने के लिए अहम फैसला लिया गया। जिसमे काली पूजा की सुबह अष्टमी को कलश यात्रा के साथ भूमि पूजन का सह रात्रि में माँ काली पूजा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमे पंचायत वासीं सादर आमंत्रित रहेंगे। बैठक में मौजूद लोगों ने कहा कि काली पूजा को धूमधाम से मनाया जायेगा और मेले के दिन में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। बैठक में संरक्षक कमिटी और कार्यकारिणी सदस्य का कार्यभार समिति बनाया गया। जिसमे मुख्य रूप मुखिया प्रतिनिधि सनित महतो, असेश्वर राम, विनोद यादव, दिनेश्वर पासवान, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि सुरेश चौधरी, अंगनु महतो, होरिल महतो, खीरोधर महतो, रघुवीर राम, काशी रजवार, विकास पांडेय, राहुल पासवान, जैनेंद्र प्रसाद, कुलेश्वर यादव, सागर यादव, रोहित ठाकुर, ललन भुइयाँ, पंचेश्वर साव, अवध राम, रितु राज, गोपाल राम, किशोर राम, रामविलास राम, मोहन मेहता, विशाल पांडेय, गणेश महतो, आयुष पांडेय, करण यादव, सतीश पासवान, गणपत ठाकुर, दिनेश रजवार, राहुल रजवार, कन्हैया प्रजापति, मुकुल प्रजापति, शत्रुघ्न सिन्हा, विशाल भुइयाँ, उपेन्द्र पांडेय, धनंजय राम, प्रेमचंद पांडेय, आकाश राम, कार्तिक भुइयाँ, महेश भुइयाँ, अजय भुइयाँ आदि शामिल हुए।

# बड़कागांव में दशहरा पूजा शांतिपूर्वक संपन्न, मां दुर्गा को नम आंखों से दी गयी विदाई

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**बड़कागांव :** प्रखंड में मां दुर्गा की प्रतिमा के विसर्जन के साथ ही दशहरा पूजा शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। प्रखंड में 13 स्थान पर प्रतिमा स्थापित कर दशहरा मां दुर्गे की पूजा की गई। अश्विन दुर्गा पूजा बड़कागांव, पकरी बरवाडीह, सांढ़ , नापो खुर्द ,गोंदलपूरा, बादम, अम्बाजीत, महुगाई कला, शुकुलखपिया, उरुब,गुरुचट्टी की मूर्ति का विसर्जन देर रात तक कर दिया गया वहीं कई जगह प्रतिमा का विसर्जन बाकी था।



वहीं बड़कागांव एसडीओ अशोक साहू, एसडीपीओ पवन कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल, अंचलाधिकारी मनोज कुमार,इंस्पेक्टर अनिल कुमार एवं थाना प्रभारी कुंदन कांत विमल ने दसवीं की रात सभी पूजा पंडाल व मेला का निरीक्षण करते हुए प्रशासन की ओर से सुरक्षा का इंतजाम किया गया था ।साथ ही साथ कई समिति के सक्रिय अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष समेत कार्यकारिणी कार्यकता व बुद्धिजीवीगण शांति व्यवस्था बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई।

# दुर्गा पूजा का भक्ति मय समापन, भावपूर्ण मूर्ति विसर्जन

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**दारू :** प्रखंड क्षेत्र में दारू दिनों से चल रहे दुर्गा पूजा त्यौहार का शांतिपूर्ण समापन हुआ। श्री श्री दुर्गा पूजा समिति दारू बक्शीडीह, सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति दारू, और सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति झुमरा ने इस वर्ष भी माँ दुर्गा की पूजा का समापन अपार भक्ति और गहरे भावनात्मक क्षणों के साथ किया। पूजा के इन पावन दिनों में पंडालों में मानो माँ स्वयं उपस्थित होकर भक्तों को आलिंगन कर रही थीं। माँ के चरणों में अपार श्रद्धा के साथ जब भक्तजन नमन करते, तो पूरे वातावरण में दिव्यता की एक अद्भुत अनुभूति होती। माँ के जयकारों से हर कोना गूंज उठा, जैसे हर हृदय माँ की ममता में डूबा हो।

लेकिन जैसे-जैसे माँ की विदाई का समय निकट आया, एक अजीब-सी खामोशी हर ओर छाने लगी। माँ के भक्तों के लिए यह विदाई का क्षण किसी अपने को अलविदा कहने जैसा था। इस बार भी श्री श्री दुर्गा पूजा समिति की विशाल प्रतिमा को कंधों पर कांशी उठाकर पारंपरिक शोभायात्रा निकाली गई। श्रद्धालु आँसू भरी आँखों से माँ के दर्शन कर रहे थे, मानो माँ को जाते देख उनकी ममता का एक अंश उनके साथ जा रहा हो। विसर्जन के लिए माँ की प्रतिमा को बक्शीडीह के छठ तालाब में प्रवाहित करते समय, भक्तों ने हृदय से अगले बरस तू जल्दी आ की पुकार की, मानो माँ से निवेदन कर रहे हों कि वे फिर से शीघ्र लौटकर उनके जीवन में आनंद और शांति लेकर आएँ। जब माँ की प्रतिमा तालाब की लहरों में विलीन हो गई, तो ऐसा लगा जैसे माँ का स्नेहमयी आशीर्वाद लहरों में घुल-मिल गया हो, और भक्तों के मन में उनकी उपस्थिति सदैव के लिए अंकित हो गई हो। ढोल-नगाड़ों की आवाज के साथ, हर हृदय ने माँ के प्रति अटूट प्रेम और भक्ति का संकल्प लिया। माँ के जाने से जो रिक्तता उत्पन्न हुई, उसमें भी एक अटूट विश्वास था कि माँ दुर्गा का आशीर्वाद सदा उनके साथ रहेगा और अगले वर्ष फिर से वह इसी प्रेम और भक्ति के साथ वापस आएँगी। दुर्गा पूजा की शांतिपूर्ण समापन में प्रशाशन ने काफी सक्रिय भूमिका निभाई। प्रशाशन पूजा पंडाल और मेले में काफी सक्रिय नजर आए।

## विधायक अकेला ने तीन सड़क व एक ट्रांसफर के उद्घाटन के साथ तीन का किया शिलान्यास

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**चौपारण :** प्रखण्ड में विधायक सह निवेदन समिति के सभापति उमाशंकर अकेला के प्रयास से लगातार विकास के कार्यों में गति देने का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को विधायक श्री अकेला ने तीन सड़क व एक ट्रांसफर के उद्घाटन के साथ तीन अन्य सड़क का शिलान्यास किया।

सबसे पहले विधायक ने मुख्य पथ से लखावर से अमरनाथ राम के घर तक 1 किमी पीसीसी पथ निर्माण का शिलान्यास,उसके बाद कैरी पिपराही में मुख्य पथ से तिलक भुईयां घर तक पीसीसी पथ निर्माण का उदघाटन,उसके बाद प्राथमिक विद्यालय भदान तक पीसीसी पथ निर्माण का उदघाटन ,फिर दैहर में पांती आहार जीर्णोद्धार का शिलान्यास , दैहर के प्रयाग मोहल्ला में ट्रांसाफार्मर का उदघाटन, दैहर में पीसीसी पथ निर्माण का उदघाटन ,और अंतिम में उच्च विद्यालय डेबो में विद्यालय उन्नयन कार्य का शिलान्यास विधायक ने अपने कर कमलों से किया। मौके पर चौपारण-2 जिप सदस्य रवि शंकर अकेला, नवीन यादव, सोनू कुमार, अजय यादव, संजय यादव, प्रमोद यादव, प्यारी चौधरी, बिनोद यादव, डब्लू अंसारी, सतीश सिंह, कोठारी सिंह, बब्लू मियां, अमीत सिंह, प्रहलाद सिंह, मुखिया ब्रह्मदेव भुईयां, मुखिया प्रतिनिधि नागेंद्र कुमार, रामकुमार सिंह, विक्रम प्रजापति, मुकेश राय, संजय यादव नारायण यादव,शम्भू यादव,महेश यादव, सहित सैंकड़ों लोग मौजूद रहे।

### डांडिया नृत्य भारतीय संस्कृति का अंग : मनोज यादव

**चौपारण :** बसरिया में नवरात्रि के अवसर पर डांडिया नृत्य का आयोजन किया गया। महिलाओ के साथ बच्चे भी खूब झूमे। पूर्व विधायक ने पूजा पंडाल के समीप नृत्य का शुभारंभ किया। कहा नवरात्र देवी की उपासना का पर्व है। हमारे देश मे नारियों की पूजा होती है। नवरात्र में डांडिया का अपना महत्व है। डांडिया नृत्य भारतीय संस्कृति का अंग है। सप्तमी से नवमी तक बसरिया में प्रतिदिन नृत्य का आयोजन हुआ। मंच संचालन शिक्षक प्रेम कुमार ने किया।

# लोकनायक जयप्रकाश की मनी 122 वीं जयंती

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**हजारीबाग :** नव भारत जागृति केंद्र और हजारीबाग जिला लोक समिति के संयुक्त तत्वावधान में प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी, सर्वोदय नेता और संपूर्ण क्रांति के प्रणेता लोकनायक जयप्रकाश के 122 वें जन्मदिवस पर नव भारत जागृति केंद्र के संस्थापक और लोक समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरिजा सतीश ने जेपी आंदोलन के साथियों के साथ लोकनायक जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारागार, हजारीबाग परिसर में स्थापित जेपी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। गिरिजा सतीश ने कहा कि जेपी को राजनीति से बदलाव की उम्मीद नहीं थी, इसलिए उन्होंने प्रधानमंत्री पद को ठुकराते हुए संत विनोबा के साथ सर्वोदय का काम



किया, अकाल पीड़ितों की मदद हेतु बिहार रिलीफ कमिटी और जनसाधारण के मुद्दे उठाने के लिए लोक समिति जैसा गैरराजनीतिक जनसंगठन बनाया, कश्मीर-नागालैंड में शांति स्थापना का प्रयास किया और देश में अनेक गैरसरकारी संस्थाओं का निर्माण कर विकास की वैकल्पिक धारा को मजबूती दी। विदित हो कि वर्ष 1971 में नव भारत जागृति केंद्र की स्थापना में भी जेपी की अहम भूमिका रही थी। गिरिजा सतीश ने मुजफ्फरपुर के नक्सल प्रभावित प्रखंड मुसहरी में जेपी के साथ बिताए समय को याद करते हुए कहा कि उनके जैसे व्यक्ति का सादा जीवन सदैव प्रेरणा देता है। जेपी आंदोलन के सक्रिय सदस्य रहे अधिवक्ता स्वरूपचंद जैन ने कहा कि भारत में लोकतंत्र को मजबूती देने वाले लोगों में जेपी का नाम बहुत ऊंचा है, जिनके आह्वान पर लाखों युवा सड़क पर उतर आए थे। विनोबा भावे वि० वि० में राजनीति विज्ञानं के पूर्व प्राध्यापक प्रो० प्रमोद कुमार ने जेपी की संपूर्ण क्रांति को व्यवस्था परिवर्तन का एक शांतिपूर्ण मार्ग बतलाते हुए उसे प्रासंगिक बतलाया। इस कार्यक्रम में कारापाल जितेंद्र कुमार के साथ पत्रकार प्रसन्न मिश्र, झारखंड सर्वोदय मंडल के अध्यक्ष शंकर राणा, अधिवक्ता अरविंद झा, समाजसेवी राहुल पाठक, शिक्षाविद अरविंद जी सहाय आदि शामिल थे। इसके बाद जेपी के अनुयायियों ने कुम्हारटोली नाला पार में गांधी स्मारक के बगल में प्रस्तावित जेपी स्मृति परिसर में भी लोकनायक की तस्वीर पर माल्यार्पण किया।

## हर्ष अजमेरा ने दुर्गा पूजा विसर्जन जुलूस में श्रद्धालुओं का किया स्वागत

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**हजारीबाग :** भाजपा नेता हर्ष अजमेरा ने शनिवार को त्रिपाल होटल के समीप दुर्गा पूजा विसर्जन के अवसर पर बड़ा बाजार दुगार्पूजा महासमिति,बड़ा बाजार दुगार्पूजा ग्वालटोली समिति, शांति आश्रम सहित कई अन्य समिति द्वारा आयोजित जुलूस में शामिल सैकड़ों श्रद्धालुओं का स्वागत किया। श्री अजमेरा के साथ खंडेलवाल वैश्य पंचायत के संरक्षक नरेश वैध, सचिव पवन रावत खण्डेलवाल,पीकू यादव,राहुल कुमार, भाजपा युवा मोर्चा के शैलेश चंद्रवंशी सहित कई लोगो के साथ मिलकर श्रद्धालुओं के लिए पेयजल की सेवा दिया गया और श्रद्धालुओं को सुविधा प्रदान की।

मौके पर हर्ष अजमेरा ने कहा दुर्गा पूजा हमारे समाज की सांस्कृतिक धरोहर है और इस पर्व के माध्यम से हम एकजुट होकर अपने समाज और संस्कृति का सम्मान करते हैं। मेरी प्राथमिकता थी कि सभी श्रद्धालुओं को सुविधा मिले और वे इस महोत्सव का आनंद अच्छे से ले सकें। मैं सभी भक्तों का धन्यवाद करता हूं।

# चौपारण के 9 स्थानों पर धूमधाम से मनाया गया दुर्गा पूजा

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**चौपारण :** चौपारण प्रखंड के भिन्न-भिन्न 9 स्थानों में मां दुर्गे की प्रतिमा स्थापित कर श्रद्धालुओं ने दस दिनों तक वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भक्तिभाव व आस्था से मां की आराधना किया गया। पूजा पंडाल और सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थलों पर प्रशासन की पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था रहने से शांति-सौहार्द पूर्वक पूजा संपन्न हो गया। प्रखंड के हथिन्दर, दैहर, चौपारण, मानगढ़, बहेरा, पांड़ेयबारा, सिंघरावां, रामपुर और बसरिया में दुर्गा मां के भक्तो ने मां दुर्गे की प्रतिमा स्थापित कर भक्ति-भाव से आराधना किया। आरती व मंगल कामना कर मन-मंदिर में अपने व अपनो के लिए मंगल कामना किया गया। दुर्गा पूजा संपन्न करवाने में सांसद मनीष जयसवाल, विधायक उमाशंकर अकेला, पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, जिप सदस्य रवि शंकर यादव, राकेश रंजन, जिला महामंत्री सुनील साहू,



एसडीओ जोहन टुडू, एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल, सर्किल इंस्पेक्टर विमल लकड़ा, बीडीओ , थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश ने पूजा पंडालो का निरीक्षण तथा शांति, सुरक्षा व्यवस्था की जायजा ले पूजा संपन्न करवाया। पूजा को संपन्न करवाने में चौपारण दुर्गा पूजा समिति अध्यक्ष सह चौपारण प्रेस क्लब संरक्षक अभिमन्यु प्रसाद भगत, कोषाध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता एवं पंडाल समिति अध्यक्ष शिवकुमार सिंह, कोषाध्यक्ष सुधीर केशरी, उपसचिव पूर्व पंसस अनिल वर्णवाल, रामपुर दुर्गा पूजा समिति के छोटेलाल चंद्रवंशी, रणवीर चौधरी, महेश प्रसाद, केदार रवानी, सुनील प्रसाद, केदार प्रसाद, सुबोध कुमार, नरेश राणा, रामधारी राणा, बलभद्र राम, सिंघरावां सार्वजनिक दुर्गा पूजा में बदरी साव, बिरेंद्र कुमार राणा, दिलीप सिंह, अनिल सिंह उर्फ बाबू साहब, गोपाल विश्वकर्मा, सुभाष राणा, लालेश साहू, दीपक गुप्ता, अजय सिंह, मुन्ना रविदास, नरेश साव सहित सिंघरावां-टिटही के भक्त, सार्वजनिक दुर्गा पूजा दैहर में अर्जुन सिंह, सुरेश दांगी, कैलाश पांडेय, करुणाकर पांडेय, पाण्डेयबारा में निजी खर्च से मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर निरंतर पूजा अर्चना करते आ रहे हैं। सार्वजनिक दुर्गा पूजा बसरिया में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना किया गया। हथिन्दर में सरकारी पदाधिकारी से सेवानिवृत्त होने के उपरांत अधिवक्ता चंद्र भूषण लाल अम्बष्ट ने निजी खर्च से मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर निरंतर पूजा करते आ रहे हैं। बहेरा में अविनाश कुमार मिश्रा के द्वारा मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा प्रारंभ किया गया। इनके सहयोग श्रोतम पांडेय एवं सत्येंद्र मिश्रा सहित ग्रामीण ने किया।

मानगढ़ बगीचा में दुर्गा पूजा संस्थापक कमिटी अध्यक्ष शंभु दांगी, सचिव बिरजू राणा, कोषाध्यक्ष प्रदीप चंद्रवंशी, संरक्षक बिशुनधारी कुशवाहा, दुर्गा पूजा संचालन समिति अध्यक्ष धर्मदेव राणा, गौरी दांगी, अरविंद राणा, आचार्य मुकेश पांडेय, उपाचार्य में जय पांडेय, किशोरी पांडेय, जितेंद्र पांडेय सहित गांव के महिला-पुरुषों के भरपूर सहयोग से संपन्न हुआ।

## 34 करोड़ लागत राशि से डिग्री कॉलेज का विधायक ने किया शिलान्यास

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**बड़कागांव :** विधायक अंबा प्रसाद ने बड़कागांव प्रखंड के हरली गांव स्थित बुध बाजार निकट प्लस टू उच्च विद्यालय के पास डीएमएफटी लगभग 34 करोड रुपए लागत राशि से सरकारी डिग्री कॉलेज भवन निर्माण का शिलान्यास नारियल फोड़कर किया।शिलान्यास कार्यक्रम के पूर्व ग्रामीणों ने विधायक अंबा प्रसाद को हरली मंदिर मुख्य चौक से ढोल नगाड़े एवं फूल माला पहनाकर भव्य रूप से स्वागत किया गया। मुख्य चौक से शिलान्यास स्थल तक जुलूस निकाला गया। शिलान्यास समारोह में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि इस क्षेत्र में स्वास्थ्य के साथ-साथ मेरा लक्ष्य शिक्षा को दुरुस्त करना भी है। इसी के उद्देश्य से आज यहां डिग्री कॉलेज भवन निर्माण का शिलान्यास हुआ। जल्द ही बड़कागांव में बिजली ग्रीड का भी शिलान्यास किया जाएगा। जिससे हमेशा के लिए बिजली की समस्या को दूर हो जाएगी।उन्होंने कहा कि क्षेत्र गांव की विकास के लिए शिक्षा अत्यंत जरूरी है। शिक्षा में कोई समझौता नहीं होनी चाहिए। जो संघर्ष किया है उसका भविष्य उज्जवल हुआ है। पतरातू प्रखंड में पॉलिटेक्निक कॉलेज का निर्माण हो रही है। बड़कागांव में भी पॉलिटेक्निक कॉलेज की प्रक्रिया जारी है। दोनों उपलब्धि हमारे लिए ही नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र की जनता के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है । इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि सुरेश महतो ,मुखिया कविता देवी,पंचायत समिति सदस्य कौशल्या देवी, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, अंकित राज ,पूर्व डीएसपी मुटुकधारी महतो, पूर्व मुखिया महेंद्र महतो , नयाटांड पंचायत मुखिया प्रतिनिधि अजीत कुमार, बालेश्वर कुमार, चंदर साव, चंद्रिका साव, सुरेश महतो ,मनोज ठाकुर, जगतनंदन प्रसाद , पंकज व्यास , त्रिवेणी महतो, गौतम कुमार ,रोहित सिंह , भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता मुकेश कुमार, विक्की कुमार ,सुंदर महतो ,परमेश्वर महतो ,उमा देवी , शिवदयाल महतो ,दिनेश कुमार, भुवनेश्वर साव, श्याम भार्गव, संतोष कुमार ,संतोष राणा ,गीता देवी, गुप्ता,रामेश्वर साव, सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# दुर्गा पूजा समितियों ने उदय और दिलीप सिंह को माता की चुनरी ओढ़ाकर किया सम्मानित



**धनबाद।** शारदीय नवरात्रि के दौरान मां दुर्गा की पूजा और विजयादशमी बेहद धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर धनबाद के जोड़ाफाटक, न्यू स्टेशन और धैया के दुर्गा पूजा पंडालों में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी उदय प्रताप सिंह, युवा संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष दिलीप सिंह और समाजसेवी रोहित भगत उपस्थित रहे। जोड़ाफाटक कमेटी के कार्यकारी जिला अध्यक्ष जीराखान सिंह, निर्भय सिंह, सचिव सुरेंद्र चौधरी, कोषाध्यक्ष जितेंद्र रजक, सोनू गिरी, बर्जेश शर्मा और गोविंद रजक ने सभी अतिथियों को माता की चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया। न्यू स्टेशन पूजा पंडाल में मुनेश्वर सिंह और धैया पूजा पंडाल में पप्पू सिंह ने दोनों को चुनरी ओढ़ाकर समर्पित किया। उदय प्रताप सिंह और दिलीप सिंह ने माता के दरबार में माथा टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा क्षेत्र की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। इसके साथ ही धनबाद के उपायुक्त माधवी मिश्रा और एसएसपी ह्रीदिप पी. जनार्दन को श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के लिए धन्यवाद देकर सराहा, जिसके चलते पूरे धनबाद में पूजा शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से संपन्न हुई।

# 62 हज़ार पारा शिक्षक तय करेंगे झारखंड में किसकी होगी आगामी सरकार: संघर्ष मोर्चा



**धनबाद।** रविवार को बरवाअड्डा झारखंड राज्य सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के राज्य प्रतिनिधि प्रदेश महासचिव निरंजन कुमार दे, प्रदेश महामंत्री सुशील कुमार पांडे , उत्तरीय छोटा नागपुर प्रमंडलीय अध्यक्ष भागवत तिवारी ने संयुक्त रूप से प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा की वर्तमान हेमंत सरकार राज्य के पारा शिक्षकों को सिर्फ ठगने का कार्य किया है चुनाव पूर्व संकल्प पत्र में कहा था हमारी सरकार बनाए 3 माह के अंदर राज्य के पारा शिक्षकों को वेतनमान देंगे लेकिन वेतनमान पर सरकार एक कदम आगे नहीं बढ़ी।वहीं 28 अगस्त को विभागीय अधिकारियों मंत्री की उपस्थिती में पूर्व समझौता के अनुरूप यदि 14 अक्टूबर अंतिम कैबिनेट में पारा शिक्षकों का समस्या का समाधान नहीं होता है तो निश्चित रूप से राज्य के पारा शिक्षक पूरे परिवार सहित काला झंडा लेकर सड़क से लेकर सदन तक वर्तमान हेमंत सरकार का खुलकर विरोध करेगा जैसे पूर्व में रघुवर सरकार के खिलाफ कार्य किया गया था ठीक उसी प्रकार उससे ज्यादा बद्तर स्थिति वर्तमान हेमंत सरकार की होगी क्योंकि 62000 पारा शिक्षक आगामी चुनावी समीकरण को बदलने के लिए सक्षम हैं। मौके पर जैनुल अंसारी, मोहम्मद सिद्दीक अंसारी, लक्ष्मण सिंह चौधरी, मोहम्मद ताहिर हुसैन, मंजूर उल हक, मोहम्मद नईमुद्दीन अंसारी, मोहम्मद ताहिर हुसैन अंसारी मौजूद रहे।

# उत्पाद विभाग ने बीएस सिटी थाना क्षेत्र में चलाया छापेमारी अभियान

### –जावा महुआ 800 किलो एवं अवैध चुलाई शराब 100 लीटर जब्त किया

**बोकारो।** उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश एवं सहायक आयुक्त उत्पाद के मार्गदर्शन में आगामी विधानसभा चुनाव एवं दुर्गा पूजा को देखते हुए जिला उत्पाद टीम ने बीएस सिटी थाना अंतर्गत जटान टोला में छापेमारी अभियान किया। विधिवत तलाशी क्रम में 800 किलो जावा महुआ एवं अवैध चुलाई शराब 100 लीटर बरामद किया। छापेमारी के क्रम में फरार अभियुक्तों पर उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के आधार पर अभियोग दर्ज किया गया है।छापेमारी टीम में निरीक्षक उत्पाद विजय पाल, अवर निरीक्षक सदर सह तेनुघाट सन्नी विवेक तिर्की, अवर निरीक्षक बेरमो सह चंद्रपुरा महेश दास सहित गृह रक्षक बल शामिल थे।



# पूर्व सांसद रविंद्र कुमार पांडेय ने किया बोकारो थर्मल स्थित दुर्गा पूजा पंडालों का भ्रमण , मां दुर्गा से लिया जीत का आशीर्वाद

**बोकारो थर्मल(बेरमो) ।** गिरिडीह के पूर्व सांसद रविंद्र कुमार पांडेय रविवार को बोकारो थर्मल स्थित सभी पूजा पंडालों का भ्रमण किए । साथ ही मां दुर्गा से बेरमो विधान सभा से जीत के साथ साथ झारखंड में भाजपा का पूर्ण बहुमत वाली सरकार बनने का आशीर्वाद लिए। यहां पूर्व सांसद श्री पांडेय के के साथ भाजपा झारखंड प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भरत यादव , मीडिया प्रभारी शंकर सिन्हा सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे। यहां प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्री यादव ने कहा की बेरमो विधानसभा से पूर्व सांसद रविंद्र पांडेय जी को टिकट मिलना लगभग तय हो गया है। बेरमो के साथ साथ झारखण्ड की जनता बदलाव चाहती है। बेरमो से श्री पांडेय जी की जीत के साथ साथ झारखंड में सत्ता परिवर्तन लगभग तय है भाजपा झारखंड में पूर्ण बहुमत से सरकार बनायेगी। यहां उन्होंने बोकारो थर्मल क्लब में स्थापित मां दुर्गा का प्रतिमा समक्ष माथा टेककर आशीर्वाद लिए ।



# नावाडीह में ग्रामीण हाट का मंत्री ने किया उद्घाटन ,व्यावसायों धूप और बरसात से मिलेगी निजात

**बेरमो ।** नावाडीह प्रखंड के सदर पंचायत अंतर्गत नावाडीह ग्रामीण हाट का शनिवार को महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा मंत्री बेबी देवी,नावाडीह प्रमुख पुनम देवी, झामुमो जिला सचिव जयनारायण महतो,पूर्व मुखिया दिलीप कुमार,पूर्व पंचायत समिति सदस्य किरण देवी, आदर्श ग्राम विकास सेवा समिति के सचिव बासुदेव शर्मा आदि ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़ व फीता काटकर किया।

मंत्री बेबी देवी ने कहा कि अब यहां के किसानो को खुले आकाश के नीचे बैठकर सब्जी नहीं बेचना पड़ेगा,नावाडीह हाट में बाजार शेड बन जाने से अब यहां के किसानों को धुप व बरसात में सब्जी बेचने में परेशानी नहीं होगी ।यहां के किसान अब शेड में देर रात तक सब्जी बेचकर अपनी आमदनी अत्यधिक कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि नावाडीह साप्ताहिक हाट को एक मॉडल हाट के रूप में विकसित किया जाएगा जहां पे ग्रामीण किसान सालो भर सब्जी बेचेंगे। इसके साथ ही इस क्षेत्र में उपजाऊ किया गया सब्जी को दूसरे राज्य के मंडियों में भी भेजने का कार्य किया जाएगा, इसके लिए आधुनिक युक्त ग्रामीण हाट का निर्माण किया जाएगा।

प्रमुख पुनम देवी ने कहा कि नावाडीह में कई वर्षों से सप्ताहिक हाट लग रहा था लेकिन यहां पर शेड नहीं रहने के कारण किसानों को धुप व बरसात में सब्जी बेचने में काफी दिक्कत होती थी। नाबार्ड के द्वारा यहां शेड बन जाने से किसानों को सब्जी बेचने में सहुलियत होगी। उन्होंने सभी से अपील किया कि इस सप्ताहिक हाट में प्रतिदिन बाजार लगाये जिससे कि किसानों की आमदनी में इजाफा होगा। जयनारायण महतो ने कहा कि नावाडीह प्रखंड सहित आसपास प्रखंड से कई किसान सब्जी बेचने नावाडीह साप्ताहिक हाट आते है लेकिन बाजार में शेड नही रहने के कारण किसानों को सब्जी बेचने में दिक्कत होती थी। शेड निर्माण हो जाने से किसान अब उक्त शेड का लाभ लेते हुए शेड के नीचे बैठकर देर रात तक सब्जी बेच पाएंगे।सचिव बासुदेव शर्मा ने कहा कि संस्था किसानों को आगे बढ़ाने का हर संभव प्रयास करता है समय समय पर प्रशिक्षण देकर भी महिला किसानों को स्वरोजगार से जोड़ने का काम किया जा रहा है। आज बहुत खुशी का दिन है कि नावाडीह में बने आधुनिक सप्ताहिक हाट का मंत्री व अन्य अतिथियों के द्वारा उद्घाटन किया गया है। इस शेड में सोलर लाइट, शौचालय,पेयजल ,स्टोर रूम सह कार्यालय एवम नौ शेड का निर्माण कराया गया है इसके पहले भी बरई पंचायत के जुड़ामना में भी इस तरह का ग्रामीण हाट का निर्माण कराया गया था, जिसका उदघाटन भी माननीय मंत्री के द्वारा किया गया था। अब यहां के बाजार समिति को संचालन करने का



जिम्मा सौंपा जाएगा जिससे कि बाजार समिति इसे बेहतर तरीके से चला सके।

मौके पर जिप सदस्य फुलमती देवी, पूर्व मुखिया दिलीप कुमार, भुनेश्वर महतो, उदय साव, अजय कुमार, अरुण कुमार, बब्लू कानू, गणेश कानू, भोला महतो, मुकेश सिंह, प्रदीप महतो, गुड्डू महतो, चंद्रशेखर महतो, मदन महतो, बाबूलाल नायक, दशरथ कुमार सहित कई महिला पुरुष उपस्थित थे।

# केंदुआडीह के विभिन्न क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया दुर्गा पूजा

**पुटकी।** केंदुआडीह थाना क्षेत्र में, केंदुआ बाजार, न्यू मेरिन गोपालीचक, हिंदी भवन, अलकुसा बकरहट्टा, कुसतौर, गनसाडीह, गोधर चौहान बस्ती और गोधर रवानी बस्ती में दुर्गा पूजा का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सभी पूजा पंडालों में पूजा समिति के सदस्य सक्रिय रहे, और पंडालों में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे। केंदुआडीह पुलिस ने पूजा की प्रारंभ से लेकर विसर्जन तक कड़ी निगरानी रखी। वहीं, पुटकी थाना क्षेत्र में, करकेन्द, पुटकी बाजार, श्री नगर, और बलिहारी कोलियरी 10/12 पिट में भी पूजा समितियों ने भक्ति भाव से मां दुर्गा की मूर्ति स्थापित कर दशहरे का पर्व मनाया। भागाबान्ध ओपी क्षेत्र में, भागाबान्ध, साउथ बलिहारी, बरारी कोक, बीच बलिहारी, और मुनीडीह ओपी क्षेत्र के मुनीडीह बाजार में भी मां दुर्गा की पूजा धूमधाम से की गई। इस अवसर पर, पुटकी, भागाबान्ध, और मुनीडीह पुलिस क्षेत्र में विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए सक्रिय थीं।



# कोटालडीह में 130 वर्षों से निरंतर हो रहा मां दुर्गा पूजा का आयोजन

### -श्रद्धालुओं की मन्नते पूरी करती है मां : सुरेश तिवारी



गोमो। तोपचांची थानांतर्गत कोटालडीह ग्राम में दुर्गा पूजा का परंपरागत आयोजन 130 वर्षों से होते आया है। यहां के लोगों का यह मत है कि श्रद्धालु जो भी मन्नत मांगते हैं ।वह मां भगवती दुर्गा पूर्ण करती हैं तथा 130 वर्ष पहले ही दुर्गा प्रतिमा पुजन भी मन्नत ?पुरी होने के बाद ही शुरुआत हुई थी। और तब से आज तक निर्बाध रूप ने निरंतर कोटालडीह गांव में दुर्गा पूजा का आयोजन भव्यता से होते आ रहा है। वैसे तो इस ग्राम में महालया से दशमी दशहरा तक मां का विधि विधान वैदिक रीति-रिवाज से पुजा अर्चना होते रहता है तथा षष्टि तिथि से दशहरा तक धार्मिक महोत्सव , सांस्कृतिक कार्यक्रम होते रहता है। इस बार महाष्टमी के दिन भगवती जागरण कार्यक्रम आयोजन का उद्घाटन कोटालडीह ग्राम निवासी एवं निरसा प्रखण्ड कार्यालय के पूर्व बड़ा बाबु स्व. यामिनी बल्लभ तिवारी की धर्मपत्नी उत्तरा देवी सहित अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के महासचिव तथा अंतर्राष्ट्रीय हिंदी परिषद झारखण्ड के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश चन्द्र तिवारी, केंद्रीय सरकार से सेवानिवृत्त सुकुमार तिवारी,पुर्व शिक्षक तथा दुर्गा पूजा के प्रधान पुजारी सुशील कुमार तिवारी, त्रिवेणी प्रसाद तिवारी, पुर्व शिक्षक? मिथिलेश कुमार तिवारी,99 बिल्डर्स के पदाधिकारी संतोष कुमार तिवारी सहित तोपचांची थाना के पदाधिकारी आदी ने सम्मिलित होकर फीता काटा तथा दीप प्रज्वलित किया।इस आयोजन में सैकड़ों लोगों की आसपास गांवों के श्रद्धालु जूटे जिससे भगवती जागरण का वातावरण मां के जयकारों और भजनों से भक्तिमय हो उठा।

# विजयादशमी असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक पर्व है, अच्छाई का प्रतीक यह पर्व हमें समाज मे मिलजुलजर रहने का संदेश देता हैं : विधायक



**पेटरवार।** पेटरवार दुर्गा पूजा समिति पेटरवार तेनुचोक के द्वारा प्लस टू हाई स्कूल के मैदान में रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि गोमिया विधायक डॉ लम्बोदर महतो एवं पूर्व विधायक छत्रुराम महतो ने संयुक्त रूप से 52 फिट ऊंचे बने रावण के पुतले पर अग्नितिर चलाकर किया। रावण दहन कार्यक्रम के आतिशबाजी को देखने के लिए पेटरवार व आसपास के ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। मौके पर विधायक लम्बोदर महतो ने कहा कि विजयादशमी असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक पर्व है। अच्छाई का प्रतीक यह पर्व हमें समाज मे मिलजुलजर रहने का संदेश देता है। वहीं पेटरवार प्रशासन की ओर से एन एच जाम न हो इसके लिए व्यवस्था संभाले हुए थे।

मौके पर विधायक की धर्मपत्नी सह विधायक प्रतिनिधि कौशल्या देवी,जिला परिषद सदस्य प्रह्लाद महतो, पेटरवार मुखिया दिनेश गुप्ता, अंचलाधिकारी अशोक कुमार राम, थाना प्रभारी राजू कुमार मुंडा, पूर्व प्रमुख मनोज कुमार गुप्ता, शांतिलाल जैन, शशि शेखर, अजीत लोहानी, मुकेश ओझा, अजय सिंह, संजय महतो, चंदन सिन्हा , संटू सिंह अभय सिंह सहित गणमान्य लोग मौजूद थे।

# राष्ट्रीय स्वयं सेवक ने मनाया विजयादशमी पर्व, स्वयं सेवकों ने किया शस्त्र पूजन

**नावाडीह(बेरमो) ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा दशहरा पर्व को लेकर शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन शनिवार सुबह 10-30 बजे कबीर गौशाला कुडपनिया (खरपीटो)में किया गया। मुख्यरूप से उपस्थित नावाडीह खंड कार्यवाह लालचंद महतो ने अपने संबोधन में कहा कि आरएसएस वर्ष भर में कुल छह उत्सव मनाता है। विजयादशमी उसमें से एक है। यह पर्व असत्य पर सत्य की जीत और अंधकार पर प्रकाश की विजय का प्रतीक है। वहीं कबीर गौशाला के संस्थापक छत्रबली पंडित ने कहा कि प्राचीन परंपराओं को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने सजो कर रखते हुए इसे अपने उत्सव के रूप में मनाता है । शस्त्र पूजन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश और आत्म रक्षा के लिए शस्त्र और शास्त्र का ज्ञान होना अनिवार्य है। स्वस्थ समाज और शक्तिशाली राष्ट्र के निर्माण में धर्म की रक्षा जरूरी है। आगे कहा कि संगठित,सामर्थ्य और बलशाली हो हिंदू समाज इसके लिए ऐसे कार्यकर्ता तैयार करें जो



हिंदू समाज के लिए,बहन बेटियों की रक्षा के लिए,राष्ट्र के लिए व अपने धर्म के लिए सदैव धर्म योद्धा बनकर खड़े रहें। मौके पर नावाडीह के खंड सह कार्यवाह बालेश्वर प्रसाद महतो,बौद्धिक प्रमुख जितेंद्र शर्मा ,सांसद प्रतिनिधि फुलचंद किस्कू, सुरेंद्र सिंह, नारायण कानू, हीरालाल साव,गौरी शंकर कुमार, बबलू नायक ,सूरज महतो ,गणेश पंडित ,राज कुमार आदि मौजूद रहे।

# अलकडीहा में कलश विसर्जन के साथ संपन्न हुआ दुर्गा पूजा का पर्व



**अलकडीहा।** अलकडीहा ओपी क्षेत्र में मां दुर्गा देवी की पूजा, जो सप्तमी तिथि से शुरू होकर चार दिनों तक चली, का समापन कलश विसर्जन के साथ हुआ। सभी पूजा पंडालों में भक्तों की भारी भीड़ देखी गई। विभिन्न राजनीतिक दलों और ट्रेड यूनियन के नेताओं ने भी पूजा पंडालों में जाकर मां के सामने श्रद्धा से माथा टेका और आशीर्वाद प्राप्त किया। भाजपा नेत्री रागिनी सिंह, झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह, भाजपा नेता योगेंद्र यादव और देव प्रभा के निदेशक लाल बाबू सिंह तथा कुंभनाथ सिंह ने जयरामपुर और जीनगोरा के पूजा पंडालों में हिस्सा लिया, जहां उन्होंने मां से क्षेत्र के लोगों, मजदूरों और पूरे लोदना क्षेत्र के उज्जवल भविष्य, सुख, शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना की। इस दौरान अलकडिहा ओपी प्रभारी अरूनिश रौशन और उनकी टीम ने क्षेत्र में शांति और व्यवस्था बनाए रखने के लिए काफी मेहनत की। जयरामपुर पूजा समिति के सचिव मिथिलेश कुमार सिंह ने स्थानीय युवकों और समिति के सदस्यों के सहयोग से पूजा को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## महिलाओं के द्वारा सिंदूर खेल कर नम आंखों से मां दुर्गा की प्रतिमाओं का किया गया विसर्जन

पेटरवार > पेटरवार के आसपास के क्षेत्रों में दुर्गा पूजा उत्सव धूमधाम से मनाया गया । खत्री टोला प्राचीन दुर्गा मंदिर, गुरुजुवा, मेला टांड़ ,मठ टोला, तेनु चौक सदमा कला एवं कई जगहों पर समाज के युवाओं की देखरेख में पंडालों में देवी मां विराजित की गई । नवरात्रा की पंचमी से देवी बोधन करते हुए षष्टी से पंडालों में दुर्गा पूजा महोत्सव की शुरुआत हुई और विजयादशमी के दिन विसर्जन किया गया। कई जगह में रविवार को मां को विदाई दी गई।?वही खत्री टोला प्राचीन दुर्गा मंदिर के पंडाल परिसर में शनिवार को महिलाओं के द्वारा सिंदूर खेल कर नम आंखों से मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। इस अवसर पर सुहागिन महिलाओं ने एक दूसरे को सिंदूर लगाकर अखंड सौभाग्यवती की मनोकामना मां दुर्गा से की। कुंवारी कन्याओं को भी जल्द विवाह के लिए लगाते हैं सिंदूर इसके उपरांत महिलाएं मां दुर्गा की गोद भराई ( खोइछा ) के बाद गाजियाबाद के साथ जो पत्रिका और कलश का विसर्जन राजा तालाब में किया गया। मां दुर्गा की विदाई में काफी संख्याओं में महिलाएं शामिल थी। विदाई के बाद सभी लोगों ने एक दूसरे के घर जाकर बड़ों का पैर छूकर आशीर्वाद लेते है।

# गोलीबारी और बमबारी को लेकर पांडव रजक ने कुंभनाथ सिंह, एलबी सिंह और लोदना जीएम के खिलाफ के लिखित शिकायत





**अलकडीहा।** सुरूंगा निवासी पांडव रजक ने शनिवार को अलकडीहा ओपी में एक लिखित शिकायत दर्ज कराई जिसमें उन्होंने बताया कि उनके घर पर गोलीबारी और बमबारी की गई। पुलिस को दिए लिखित शिकायत में उन्होंने कुंभनाथ सिंह, एलबी सिंह और लोदना क्षेत्र के जीएम निर्झर चक्रवर्ती को मुख्य आरोपी बताया है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि अज्ञात अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए और उनकी जानमाल की सुरक्षा की सुनिश्चितता की जाए।पांडव रजक ने शिकायत में बताया कि शुक्रवार रात वे अपने परिवार के साथ अपने घर में सो रहे थे, जब अचानक एक धमाके की आवाज आई। जागने पर उन्होंने देखा कि 8 से 10 अज्ञात लोग उनके घर पर बम फेंक रहे थे और गोली चला रहे थे, साथ ही धमकी दे रहे थे कि वे लाल बाबू सिंह और कुंभनाथ सिंह के पुतले को जलाएंगे। इस स्थिति से वे काफी डर गए और जब आसपास के लोग इकट्ठा हुए, तो हमलावर भाग गए। धमाके की वजह से उनके घर को भी नुकसान पहुंचा है।उन्होंने बताया कि वे सुरूंगा मौजा में ओबी डंपिंग के खिलाफ विरोध कर रहे थे, जिसके कारण उनका पुतला जलाने का कार्यक्रम कुंभनाथ सिंह और एलबी सिंह तक पहुंचा। इससे नाराज होकर उनके घर पर हमला किया गया। इससे पहले, उनकी मां शकुंतला देवी ने भी स्थानीय पुलिस को ओबी डंपिंग के बारे में शिकायत की थी। उन्होंने कहा कि लाल बाबू सिंह और अन्य के इशारे पर उनके घर पर हमला किया गया है। अलकडीहा ओपी के प्रभारी ए रोशन ने आश्वासन दिया है कि मामले की जांच की जाएगी और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। यदि जल्दी कार्रवाई नहीं होती है, तो वे उपायुक्त और एसएसपी से न्याय की मांग करेंगे।सूत्रों के अनुसार, लोदना क्षेत्रीय प्रबंधन द्वारा साउथ तीसरा वर्कशॉप के पास ओबी डंपिंग की जा रही है, जिसका विरोध सुरूंगा के ग्रामीण लगातार कर रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि उनकी जमीनों को ओबी से ढका जा रहा है और न तो नौकरी दी जा रही है और न ही मुआवजा। विरोध करने पर मुकदमे में फंसाने की धमकी दी जाती है। यह संघर्ष पिछले कई वर्षों से चल रहा है।

> आवेदन प्राप्त हुआ है और इसकी जांच की जा रही है, हालांकि गोली और बम का आरोप गलत प्रतीत हो रहा है।
>
> ए रोशन,ओपी प्रभारी अलकडीहा।

# डुमरा राजबाड़ी में अनूठी परंपरा बरकरार भक्तगण कंधों में लेकर माता की प्रतिमा का किया विसर्जन

### -सिंदूर खेला के साथ नम आंखों से मां का विदाई

### -भक्तगण हुए भावुक

**बाघमारा।** डुमरा राजबाड़ी मंदिर प्रांगण में मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन के साथ विजयादशमी का पर्व धूमधाम से संपन्न हुआ। विसर्जन के पूर्व अहले सुबह नव पत्रिका को पालकी से ले जाकर राजा तालाब में वैदिक मंत्रोंच्चारण के साथ विसर्जन किया गया। विसर्जन के उपरांत मंदिर प्रांगण लोटकर विजय कमाना के लिए अपराजिता का पूजन किया गया। संध्या साढ़े चार बजे के आसपास क्षेत्र के आदिवासी ग्राम बहुल, आदिवासी महिला पुरुष अपने पारंपरिक वेशभूषा के साथ विषोहरी नृत्य करते हुए माता का दर्शन किया। रात आठ बजे के आसपास मंदिर में विराजमान मां दुर्गा की पूजन महाआरती के पश्चात मातारानी की जयकार लगाते हुए सुहागिन महिलाओं ने सिंदूर खेला के साथ नम आंखों से मां की विदाई की। माता के विदाई के दौरान मंदिर प्रांगण में भक्तगण भावुक दिखे।

राजा के पुस्तैनी तालाब में हुआ माता की प्रतिमा का विसर्जन।

मंदिर प्रांगण से माता की प्रतिमा को भक्तगण अपने कंधों से लेकर राजा के पुस्तैनी तालाब राजा बांध में विसर्जन किया। विसर्जन के दौरान माता की दर्शन के लिए सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। भीड़ भाड़ वाली जगह पर सरस्वती कला केंद्र के सदस्य, वोलेंटियर एवं विधि व्यवस्था को लेकर थाना प्रभारी चिरंजीत प्रसाद के साथ बाघमारा पुलिस एवं जिला बल तैनात थे।

# अलग अलग सड़क दुर्घटना में बच्चे सहित 10 घायल अस्पताल में कराया भर्ती

**संवाददाता सेन्हा–लोहरदगा–**शनिवार शाम अलग अलग सड़क दुर्घटना में महिला पुरुष एवं बच्चे सहित 10 लोग घायल हो गया सभी घायलों को अस्पताल में ग्रामीणों की मदद से कराया गया भर्ती। विदित हो कि लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र के बक्सीडीपा स्थित आयोजित विजयादशमी मेला से घर लौटने के दौरान एन एच 143 ए पथ पर टेम्पू पलटने से 6 वर्षीय बच्ची सहित दो महिला घायल सभी घायल की पहचान नौदी ग्राम निवासी सुनील उराँव के 19 वर्षीय पुत्री लक्ष्मी कुमारी कल्हेपाट निवासी सोमनाथ उराँव की पत्नी संगम कुमारी तथा प्रदेशीय उराँव के 6 वर्षीय पुत्री प्रिया उराँव के रूप में किया गया। जबकि दूसरा घटना एकागुड़ी चौक के समीप ग्रामीण पथ के किनारे खेत में अनियंत्रित हो जा पलटा जिसमें सवार कुम्हरिया निवासी राजेन्द्र महली के 25 वर्षीय पत्नी प्रियंका देवी,पुत्र रितिक महली,महरु महली के पुत्र राजेन्द्र महली,सचिन महली के 26 वर्षीय पत्नी सबिता देवी,7 वर्षीय पुत्र अभिषेक महली ढेड़ माह के पुत्र श्रियांस महली के रूप में किया गया। बताया जाता है कि मेला से लौटने के दौरान अपने रिश्तेदार के घर डांडू बिनोद महली के घर टेम्पू में सवार हो जा रहा था। बताया जाता है कि टेम्पू चालक गांजा का नाश कर चला रहा था। और जैसे ही टेम्पू अनियंत्रित हुआ तो चालक कूद कर घटना स्थल से भाग निकला तीसरा घटना कोराम्बे गोरा टोली के समीप का बताया जा रहा है मिली जानकारी के अनुसार अज्ञात मोटरसाइकिल चालक ने इचरी निवासी शीतल उराँव की 57 वर्षीय पत्नी सोमरी उराँव को धक्का मार गाड़ी ले चालक फरार हो गया परिजनों ने घटना की सूचना पर घायल आस्था में इलाज हेतु सेन्हा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया घटना की सूचना पर स्थानीय पुलिस घटना स्थल पहुंच घायलों की जानकारी लेते हुए पुलिस एक टेम्पू को कब्जे में ले अग्रतर कारवाई आरम्भ कर दिया गया

# अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकराई, दो युवकों की दर्दनाक की मौत

**संवाददाता कुडू–लोहरदगा–**कुडू थाना क्षेत्र के कुडू सुंदरू पथ में मनातू गांव के समीप शुक्रवार देर रात करीब 10 बजे अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकराने से बाइक में सवार दो युवकों की मौत हो गयी। दोनों युवक एक ही बाइक से कुडू के हमीद नगर से सुंदरू जा रहे थे, इसी दौरान यह हादसा हुआ। मृतकों की पहचान कुडू थाना क्षेत्र के सिंजो गांव निवासी आसिफ अंसारी 18 पिता अशरफ अंसारी एवं दिलशाद अंसारी 20 पिता सईद अंसारी के रूप में की गई। मिली जानकारी के अनुसार दोनों युवक सपरिवार कुडू के हमीद नगर में अपने संबंधी के घर शादी समारोह में आये थे और रात में होंडा शाइन बाइक से किसी काम से सुंदरू जा रहा थे। उनकी बाइक जैसे ही मनातु मोड़ के पास पहुंची, बाइक चला रहे युवक ने अपना नियंत्रण खो दिया। इससे बाइक सड़क किनारे एक पेड़ से जा टकराई।टक्कर इतनी जोरदार थी कि घटनास्थल पर ही आसिफ और दिलशाद की मौत हो गई। मृतक आसिफ अपने माता पिता की इकलौती संतान था। इनकी मौतकी खबर जैसे ही परिजनों को पहुंची तो कोहराम मच गया। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद कुडू थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया।

# सेमरडीह में विजयादशमी के उपलक्ष्य पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन।



**किस्को/लोहरदगा।** जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत खरकी के सेमरडीह देवी मंडप के समीप विजयादशमी के उपलक्ष्य पर दुर्गा पूजा समिति सेमरडीह के तत्वावधान में रंगारंग सांस्कृतिक नागपुरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस बीच कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व प्रखंड प्रमुख मुनीलाल उरांव, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजकुमार मुंडा और हिंदी दैनिक अखबार शुभम संदेश के लोहरदगा जिला ब्यूरो चीफ हुसैन अंसारी के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर शुभारंभ किया गया। यहां पर कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत चुनरी ओढाकर व मां दुर्गा का फोटो देकर किया गया। उल्लेखनीय है कि सेमरडीह गांव में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं और श्रोताओं ने रात भर कार्यक्रम का भरपूर लुत्फ उठाया एवं माता रानी के जयकारे के साथ रात भर क्षेत्र गुंजयमान रहा। इस दौरान कार्यक्रम में झांकी भी प्रस्तुत किया गया। बता दें कि दुर्गा पूजा समिति सेमरडीह द्वारा आयोजित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में रांची जिला अंतर्गत बेड़ो रांची से चलकर आई एसजीबी म्यूजिकल्स ग्रुप के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी, जिसमें श्रोताओं को मंत्र मुग्ध और झूमने पर मजबूर कर दिया। इस बीच अतिथियों ने कहा कि आपसी भाईचारा बढ़ाने के उद्देश्य से कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है.लोग कार्यक्रम का आनंद उठाए। इधर कार्यक्रम में सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से पुलिस जवान मौजूद रहे। मौके पर भाजपा प्रखण्ड अध्यक्ष राजकुमार मुंडा, हुसैन अंसारी, प्रकाश कुमार,आशीष कुमार, मुनीलाल उरांव,कैलाश साहू,पूर्व पाहन एतवा भगत, अशोक कुजूर,गोवर्धन प्रजापति, अनिल उरांव,महेश महतो, बजरंग गोप,प्रकाश साहू संतोष मांझी व अन्य मौजूद रहे।

# माता वैष्णों देवी मंदिर में शारदीय नवरात्र भंडारा के साथ संपन्न

**रामगढ़।** शहर के झंडा चौक स्थित माता वैष्णों देवी मंदिर में शारदीय नवरात्र भंडारा के साथ संपन्न हुआ। भंडारे में रामगढ़ सहित आस पास क्षेत्रों के लगभग पन्द्रह हजार श्रद्धालुओं ने मां वैष्णों देवी का प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर में शारदीय नवरात्र बीते 3 अक्तूबर को कलश स्थापना से शुरू हुआ था, जो शुक्रवार को माता के अटूट भंडारा के साथ संपन्न हुआ। भंडारा सुबह 8 बजे से शुरू हुआ, जो शाम तक चला। भंडारे में श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर माता का जयकारा लगाते हुए प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे को सफल बनाने में पंजाबी हिन्दू बिरादरी व माता वैष्णों देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरत चन्द्र वासुदेव, महासचिव महेश मारवाह सहित बिरादरी के सभी सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

# रांची रोड रेलवे स्टेशन के निकट मिला महिला का शव, जांच में जुटी पुलिस

**रामगढ़।** रामगढ़ थाना क्षेत्र के रांची रोड रेलवे स्टेशन के निकट एक महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई। रविवार को शव मिलने की सूचना पाकर रामगढ़ थाना पुलिस पहुंच कर शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दी। रामगढ़ थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार ने बताया कि महिला का शव पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दी गई है, हालांकि की शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

# 65 फीट के रावण दहन और जोरदार आतिशबाजी देख रोमांचित हुए हजारों लोग





लोहरदगा–आतिश नजारों के बीच रावण दहन, आतिशबाजी से आसमान हुआ सतरंगी। इस बार असत्य पर सत्य की जीत के पर्व दशहरा का उल्लास सभी पर छाया रहा, दूर दूर से लोग आए, एक से बढ़ कर एक पारंपरिक ढोल,नगाड़े,मांदर, घंट की धुन में लोग थिरकते रहे।सरना सनातन का दिखा अनूठा संगम। केंद्रिय दुर्गा पूजा समिति के द्वारा शहर के बक्सीडीपा में दशहरा मेले के आयोजन किया गया। जहां लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा सभी रावण, मेघनाथ और कुंभकरण के दहन के साक्षी बने।

केंद्रीय दुर्गा पूजा के बैनर तले दशहरा मैदान में सबसे पहले आए हुए सभी आगंतुक,अतिथियों का स्वागत केंद्रीय अध्यक्ष इंद्रजीत लकड़ा, महामंत्री मिथुन तमेड़ा के द्वारा अंगवस्त्र पहना कर किया गया उसके बाद द्वीप प्रज्वलित पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, उपायुक्त बाघमारे कृष्ण प्रसाद, पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमां, इंद्रजीत लकड़ा,मिथुन तमेड़ा के द्वारा किया गया। धीरज प्रसाद साहू ने भगवान श्रीराम के आदर्शों को समाज के लिए अनुकरणीय बताया और सभी से उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।उपायुक्त बाघमारे प्रसाद कृष्ण ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लोहरदगा के लोगों ने बड़े ही प्रेम,शांति, और सौहार्द से पर्व को मनाया।मेले में पहुंचे जिले वासियों में अनुशासन की कोई कमी नहीं है। सभी सादगी और खुशी के साथ मेले में सम्मिलित हुए हैं। उन्होंने मां दुर्गे से प्रार्थना करते हुए कहा कि सभी के जीवन में खुशी और शांति आए। युवाओं का भविष्य उज्जवल हो। साथ ही हम सभी के मन में जो बुराइयां है उसका दहन हो। चारों ओर अच्छाई की रोशनी फैले। एसपी हरीश बिन जमां ने कहा कि आज का दिन बहुत ही खास हो जाता है क्योंकि इस महान पर्व का महान संदेश है कि आज हम लोग जो रावण का दहन करते है। उसके साथ-साथ हमारे मन में शरीर में आत्मा में भिन्न-भिन्न प्रकार के बेस रावण का विनाश करने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि अच्छाई की हमेशा जीत होती है। पुलिस प्रशासन ने पूरी तन्मयता से विधि व्यवस्था को बनाए रखने में कोई कसर नहीं छोड़ी जिसमें सभी का भरपूर सहयोग मिला। सभी मंचासिन अतिथियों ने सफल आयोजन को लेकर खुशी जाहिर की, सभी व्यवस्थाओं के लिए केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के सभी सदस्यों को बधाई दी।आतिशी नजारों के बीच रावण का दंभ देखते-देखते धूं-धूं कर चूर हो गया। इससे पहले आसमान रंग-बिरंगे आतिशी नजारे से नहा उठा, जिसे देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। रावण दहन के दौरान जयश्री राम के जयकारे गूंज उठे।

आतिशबाजी के बीच भयंकर गर्जना के बीच जैसे ही 65 फीट ऊंचे रावण,मेघनाथ, और कुंभकरण की तलवार से फूटती चिंगारियां और आसमान में आतिशबाजी को देख लोगों ने भगवान श्रीराम के जयकारें लगाए। रावण का विकराल रूप देख लोग नजारे को अपने मोबाइल में कैद करते नजर आए। ठाकुर बाड़ी मंदिर से विशेष रूप से राम,लक्ष्मण, और हनुमान स्वरूप की झांकी आई।मेले में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस और आयोजन समिति के सदस्य सक्रिय रहे।अराजक तत्वों से निपटने के लिए भारी संख्या में सादे वर्दी में पुलिस के जवानों की तैनाती की गई है। इसके अलावा, ड्रोन कैमरे से भी निगरानी रखी जा रही थी, ताकि पर्व का आयोजन शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न हो सके। अंत में धन्यवाद ज्ञापन समिति महामंत्री मिथुन तमेड़ा ने दी।

# आपकी विकास पार्टी ने लांच किया अपना सिंबल, कलम की निब सात किरणों के साथ छाप




**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

**कोडरमा** आपकी विकास पार्टी ने आगामी विधानसभा चुनाव के लिए चुनाव आयोग से मिला अपना चुनाव चिन्ह (कलम की निब सात किरणों के साथ लांच किया। इस मौके पर केंद्रीय अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा ने कहा झारखंड में झारखंड वासियों के हित के लिए और झारखंड प्रदेश में रहने वाले 4.06 करोड़ झारखंड वासी मूल वासी एवं दबे कुचले की आवाज को बुलंद करने के लिए और उन्हें न्याय दिलाने के लिए झारखंड में आपकी विकास पार्टी का गठन किया है। झारखंड वासी मूल वासी रोजगार के लिए झारखंड से पलायन करने पर मजबूर हैं कारण कोंग्रेस, छ्रुरूक्ष ऋछ्र्ष्ठ, के पास ना कोई नियत है ना निति है। झारखंड को बिहार से अलग हुए लगभग 24 वर्ष हो चूका है जिस उद्देश्य के साथ हमारे वीरों ने झारखंड राज्य का गठन किया आज वह उद्देश्य कहीं दूर-दूर तक दिखाई नहीं देती है। बेरोजगारी, भुखमरी, स्वास्थ, शिक्षा, पलायन जैसे अनेक समस्याएं हैं इन सभी पार्टियों ने केवल झारखंड की सम्पति को लूटने का काम किया है। झारखंड आन्दोलन में मुस्लिम समुदाय के कई लोगों ने सक्रिय रूप से शालिम थे, अलग राज्य के आन्दोलन में मुस्लिम आन्दोलनकारियों ने अहम भूमिका निभाई थी। 1989 में मोहम्मद मुर्तजा अंसारी (चक्रपुर) 1990 में अशरफ खान (खेल्लारी रांची) 1992 में मोहम्मद सईद और जुबैर अहमद (सोनारी जमशेदपुर) 1993 में वहाब अंसारी (कोठशीला पुरुलिया) और स्ष् कुतुबुद्दीन (मदिनापुर) ने झारखंड आन्दोलन में अपने प्राण की अहुति दी थी। राजनीतिक पार्टियाँ कोंग्रेस, आजसू, भाजपा छ्रुरूक्ष ऋछ्र्ष्ठ इन सभी पार्टियों ने सिर्फ मुस्लिम समुदाय का हक छिनने का काम किया है, आए दिन दलित, आदिवासी अल्पसंखियक मुस्लिम समुदाय के उपर आए दिन अत्याचार बढ़ती जा रही है कुछ ढोंगी पाखंडीयों ने हमारे पैगंबर मोहम्मद सल्लाहु अलैहि वसल्लम के उपर अभद्र टिप्पणी करने वाले रामगिरी महाराज, नरसिभानंद और भाजपा विधायक नितीश नारायण राणे के विरोध में आपकी विकास पार्टी झारखंड के विभिन जिलों में विरोध मार्च करेंगे।आपकी विकास पार्टी ने संकल्प लिया है की जिसकी जितनी जन संख्या भारी उसको उतनी हिस्सेदारी और झारखण्ड वासी मूल वासी से मेरा अनुरोध है की आप ने देश की आज़ादी के बाद तमाम राजनितिक पार्टियों को मौका दिया।

# सेवा भारती ने मुंडा परिवारों के बीच कन्या पूजन का किया आयोजन

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

**झुमरी तिलैया** – नवरात्र के नवमी को कन्या पूजन का विशेष महत्व है लोग अपने घरों में नौ कन्या का माता दुर्गा का स्वरूप मानकर पूजा करते हैं। महानगरों के बाद अब कोडरमा के शहरी क्षेत्र में भी कई स्थानों पर कन्या पूजन का आयोजन किए जाने लगा है। सेवा भारती संगठन के द्वारा वन क्षेत्र में रहने वाले आदिवासी मुंडा परिवार के बीच दुर्गा पूजा पर्व पर उनके सम्मान में मुंडा परिवार की 31 कन्याओं का पूजन किया गया। सेवा भारती के सचिव आलोक कुमार सिन्हा ने बताया कि शहरी क्षेत्र में तो कई स्थानों पर कन्या पूजन का आयोजन किया जाता है लेकिन वन क्षेत्र में रहने वाले अभावग्रस्त लोग त्यौहार में इन सब से वंचित रह जाते हैं।इसी को ध्यान में रखते हुए सेवा भारती के द्वारा पिछले 4 वर्षो से मुंडा परिवार के बीच पहुंचकर कन्या पूजन का आयोजन किया जा रहा है। सेवा भारती के द्वारा झरना कुंड धाम में कन्याओं को एकत्रित कर सर्वप्रथम उनका पैर धोया गया। इसके बाद पैर



रंगने के उपरांत तिलक लगाकर उन्हें अंग वस्त्र फल और राशि देकर उनका पूजन किया गया।उन्होंने कहा कि गरीब,असहाय,बंचितो के बीच कन्या पूजन से मन को शांति मिलती है। मौके पर रिलायंस स्मार्ट बाजार के मैनेजर शशि भूषण,अमित कुमार व अन्य कर्मियों के द्वारा सभी कन्याओं को उपहार स्वरूप स्कॉलर किट और चॉकलेट दिया गया।वहीं गझण्डी रोड स्थित आदिवासी बच्चों के बीच भी स्कॉलर किट और चॉकलेट का वितरण किया गया।इस अवसर पर सेवा भारती के संयोजक गौरव कुमार,प्रकल्प प्रभारी संजय वर्मा,राजेश गुप्ता,सत्येंद्र सिन्हा, राम कुमार,जाबाज, महेश कुमार,प्रदीप सुमन,कुमारी मीता,सुषमा सुमन आदि उपस्थित थे।

# शस्त्र पूजन करना धार्मिक अनुष्ठान नहीं बल्कि यह हमारी सुरक्षा शक्ति का प्रतीक है - मुकेश राणा

**रांची एक्सप्रेस** जयनगर प्रखंड के दुर्गा मंदिर के प्रांगण में भी विश्व परिषद जयनगर प्रखंड के द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में विजयदशमी के अवसर पर शस्त्र पूजन का आयोजन विश्व हिंदू परिषद प्रखंड अध्यक्ष महादेव शर्मा के अध्यक्षता एवं संचालन विश्व हिंदू प्रखंड मंत्री सतीश कुमार पांडेय के द्वारा किया गया। सर्वप्रथम परम पूज्य डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार, गुरुजी एवं भगवान रामचन्द्र के चित्र पर पुष्प अर्पित कर शस्त्र पूजन प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह मुकेश राणा ने संबोधित करते हुए कहा कि विजयदशमी के अवसर पर शस्त्र पूजन करना केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं बल्कि यह हमारी




सुरक्षा और शक्ति का प्रतीक है, यह पूजा हमें आत्मविश्वास साहस और दुश्मनों पर विजय प्राप्त करने की शक्ति प्रदान करती है। मौके पर जिला धर्म जागरण प्रमुख दिवाकर पांडेय, खंड कार्यवाह सुनील कुमार यादव, विहिप प्रचार प्रसार जिला प्रमुख बिनोद कुमार बर्णवाल, महेश पांडेय, सुरेंद्र प्रसाद मोदी, राज नारायण सिंह, सकलदेव राम, हीरामन मिस्त्री, सदानंद सिंह, सुर्य देव राणा, शशिकांत प्रसाद, चंदन कुमार, डॉ सुनील कुमार पांडेय, सच्चिदानंद प्रसाद, मुकेश पांडेय, पप्पू सिंह, शंकर दयाल पांडेय, चंन्द्र देव सिंह, रामफल चौधरी, राजीव कुमार, अशोक सिंह, रामसागर स्वर्णकार,बेदो सिंह सहित सैकड़ो के संख्या में लोग मौजूद थे।

# दुर्गा पूजा के असर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**भुरकुंडा।** नवरात्रि के महाअष्टमी के पावन अवसर पर कुरसे में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उदघाटन मुख्य अतिथि बड़कागांव विधायक अम्बा प्रसाद ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम में राज ग्रुप की नंदनी, पवन, क्यूब रवानी, सोनी, मोनी, नंदनी, माही आदि कलाकारों ने एक से बढ़कर एक हिन्दी, भोजपुरी व नागपुरी गीत पर आकर्षक नृत्य की प्रस्तुति से उपस्थित लोगों को रात भर झुमाए रखा। मौके पर मुख्य अतिथि विधायक अंबा प्रसाद ने क्षेत्रवासियों को दुर्गा पूजा की बधाई देते हुए कहा कि हमारे पर्व-त्यौहार आपसी भाईचारगी व प्रेम का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि भक्ति आयोजनो से क्षेत्र



में हरियाली-खुशहाली का आगमन होता है। मौके पर विधायक अंबा प्रसाद के साथ अंजन प्रसाद, विनोद साव, योगेंद्र सिंह खरवार, चंदन साव सहित दर्जनों कांग्रेसी मौजूद थें। कार्यक्रम को सफल बनाने में पूजा समिति के अध्यक्ष किशुन दयाल सिंह, सचिव सुमित राज, कोषाध्यक्ष ब्रमदेव यादव, संतोष तुरी, उपाध्यक्ष गणेश बेदिया, संदीप कुमार सिंह, राजेंद्र तुरी, भूषण करमाली, रविंद्र बेदिया, नंदकिशोर तुरी, अजीत तुरी, मोती बेदिया, विवेक सिंह, ममता देवी, रूबी कुमारी, शकुंतला कुमारी, किरण, फुलेश्वर राम, वीरेंद्र यादव, हरिचरन करमाली, राणा प्रताप सिंह आदि का विशेष योगदान रहा।

# हाथी के हमले से युवक घायल, रिम्स रेफर



रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**बालूमाथ :** बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत गणेशपुर ग्राम में बीती रात हाथी के हमले से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया मिली जानकारी के अनुसार संतोष साहू 35 वर्ष पिता स्वर्गीय बिरजू साहू ग्राम ओकिया थाना बालूमाथ, डहु ग्राम से दुर्गा पूजा का मेला घूम कर अपने घर बाइक से ओकिया आ रहा था इसी बीच गणेशपुर जंगल मे एक हाथी ने हमला कर उसे पटक दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया,आस पास के ग्रामीणों की सहयोग से घायल युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां चिकित्सक सुरेंद्र प्रसाद के द्वारा उसे प्राथमिक उपचार किया गया,वही युवक की गंभीर स्थिति देखते हुवे उसे बेहतर इलाज हेतु राँची रिम्स रेफर कर दिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि झुंड से बिछड़ा हाथी फिर से इस क्षेत्र में दस्तक दे दिया है समय रहते अगर हाथी को क्षेत्र से दूर नही भगाया जाता है तो जान माल की नुकसान होने की सम्भवना है लोगों ने वन बिभाग से हाथी को दूर भगाने की मांग की है।

# लातेहार में भीषण सड़क दुर्घटना, एक की मौत, पांच लोग घायल

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**लातेहार :** जिले के मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत करमाही मोड़ के निकट राष्ट्रीय राजमार्ग 39 पर रविवार को यात्री बस, ऑटो और कार की टक्कर में कार चला रहे सफदर अंसारी (40) की मौत हो गई जबकि परिवार के पांच अन्य लोग घायल हो गए। घायलों में अनिक अंसारी, ज्यान गजनफर, आहिया अंसारी, इबाद अंसारी हैं। सभी रांची नामकुम के रहने वाले हैं। टेंपो पर सवार लातेहार निवासी अमित कुमार भी घायल हुआ है। जानकारी के अनुसार पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के निजी सहायक छोटू अंसारी परिवार के साथ बेतला पार्क घूमने गए थे। रविवार को सभी लोग वापस लौट रहे थे। गाड़ी उनका भाई चल रहा था। इसी दौरान करमाही मोड़ के पास सामने से आ रहे यात्री बस से उनकी गाड़ी की टक्कर हो गयी।



साथ ही पीछे से आ रहा ऑटो भी दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को लातेहार सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सक ने सफदर अंसारी को मृत घोषित कर दिया। अन्य घायलों को प्राथमिक इलाज के बाद रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है। इनमें तीन की स्थिति गंभीर बनी हुई है। पुलिस हादसे की जांच-पड़ताल कर रही है।

## दशहरा अधर्म पर धर्म की जीत का प्रतीक : अविनाश देव

**मेदिनीनगर :** मेदिनीनगर का पूरा इलाका पूजा-पंडालों से पटा हुआ है, वहीं वातावरण भक्तिमय है। माता के दर्शन के लिए भक्तों का भीड़ उमड़ पड़ी है, वहीं श्री केंद्रीय दुगार्पूजा महासमिति के संरक्षक होने के नाते संत मरियम स्कूल के चेयरमैन सह झामुमो युवा नेता अविनाश देव ने लगभग सभी पूजा-पंडालों में जा-जाकर माता रानी जी दिव्य दर्शन किए। मौके पर महिला, पुरुष, बूढ़ा, बच्चा आदि की भीड़ देखते बन रही थी। पूजा-पंडालों की भव्यता माता रानी के दरबार में चार चांद लगा रही थी, वहीं पुलिस-प्रशासन भी अपने कर्तव्य पर दृढ़-निश्चय दिखे, जिस कारण सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद था। इसके अलावे सभी पूजा समितियों के लोग पर्यावरण की स्वच्छता का ख्याल रखे हुए थे। समिति के अध्यक्ष, सचिव एवं अन्य सदस्यों ने अविनाश देव का गर्मजोशी से स्वागत व अभिनंदन किया। क्लब समिति के सदस्यों एवं दर्शकों को संबोधित करते अविनाश देव ने कहा कि दशहरा अधर्म पर धर्म की जीत का प्रतीक है। आगे उन्होंने कहा कि महानवमी को बेटियों की पूजन होती है। हम वैसे माता-पिता से कहना चाहेंगे, जो गर्भ में ही बेटियों को हत्या कर देते हैं। उन नन्हे फरिश्ते को धरती पर आने दें, क्योंकि आज जमाना बदल गया है। लोग प्रगतिशील विचार के हैं। आज आप सिर्फ अपनी बच्चियों की पढ़ाई, लिखाई एवं उत्तम परवरिश करें। आज के समय में एक बेटी, दस बेटों के बराबर है।

# कुशवाहा बिनोद सिन्हा ने कुंदरी में भव्य भंडारे का किया आयोजन

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**पांकी :** पांकी विधानसभा क्षेत्र के निलंबर-पीताम्बरपुर स्थित कुंदरी गांव में शारदीय नवरात्रि के नवमी के अवसर पर भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। इस धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन पांकी विधानसभा क्षेत्र के भावी विधायक प्रत्याशी कुशवाहा बिनोद सिन्हा द्वारा किया गया, जबकि कार्यक्रम की देखरेख कुंदरी पंचायत के युवा समाजसेवी दिलीप शाह ने की।
भंडारे में पूजा पंडाल के अध्यक्ष, सचिव और अन्य सदस्यगण सहित सैकड़ों ग्रामीणों की उपस्थिति रही। नवरात्रि के इस पावन अवसर पर



उपस्थित श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा की आराधना की और प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में श्रद्धालुओं को भोजन कराया गया, जिसका शुभारंभ विधिवत पूजा-अर्चना के बाद किया गया।
इस धार्मिक आयोजन का मुख्य उद्देश्य न केवल आस्था और भक्ति को समर्पित था, बल्कि सामाजिक सद्भाव और एकजुटता को बढ़ावा देना भी था। कुशवाहा बिनोद सिन्हा ने इस अवसर पर सभी ग्रामीणों को उनके सहयोग और समर्थन के लिए धन्यवाद दिया और आश्वासन दिया कि वे सदैव क्षेत्र की सेवा में तत्पर रहेंगे। इस भव्य आयोजन में क्षेत्र के सभी वर्गों और उम्र के लोगों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा।

# चतरा में धूमधाम से दुर्गा पूजा व दशहरा संपन्न

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**चतरा :** जिले के प्रसिद्ध मां भद्रकाली मंदिर में शुक्रवार सुबह 6:52 बजे निर्धारित समय पर संधि बली की गई। संधि बलि महाष्टमी पूजा में सैकड़ो श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। जिला भर में संधि बलि दुर्गा पूजा पंडालों व मंदिरों में की गई। भद्रकाली मंदिर के पुजारियों ने महाष्टमी पूजा पूरे विधि-विधान के साथ कराई। पहली संधि बलि मंदिर के द्वारा की गई। जिसमें भुआ, फल व ईख की बलि दी गई। पश्चात भाजपा नेता सह जीप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी श्रद्धालुओं ने बारी-बारी से बलि दी। संधि बलि में



जीप उपाध्यक्ष, मंदिर सदस्य सीताराम सिंह, बिजय चौरसिया समेत ने संधि बलि में शामिल होकर माता के पूजा अर्चना की। मौके पर मंदिर कर्मी नागेश्वर यादव, मधुरेन्द्र सिंह, टीपू सिंह, अशोक सिंह ,हरि सिंह, श्याम कुमार समेत बड़ी संख्या में लोग दूर दराज से पहुंचें। साथ ही परोका, परसौनी, पीतीज, करनी व इटखोरी टाल दुर्गा पूजा संधि बलि सम्पन हुआ।

## संक्षिप्त समाचार

### मूर्ति विसर्जन के दौरान लोडेड कट्टा के साथ एक गिरफ्तार



**पलामू :** बीते दिन पंचकेडीया मूर्ति विसर्जन जुलूस में गुप्त सूचना के आधार पर एक व्यक्ति के पास से एक लोडेड देशी कट्टा एवम दो खोखा बरामद किया गया मैम। पकड़ाए व्यक्ति का नाम संतु कुमार महतो, उम्र 32 वर्ष, पिता मुनेश्वर महतो, पता कोलहुआ टोला, थाना नवाजैपुर, जिला पलामू है, जिसे गिरफ्तार कर न्यायालय में उपस्थापन हेतु भेजा गया। इस संबंध में नवाजयपुर थाना कांड संख्या 38/24, दिनांक 12/10/2024, धारा 25(1)/26 आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया है।

### बालूमाथ में हर्षोल्लास के साथ दुर्गा पूजा संपन्न



**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड में हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ दुर्गा पूजा संपन्न हो गया। बालूमाथ सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति द्वारा 9 दिनों तक नवपुराण पाठ,भंडारा एवं सात दिवसीय राजस्थान के प्रसिद्ध कथा वाचक बिन्नी किशोरी के द्वारा कथा का आयोजन एवं 4 किलोमीटर तक आकर्षक रूप से लाइट एवं साउंड से सजाकर विजय दसवीं के दिन भव्य जुलूस निकालकर दुर्गा पूजा मनाया। विजय जुलूस निकलने से पूर्व दुर्गा मंडप परिसर में एक भव्य मेला का आयोजन किया गया। जिसमे भारी भीड़ देखी गई। विजय जुलूस दुर्गा मंडप से आरंभ होकर, न्यू बस स्टैंड, थाना चौक, महावीर मंदिर, जमा मस्जिद होते हुए चेताग पहुंचा। व पुनः वापस मुरपा मोड, ब्लॉक, टमटमटोला होते हुए बालूमाथ छठ तालाब में पंडित अमरनाथ लाल के द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ पूजा अर्चना करने के बाद विसर्जन किया गया। इस दौरान लातेहार मुख्यालय के एसडीपीओ संजीव मिश्रा, बालूमाथ पुलिस इंस्पेक्टर परमानंद विरूवा, बालूमाथ थाना प्रभारी विक्रांत उपाध्याय, नए अंचल अधिकारी विजय कुमार, पूरे विसर्जन जुलूस के दौरान स्वयं मौजूद रहे ।वही पूजा को सफल बनाने में अध्यक्ष रवि सिंह, लालदेव गंझु, अखिलेश भोगता, नीरज गुप्ता, सुरेंद्र साहू, बबलू चौरसिया, सोनू सिंह, सोनू सिन्हा, ऋषि कुमार, विनोद साहू, संजय ओझा, दिलीप कुमार, सनी पांडे, रंजय सिंह, विशेष गुप्ता, उपेंद्र रंगीला, जितेंद्र कुमार, हिमांशु गुप्ता, कैलाश यादव, समेत कई लोगों ने सक्रिय भूमिका निभाई। वही आदर्श नगर दुर्गा पूजा समिति बालूमाथ, पिंडारकोम, सेरेगड़ा, आरा, मसीयातु, झाबर, मुरपा समेत कई स्थानों पर दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाया गया।

### भाजपा नेता ज्योति पांडे ने दुर्गा पूजा के अवसर पर कई कार्यक्रमों में लिया भाग




**पलामू :** दुर्गा पूजा व नवरात्रि के अवसर पर भाजपा युवा नेता ज्योति पाण्डेय ने डाल्टनगंज भंडरिया विधानसभा में नवरात्रि के अवसर पर होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम, डांडिया एवं पुरबडिहा, नेउरा, लादी, नीमिया, डाल्टनगंज ,चैनपुर के कई पूजा पंडाल में जाकर मां का आशीर्वाद प्राप्त किया उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए श्री पांडे ने कहा कि यहां पर दुर्गा पूजा का बहुत ही भव्य आयोजन होता है पूरे क्षेत्र में भक्ति मय वातावरण है नवरात्रि का अवसर अपने अंदर के बुराइयों को दूर करने का समय होता है रावण के एक पाप ने उसे मृत्यु दिलाइ रावण को हराने के लिए भगवान श्री राम ने मां दुर्गा की आराधना की जिसके फल स्वरूप मां दुर्गा ने श्री भगवान श्री राम को शक्तिप्रदान की और उन्हें समस्त देवी देवताओं का साथ मिला जिनके सहयोग से श्री राम जी ने रावण का वध कर जीत हासिल की आज समाज को बांटने वाले वैसे असुरी शक्तियों का भी हमें पुरजोर विरोध करना चाहिए और पूरे समाज को सबल और संगठित करने का काम करना चाहिए हमें अपने आराध्या भगवान से सीख लेते हुए उनके द्वारा बताएं मार्गों पर चलने का प्रयास करना चाहिए तभी हमारा जीवन सफल होगा।

# इटखोरी और परोका में धू-धूकर जला रावण, उमड़ा जनसैलाब

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**चतरा:** जिले के इटखोरी प्रखंड के परोका व इटखोरी में देरशाम रावण दहन किया गया। परोका में 75 फीट का रावण सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के द्वारा बनाया गया था। परोका के संयोजक बसंत नारायण सिंह एवं अध्यक्ष गौतम सिंह के द्वारा अत्याचारी रावण को आग के हवाले किया। असत्य पर सत्य की जीत है। वही इटखोरी चौक नवदुर्गा पूजा के द्वारा रावण के पुतले को भाजपा नेता सुजीत भारती ने तीर मारकर रावण के पुतले को जलाया। धूं धु कर जलता रावण को देखने बड़ी संख्या में लोग पहुचें। मेले में आए श्रद्धालुओं ने रावण दहन का खूब तारीफ किया। एक घंटे तक रावण धू धू कर जलता रहा। परोका में विशाल रावण को जेसीबी मशीन के द्वारा खड़ा किया गया। समिति के रावण



प्रभारी अनिल राणा का मेहनत रंग लाया। समिति के संयोजक बसंत नारायण सिंह का पूजा में अहम भूमिका निभाई। मेला को सजाने में गिरजेश प्रसाद, बीजेश प्रसाद सचिव, उपाध्यक्ष रंजीत सिंह, श्याम सुंदर राणा ,अजय पासवान, पूर्व सचिव विनय कुमार सिन्हा, पूर्व अध्यक्ष अभिमन्यु राणा समेत सभी सदस्यों का अहम योगदान रहा। मौके पर भाजपा नेता सुजीत भारती, भरत साव, उपप्रमुख संजय गुप्ता, पंचायत समिति सदस्य मनोज भुइयां समेत हजारों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

# भगवान श्री राम का चरित्र अनुकरणीय : के एन त्रिपाठी

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**मेदिनीनगर :** भगवान श्री राम का चरित्र अनुकरणीय हैं। भगवान श्री राम ने समाज मे एक आदर्श व मयार्दा स्थापित की थी उक्त बातें झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री के एन त्रिपाठी ने कही।वे बुधवार को सदर प्रखंड के पोलपोल शिववेल में आयोजित दुर्गा पूजा महोत्सव में सातवें दिन बतौर अतिथि सम्बोधित कर रहे थे।इसके पूर्व श्री त्रिपाठी को नव युवक विकास समिति के लोगो द्वारा अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि आज समाज मे विद्वेष स्थान ले लिया है।भाई भाई का नही है पिता पुत्र का नही है।लेकिन रामचरित मानस में बर्णन है कि पिता को बचन को रखने के लिए 14 बर्ष बनवास बिताया।श्री राम ने अपने भाई के लिए सिंहासन छोड़ दिया।उन्होंने कहा कि भगवान



राम ने नारी का अपमान करने पर बाली व रावण का वध किया।उन्होंने कहा कि प्रभु श्री राम जीवन पर्यंत मयार्दा व संस्कार के साथ विनम्रता को भी नही छोड़ा।उन्होंने कहा कि रामचरित मानस हमे जीवन जीने का कला सिखाता है।हम अगर रामचित मानस को जीवन मे उतार लें तो जीवन धन्य हो जाएगा।उन्होंने कहा कि जनता के हर दुःख सुख में साथ है।उन्होंने कहा कि जाति धर्म अमीर गरीब उच्च नीच के दूरी को पाटना होगा।तभी राम राज्य आ सकता हैं।इस मौके पर बृंदावन से पधारी मानस प्रवक्ता केशव प्रिया भारद्वाज ने कहा कि राम चरित्र मानस सदग्रन्थ हैं।रामचरित मानस में मानवीय मूल्यों की ब्याख्या की गई हैं।उन्होंने भरत मिलाप,राम वन गमन की कथा का बर्णन किया।मौके पर भरदुल सिंह, विवेकानंद, उदय तिवारी,पंकज सिंह, रजनीकांत पांडेय,ध्रुव पाल, सुभाष कुमार,पपू देहाती,अविनाश कुमार,जितेंद्र कुमार,मंतोष कुमार, योगेंद्र कुमार,राम करेश चौधरी, समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# झामुमो की बैठक में पलामू में उम्मीद चयन को लेकर रायशुमारी

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**पलामू :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के डालटनगंज विधानसभा के सभी प्रखंड के अध्यक्ष सहित पदाधिकारियों एवं जिला पदाधिकारियों एवम मोर्चा के पदाधिकारियों की राय शुमारी बैठक परिसदन भवन में संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता झामुमो अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने किया और संचालन सचिव सन्नू सिद्धिकी ने किया।
इस बैठक में सभी पदाधिकारियों और प्रखंड अध्यक्ष सहित सभी कार्यकताओं ने डाल्टनगंज विधानसभा चुनाव लड़ने की मांग मजबूती से की। रायशुमारी बैठक में पंद्रह अक्टूबर को शिवाजी मैदान में सभा करने के प्रस्ताव को भी पास किया गया। इस सभा में हजारों के संख्या में झामुमो के कार्यकर्ता भाग लेंगे और अपना शक्ति प्रदर्शन करेंगे।
झामुमो के कार्यकताओं की मांग है की डाल्टनगंज विधानसभा झामुमो के नेतृत्व में लड़ा जाए। अध्यक्षता कर रहे राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने कार्यकताओं की रायशुमारी से केंद्रीय नेताओं को अवगत कराने और उनकी मांग को केंद्र में मजबूती से रखने का आश्वाशन दिया। उन्होंने कहा 15 अक्टूबर



को शक्ति प्रदर्शन भव्य रूप से होगा और झामुमो मजबूती से डाल्टनगंज में चुनाव लडेगी। श्री सिन्हा से अपने संबोधन में कहा झामुमो पलामू की सबसे मजबूत पार्टी है, माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन द्वारा चलाई जा रही मईया सम्मान योजना, अबूआ आवास और बिजली बिल माफ जैसी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जनता को मिला है, इसके वजह से झामुमो की लोकप्रियता पलामू में सबसे ज्यादा है।
इस रायशुमारी बैठक में उपस्थित बालकिशुन उरांव, नगर अध्यक्ष फंटूश जायसवाल ने भी डाल्टनगंज विधानसभा नेतृत्व राजेंद्र प्रसाद सिन्हा के नेतृत्व में लड़ने की बात कही। श्री सिन्हा ने शिवाजी मैदान में सभी कार्यकताओं को शामिल हो कर शक्ति प्रदर्शन सभा शामिल होने का आह्वान किया। उन्होंने आगे बताया कि हम सब विधानसभा चुनाव लड़ने को तैयार हैं। भाजपा के जनप्रतिनिधियों ने पलामू को विकास के मामले में पीछे धकेल दिया है। जनता इस बार भाजपा के जनप्रतिनिधि को सबक सिखाने वाली है।
डाल्टनगंज के बाद पलामू के सभी विधानसभा में झामुमो का शक्ति प्रदर्शन किया जाएगा और सभी वैसी सीटें जहां झामुमो मजबूत है वहां झामुमो के लिए सीट की मांग की जाएगी। इस कार्यक्रम में उपाध्यक्ष बलकिसून उरांव, रंजन चंद्रवंशी, राकेश सिन्हा, असफर रब्बानी, पप्पू कमाल खान, कोषाध्यक्ष रमेश कुमार सिंह, संगठन सचिव नवीन सिन्हा, अनुराग सिंह, विनय सिंह, उमा सिंह, रंजन चंद्रवंशी, संयुक्त सचिव साहबाज आलम, चंदन सिन्हा । वरिष्ट नेता प्रदीप सिंह, अखिलेश सिंह । महिला मोर्चा अध्यक्ष सुशीला मिश्रा, कांति चंद्रवंशी, मंजू देवी, अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष फजायल अहमद, सचिव नन्हे खान, अल्पसंख्यक नेता बबलू साहनवाज, हाजी ललन, इकबाल कुरैशी, युवा मोर्चा अध्यक्ष सनी शुक्ला, सचिव शार्दुल विनायक , कन्हैया दुबे, देवानंद भारद्वाज, बबलू चौधरी, अरविंद चौधरी, मुकेश चौधरी,रंजीत तिवारी, दिवाकर तिवारी, महानगर सचिव छोटू त्रिपाठी, व्यवसाय मोर्चा अध्यक्ष दीपू चौरसिया, क्रीडा मोर्चा के अध्यक्ष सुमित वर्मन , सचिव दीपक तिवारी, दलित पिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष ललन चौधरी, भरत चौधरी, सुनील चौधरी, उपाध्याय सिंह,छात्र मोर्चा अध्यक्ष कौशल किशोर, सचिव सैय्यद फैजल । सतबरवा प्रखंड अध्यक्ष सरवन कुमार , उपाध्यक्ष मेघनाथ राम, रामगढ़ प्रखंड अध्यक्ष उदय कुमार भुइयां, सचिव बिरसा मुंडा, सदर प्रखंड सचिव गौतम कुमार, चैनपुर प्रखंड अध्यक्ष कमरुद्दीन अंसारी, सचिव नितीश कुमार सिंह , जितेंद्र यादव, बड़गड़ अध्यक्ष अर्जुन मिंज, भंडरिया प्रखंड अध्यक्ष हरिदास तिर्की । राशि, मोहम्मद इंसारिफ, सुनील कुमार, रोहित कुमार, मनोहर चंद्रवंशी, इरसाद आलम, मिकाइल अंसारी और अन्य नेतागण मौजूद थे ।

# हर रिश्ते में हम राम खोजते हैं : अरुणा शंकर



रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**पलामू :** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री चंद्रशेखर आजाद क्लब के द्वारा रावण वध कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसकी मुख्य अतिथि मेदनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने श्री राम के महत्व को बताते हुए कहा एक मां अपना पुत्र राम की तरह चाहती ,एक भाई अपना भाई राम की तरह चाहते, एक पत्नी अपना पति राम की तरह चाहती मतलब राम ही संपूर्ण है जिसे हर मां, बाप ,भाई, बहन अपनों में देखना चाहते। प्रथम महापौर ने इस वर्ष पूर्व से अधिक 10 हजार से ऊपर भीड़ को देखते हुए कही अब हमारा शहर भी सनातनियों का शहर हो रहा जहां घर-घर से इस उत्सव को मनाने लोग इस ऐतिहासिक मैदान में एकत्रित हुए हैं मैं सबों को दिलों से बधाई देती हूं। विशिष्ट अतिथि के रूप में आए भाजपा प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने कहा 2024 हम हिंदुओं के लिए स्वर्णिम काल है जहां रामलाल को हमारे प्रधानमंत्री ने टेंट से लाकर मंदिर में विराजमान किया और हम फक्र से अब दर्शन कर पा रहे। भाजपा जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा हमारा देश विश्व गुरु बनने की और अग्रसर है जो बिना हमारे प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र भाई मोदी के बिना असंभव है। बैठक की अध्यक्षता करते हुए चेंबर अध्यक्ष श्री आनंद शंकर ने कहा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हम सबों ने शांतिपूर्ण ढंग से कार्यक्रम को संपन्न कर पा रहे हैं जिसके लिए मैं मेदिनीनगर को धन्यवाद देता हूं। सभी लोगों ने कार्यक्रम के आयोजन चंद्रशेखर आजाद क्लब के अध्यक्ष झूलन जी, सोमनाथ जी एवं सभी साथियों को इस ऐतिहासिक कार्यक्रम के लिए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में पलामू चैंबर आफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सदस्य एवं चेंबर की महिला विंग की अच्छी भागीदारी देखी गई जिनके सहयोग से यह कार्यक्रम होता आ रहा।

## आरा में अंधाधुंध फायरिंग,पूजा पंडाल में बैठे 4 लोगों को लगी गोली

**पटना(बिहार ब्यूरो)।** सूबे बिहार के आरा में रविवार की अहले सुबह अंधाधुंध फायरिंग में चार लोगों के घायल होने की सूचना मिली है।मिली जानकारी के मुताबिक आरा के नवादा थाने के मौलाबाग में पूजा पंडाल के पास बाइक सवार हथियारबंद हमलावरों ने अंधाधुंध फायरिंग की हैं।फायरिंग के दौरान पूजा समिति के सदस्य सहित चार लोगों को गोली लगी है।बताया जाता हैं की फायरिंग के बाद बाइक सवार हथियारबंद सभी बदमाश हथियार लहराते हुए घटनास्थल से फरार हो गए।सभी घायलों को इलाज के लिए आरा शहर के बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल में लाया गया हैं।इस घटना की सूचना मिलते ही नवादा थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची।स्थानीय पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही हैं।मौके से पुलिस ने दो खोखा बरामद किया हैं।जख्मी सुनील कुमार यादव ने बताया कि वे लोग रविवार की अहले सुबह पंडाल में कुर्सी लगाकर बैठे हुए थे।इस दौरान दो बाइक पर सवार कुछ हथियारबंद बदमाश पंडाल में आए और अंधाधुंध फायरिंग करनी शुरू कर दी,जिसमें सभी लोगों को गोली लग गई। इसके बाद वे लोग वहां से फरार हो गए।घायलों के इलाज कर रहे सर्जन चिकित्सक विकाश सिंह ने बताया कि रविवार की अहले सुबह गोली से जख्मी हालत में चार लोग यहां आए थे।दो लोगों के पेट से गोली निकाल दिया गया है।तीसरे के पैर और चौथे को जांघ में गोली लगी है।उनका भी बुलेट निकाल दिया गया है।सभी की स्थिति खतरे से बाहर बताई जाती हैं।

## नालंदा में भीषण सड़क हादसा,चार की मौत,दो की हालत गंभीर

**पटना(बिहार ब्यूरो)।** सूबे बिहार के नालंदा जिले में शनिवार की रात एक भीषण सड़क हादसा हुआ।जानकारी के मुताबिक सरमेरा थाना क्षेत्र के बिहटा सरमेरा एसएच-78 पर बढ़िया गांव के पास एक अज्ञात वाहन ने दो बाइक में टक्कर मार दी।इस हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई,जबकि दो गंभीर रूप से घायल हैं।सभी मेला देखकर लौट रहे थे,इसी दौरान ये हादसा हुआ।घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गई है।शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।मिली जानकारी के अनुसार टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइक के परखच्चे उड़ गए।घटना के बाद अज्ञात वाहन का ड्राइवर गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया।घायल सूरज कुमार और राजहंस कुमार को गंभीर स्थिति में पटना रेफर किया गया है।दोनों अभी बोलने की स्थिति में नहीं हैं।मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।एक के परिजन ने बताया कि वे सिर्फ मेला देखने गए थे।कौन जानता था कि वे कभी लौटकर नहीं आएंगे।सरमेरा थानाध्यक्ष विकास कुमार के मुताबिक बिहटा-सरमेरा एसएच-78 पर बढ़िया गांव के पास हुए इस हादसे में शेखपुरा निवासी दिलीप कुमार का बेटा राजन कुमार(22),मोहद्दीपुर निवासी संजय केवट का बेटा सोनू कुमार(21),गया जिला के धर्मोचक गांव निवासी जागेश्वर केवट का बेटा बॉस कुमार(19),शेखपुरा जिला के निवासी राजकुमार पासवान का बेटा शशि रंजन(35)की मौत हो गयी है।पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

## पुलिस ने संदेहास्पद स्थिति में 24 वर्षीय युवक का शव किया बरामद

**कुजू।** कुजू पुलिस ने दिगवार से बूढ़ाखाप जाने वाले सड़क पर बूढ़ाबोन के निकट संदेहास्पद स्थिति में पंडा टोला दिगवार निवासी 24 वर्षीय योगेंद्र कुमार पिता बालेश्वर महतो का शव बरामद किया है। जानकारी के अनुसार योगेंद्र अपनी टीवीएस आपाची बाइक संख्या जेएच 24 डी 4055 पर सवार होकर शुक्रवार की शाम घर से निकला था। लेकिन वह देर रात तक वापस नहीं आया। शनिवार की सुबह टहलने निकले लोगों ने सड़क पर शव देखा। इसके बाद यह खबर गांव में फैल गई। जिससे घटनास्थल पर योगेंद्र के परिजनों सहित ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। जहां चचाओं का बाजार गर्म हो गया।

# डेंगू वैक्सीनः जल्द मिल सकता है डेंगू का टीका,बिहार में शुरू हुआ वैक्सीन का अंतिम क्लीनिकल ट्रायल

**पटना(बिहार ब्यूरो)।** बिहार और देश के दूसरे हिस्सों में डेंगू से बीमार पड़ रहे लोगों को इस बीमारी के खौफ से हमेशा के लिए मुक्ति दिलानेवाला टीका बनाने का काम तेजी से चल रहा है।पटना में डेंगू वैक्सीन के क्लिनिकल ट्रायल का तीसरा चरण शुरू हो गया है।अब तक छह लोगों को डेंगू वैक्सीन का टीका लग चुका है।बिहार में लगभग 500 लोगों को यह परीक्षण टीका लगेगा।वैज्ञानिकों की टीम टीका लेनेवालों की दो साल निगरानी करेगी।भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद का पटना स्थित राजेंद्र स्मारक चिकित्सा विज्ञान अनुसंधान संस्थान क्लिनिकल ट्रायल




संचालित कर रहा है। आरएमआरआईएमएस के एक अधिकारी ने बताया कि पूरी तरह देश में बन रहे वैक्सीन के तीसरे चरण का ट्रायल 26 सितंबर को चालू हो गया है।इसके तहत अब तक छह लोगों को वैक्सीन डोज दिया गया है।आईसीएमआर टीका लेनेवालों की दो साल तक निगरानी करेगी।वैक्सीन बनाने में आईसीएमआर और पैनेसिया बायोटेक लिमिटेड मिलकर काम कर रही है।टीका परीक्षण के लिए 10 हजार लोगों को वैक्सीन लगाई जाएगी और उनके स्वास्थ्य पर नजर रखी जाएगी।डेंगू टीका के परीक्षण के लिए देश भर में 19 केंद्र चुने गए हैं।आरएमआरआईएमएस उनमें से एक केंद्र है।इस लिहाज से हर केंद्र को लगभग 500 लोगों को ट्रायल का टीका लगाना है।बिहार में रोज डेंगू के मरीज बढ़ रहे हैं।इस साल 4416 मरीज अस्पताल पहुंचे हैं और 12 लोगों की मौत हुई है।अकेले पटना में 2184 मरीज मिले हैं।वैक्सीन पटना देरी से पहुंचने के कारण ट्रायल पर थोड़ा असर पड़ा है।इसे जुलाई में आ जाना था,लेकिन सितंबर में आया।जुलाई में आने से ट्रायल शुरू हो गया होता और डेंगू के मौसम में इसका असर देखने का एक मौका होता।पटना के ज्यादातर इलाकों में डेंगू फैल गया है और कुछ एरिया तो इसका हॉट स्पॉट बना हुआ है।

## अनगड़ा में झारखंड स्वाँसी पांड़ समाज एकता संघ की हुई बैठक


**अनगड़ा ।** प्रखंड मैदान अनगड़ा में रविवार को अक्षय कुमार स्वांसी की अध्यक्षता में झारखंड स्वाँसी ( पांड़ ) समाज एकता संघ की बैठक संपन्न हुई द्य बैठक में कई विन्दुओं पर चर्चा की गई द्य समाज के अगुवा और गणमान्य लोगों ने अपने अपने व्यक्तव्य में कहा कि भगवान बिरसा मुंडा के गुरु आनन्द पांड़ स्वांसी के नाम को आनन्द पाण्डे पंडा कर दिया गया है जिसे सुधार कर आनन्द पांड़ स्वासी करने की मांग सरकार से की गई द्य कहा कि झारखण्ड के बुनकर समाज को अलग अलग वर्ग में वर्गीकृत किया गया है जैसे स्वांसी पांड़ पाण तांती इत्यादि द्य परन्तु सभी एक हैं द्य बावजूद झारखण्ड में स्वांसी अपने हक अधिकार से वंचित हैं द्य कहा कि खतियान में पांड़ दर्ज होने के कारण उनका जाति प्रमाण पत्र निर्गत नहीं किया जा रहा है द्य ऐसी और कई गंभीर समस्याएँ हैं जिन्हें सरकार अपने संज्ञान में लेकर उनका समाधान करे द्य मौके पर बिरसा मुण्डा के धर्म गुरु आनन्द पांड स्वासी के वंशज परपोता सहदेव स्वांसी के साथ राँची जिला अध्यक्ष विश्वकर्मा स्वांसी उपाध्यक्ष बाल्मीकि स्वांसी उप सचिव बिशु स्वांसी कोषाध्यक्ष बलीराम स्वांसी संरक्षक करमदयाल स्वांसी संरक्षक मुड़ला स्वांसी राहुल स्वांसी सुनिता स्वांसी छोटू स्वांसी बुधराम स्वांसी सोमरा स्वांसी सहित समाज के वरिष्ठ नेता और गणमान्य लोग उपस्थित थे

## महली हूहू गांव में दो माह से ट्रांसफार्मर है खराब

**अनगड़ा ।** प्रखंड के महली हूहू गांव का बिजली का ट्रांसफार्मर पिछले दो माह से खराब है। जिसके चलते ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भाजपा नेता उमेश कुमार बड़ाईक ने बिजली विभाग से खराब ट्रांस्फॉर्मर को जल्द से जल्द बदलने की मांग की है।

## मौर्य एक्सप्रेस से 12 करोड़ की कोकीन जब्त,स्मगलिंग करता कोच अटेंडेंट गिरफ्तार

**पटना(बिहार ब्यूरो)।** सूबे बिहार के मुजफ्फरपुर रेल थाने की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 15027 मौर्य एक्सप्रेस के ए-वन कोच से कोकीन व टेट्रा पैक विदेशी शराब जब्त किया गया है।इस मामले में ए-वन कोच के अटेंडेंट धनंजय कुमार को गिरफ्तार किया गया है।प्रारंभिक पूछताछ के बाद उसे सोनपुर स्थित रेल कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।धनंजय के पास से एक मोबाइल,कोच अटेंडेंट का आइकार्ड मिला है।उसके अनुसार वह आरा के तरारी थाना क्षेत्र के बरसी धनगांव का रहनेवाला है।इसकी पुष्टि रेल थाना मुजफ्फरपुर के थानेदार इंस्पेक्टर रंजीत कुमार ने की है।उन्होंने बताया है कि आगे की कार्रवाई जारी है।एक



पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि गांजा की खेप को लेकर ट्रेन में छापेमारी करने गई मुजफ्फरपुर पुलिस को छापेमारी में कोकीन मिला है।यह पहला मामला है जब मुजफ्फरपुर जंक्शन पर किसी भी एजेंसी द्वारा चलती ट्रेन से इतनी बड़ी मात्रा में कोकीन जब्त हुआ है।अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत 12 करोड़ रुपए से अधिक आंकी गयी है।इससे पूर्व जंक्शन पर सोना,चांदी,गांजा,विदेशी सिगरेट,सुपारी आदि जब्त की जा चुकी है।शराब जब्ती अब पुलिस की नियमित कार्रवाई में शामिल हो चुकी है।इंस्पेक्टर रंजीत कुमार के बयान पर रेल थाना में मादक अधिनियम के तरह प्राथमिकी दर्ज की गयी है।दारोगा जयप्रकाश को इस मामले की जांच सौंपी गयी है।आइओ रेल पुलिस की सर्विलांस टीम के साथ मिलकर लिंकेज के आधार पर तफ्तीश में जुट गये है।जब्त कोकीन को क्षेत्रीय विधि विज्ञान प्रयोगशाला मुजफ्फरपुर,पटना या कोलकाता से जांच करायी जाएगी।इसके बाद इसके स्ट्रेंथ की पुष्टि होगी।इसके अलावा सीसीटीवी कैमरे की जांच रिपोर्ट भी पुलिस के लिए अहम होगी।पुलिस धनंजय के मोबाइल को भी खंगाल रही है।

## रांची सिविल कोर्ट के अधिवक्ता के पिता की चाकू से गोदकर हत्या

**रांची, एजेंसी।** रांची सिविल कोर्ट के अधिवक्ता के पिता की हत्या कर दी गयी है।यह घटना जिले के चान्हो थाना क्षेत्र के मसमानो गांव की है, जहां रांची सिविल कोर्ट के अधिवक्ता सुशांत सिंह के पिता अशोक सिंह की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गयी।पुलिस ने शनिवार को रिम्स में शव का पोस्टमार्टम करवाया।इसके बाद गांव लेकर पहुंचे और शनिवार देर शाम पुलिस की निगरानी में अंतिम संस्कार किया गया।बताया जाता है कि अशोक सिंह की हत्या जमीन विवाद में हुई है।इस मामले में पुलिस ने छह से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया है और सभी से पूछताछ चल रही है।घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि 62 वर्षीय अशोक सिंह शुक्रवार को घर से 50 मीटर की दूरी पर अपनी भैंस को बांध रहे थे।




सात्विक प्रोडक्शन प्राइवेट लिमिटेड रांची झारखंड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक निभा रंजन सुमन द्वारा ग्राउण्डड फ्लोर, कुशवाहा कॉम्पलेक्स, बूटी मोड़, रांची से प्रकाशित तथा शिवासाई पब्लिकेशन प्राईवेट लिमिटेड कांटीटांड, नियर टेंडर बगीचा, रातु, रांची - 835222 झारखंड से मुद्रित। **संपादकः** निभा रंजन सुमन **रिपोर्टिंग-** 70337 77771 **विज्ञापन-** 9546277001, मनोज कुमार कपरदारः 977117 7585, फोन नंबर 0651 2913184 ईमेल : rexpressadvt@gmail.com, ranchiexpresshindi@ gmail.com(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) सभी प्रकार के विवादों का निपटारा रांची व्यवहार न्यायालय के क्षेत्राधिकार के अधीन किया जाएगा। आर एन आई नं. 4244/ 63